आषाढ़ कृष्ण पक्ष अष्टमी 11:55 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2082
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 19 जून 2025
वर्ष 3, अंक 305, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या | एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



ईरान बोला- कभी नहीं करेंगे आत्मसमर्पण 14
कॉरपोरेट क्षेत्र आर्थिक वृद्धि का स्तंभ 12

# भारत का पड़ोस आतंकवाद का प्रजनन स्थल, इससे आंखें न मूंदें : मोदी

## जी-7 सम्मेलन : आतंकी गतिविधियों को समर्थन देने के लिए प्रधानमंत्री ने पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई की बात उठाई

कनैनिस्किस (कनाडा), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 नेताओं से कहा कि भारत का पड़ोस आतंकवाद का प्रजनन स्थल बन गया है और इस चुनौती से आंखें मूंदना मानवता के साथ विश्वासघात होगा। उन्होंने सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को समर्थन देने के लिए पाकिस्तान पर कार्रवाई की मांग की।

यहां जी-7 संपर्क सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुआ हमला प्रत्येक भारतीय की आत्मा, पहचान और गरिमा पर सीधा हमला था। उन्होंने कहा कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले किसी भी देश को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उसे इसकी कीमत चुकानी चाहिए। आतंकवाद से निपटने में दोहरे मानदंडों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए, तथा उन्होंने सवाल किया कि क्या आतंक फैलाने वालों और इससे पीड़ित लोगों को एक ही तराजू पर तौला जाना चाहिए। मोदी मंगलवार को ऊर्जा सुरक्षा पर जी-7 संपर्क सत्र को संबोधित कर रहे थे।

मोदी ने कहा, आतंकवाद मानवता का दुश्मन है। यह लोकतांत्रिक मूल्यों को कायम रखने वाले सभी देशों के विरोध में खड़ा है। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुटता जरूरी है। प्रधानमंत्री ने कहा, वैश्विक शांति और समृद्धि के लिए हमारी सोच और हमारी नीतियां अत्यंत स्पष्ट होनी चाहिए - जो भी देश आतंकवाद का समर्थन करता है, उसे जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए और उसकी कीमत चुकानी चाहिए। मोदी ने कहा कि वास्तविकता इसके बिल्कुल विपरीत है। एक तरफ हम अपनी प्राथमिकता के आधार पर हर तरह के प्रतिबंध लगाने में जल्दबाजी करते हैं। दूसरी तरफ, जो देश खुले तौर पर आतंकवाद का समर्थन करते हैं, उन्हें पुरस्कृत किया जाता है। मोदी ने कुछ प्रश्न भी पूछे। उन्होंने पूछा, क्या हम वाकई आतंकवाद से निपटने के लिए गंभीर हैं? क्या हम आतंक का सही मतलब तभी समझ पाएंगे जब वह हमारे दरवाज़े पर दस्तक देगा?

उन्होंने पूछा, क्या आतंक फैलाने वालों और इससे पीड़ित लोगों को एक ही तराजू पर तौला जा सकता है? क्या वैश्विक संस्थाओं पर विश्वसनीयता खोने का खतरा है? आतंक से निपटने के लिए निर्णायक वैश्विक कार्रवाई का आह्वान किया।

### मेलोनी ने मोदी के साथ तस्वीर की साझा

**कनाडा।** जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए कनाडा पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी ने इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी से मुलाकात की। मेलोनी ने मोदी के साथ एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की और कहा कि भारत और इटली गहरी दोस्ती से जुड़े हैं। मेलोनी ने पीएम मोदी को बेस्ट बताते हुए उनकी तरह बनने की इच्छा जताई।



कनाडा में जी-7 सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी से साथ सेल्फी लेतीं इटली की पीएम मेलोनी।

### भारत-कनाडा उच्चायुक्तों की नियुक्ति पर सहमत, संबंधों में स्थिरता होगी बहाल

**नई दिल्ली/कनाडा।** प्रधानमंत्री मोदी और कनाडा में उनके समकक्ष मार्क कार्नी ने भारत-कनाडा संबंधों में स्थिरता बहाल करने के लिए रचनात्मक कदम उठाने पर सहमति जताई है, जिसमें दोनों देशों की राजधानियों में उच्चायुक्तों की जल्द बहाली शामिल है, जो तनावपूर्ण संबंधों को सुधारने के उनके इरादे का संकेत है। मोदी और कार्नी ने द्विपक्षीय वार्ता की, जिसमें संबंधों को फिर से बहाल करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कनाडा में एक खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या को लेकर दोनों देशों के बीच राजनयिक विवाद से द्विपक्षीय संबंध अब तक के सबसे निचले स्तर पर पहुंच गये थे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने वरिष्ठ मंत्रिस्तरीय तथा कार्य-स्तरीय संवाद को फिर से शुरू करने के महत्व को भी रेखांकित किया।

# ट्रंप को दो टूक, मध्यस्थता स्वीकार नहीं पाकिस्तान के अनुरोध पर रोका था युद्ध

## प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति का दावा किया खारिज, दोनों नेताओं में फोन पर 35 मिनट हुई बात

कनैनिस्किस (कनाडा), एजेंसी

- कहा- भारत आतंकवाद को छद्म युद्ध नहीं बल्कि युद्ध के ही रूप में देखता है
- कनाडा से लौटते वक्त अमेरिका आने के ट्रंप के अनुरोध को मोदी ने नकारा



प्रधानमंत्री मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप। (फाइल)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पाकिस्तान के साथ संघर्ष रोकने में मध्यस्थता की भूमिका निभाने के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को खारिज करते हुए उन्हें बताया कि भारत और पाकिस्तान ने बिना किसी मध्यस्थता के अपनी सेनाओं के बीच सीधी बातचीत के बाद पिछले महीने सैन्य कार्रवाई रोकी थी।

विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने बताया कि ट्रंप के साथ मंगलवार को फोन पर करीब 35 मिनट तक हुई बातचीत में मोदी ने साफ तौर पर कहा कि भारत मध्यस्थता स्वीकार नहीं करता है और न कभी स्वीकार करेगा। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद के अनुरोध पर सैन्य कार्रवाई रोकने पर भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बीच बातचीत शुरू हुई थी। मिसरी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने यह भी कहा कि भारत अब आतंकवाद को छद्म युद्ध के रूप में नहीं, बल्कि एक युद्ध के ही रूप में देखता है और भारत का ऑपरेशन सिंदूर अब भी जारी है। भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की सबसे पहले घोषणा अमेरिकी राष्ट्रपति ने 10 मई को की थी। इसके बाद से ट्रंप दावा करते आ रहे हैं कि उन्होंने संघर्ष रोकने पर सहमत न होने पर दोनों देशों के साथ व्यापार रोकने की धमकी देकर संघर्ष विराम समझौते में मध्यस्थता की। मोदी ने पूर्व प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए कनाडा से लौटते वक्त अमेरिका आने के ट्रंप के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया। मोदी और ट्रंप का जी7 शिखर सम्मेलन से इतर मुलाकात का कार्यक्रम था लेकिन ट्रंप के शिखर सम्मेलन से समय से पहले विदा लेने से यह बैठक नहीं हो पाई। दोनों नेताओं ने फोन पर बातचीत की, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच सात से 10 मई के बीच हुए सैन्य संघर्ष पर प्रमुखता से बात की गई। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति ट्रंप को स्पष्ट रूप से बताया कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान किसी भी स्तर पर भारत-अमेरिका व्यापार समझौते या भारत और पाकिस्तान के बीच अमेरिका द्वारा मध्यस्थता के किसी प्रस्ताव पर कोई चर्चा नहीं हुई। मोदी-ट्रंप बातचीत की अहम बातें साझा करते हुए उन्होंने बताया, सैन्य कार्रवाई रोकने पर चर्चा भारत और पाकिस्तान के सशस्त्र बलों के मौजूदा संचार चैनलों के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से हुई और इसे पाकिस्तान के अनुरोध पर किया गया।

### ट्रंप को दी जानकारी पाकिस्तानी हमले को लेकर जेडी वेंस का आया था फोन

विदेश सचिव के अनुसार मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को बताया कि भारत ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर और पाकिस्तान में केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया था। उन्होंने कहा कि भारत की कार्रवाई नपी-तुली, सटीक तथा तनाव को और बढ़ावा नहीं देने वाली थी। मिसरी ने कहा, 9 मई की रात को उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने प्रधानमंत्री मोदी को फोन किया था। वेंस ने बताया था कि पाकिस्तान भारत पर एक बड़ा हमला कर सकता है। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें साफ-साफ कहा था कि अगर ऐसा कोई हमला होता है तो भारत और कड़ा जवाब देगा। मोदी ने फोन पर बातचीत में कहा, भारत ने 9-10 मई की रात को पाकिस्तान के हमले का कड़ा जवाब दिया, जिससे पाकिस्तानी सेना को भारी नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा, उनके हवाई अड्डों को निष्क्रिय कर दिया गया।

### ट्रंप ने क्वाड सम्मेलन में भारत आने का मोदी का निमंत्रण स्वीकारा

प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को अगले क्वाड शिखर सम्मेलन के लिए भारत आने का न्यौता दिया। राष्ट्रपति ट्रंप ने न्यौता स्वीकार कर लिया और कहा कि वह भारत आने के लिए उत्सुक हैं। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान के नियंत्रण वाले क्षेत्रों में आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाते हुए छह मई की रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया था। इन हमलों के कारण चार दिन तक सैन्य संघर्ष हुआ, जो 10 मई को सैन्य कार्रवाई रोकने पर सहमति के साथ समाप्त हुआ। भारत का कहना है कि उसकी कड़ी प्रतिक्रिया के कारण ही पाकिस्तान को सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए अनुरोध करना पड़ा।

## संभल हिंसा मामले में 1100 पेज का आरोप पत्र दाखिल

# सांसद बर्क व जामा मस्जिद सदर सहित 23 पर चार्जशीट

कार्यालय संवाददाता, संभल/चंदौसी



सांसद जियाउर्रहमान बर्क।

- 12 में से 11 मुकदमों में पुलिस ने दाखिल कर दी चार्जशीट, विधायक पुत्र को दी क्लीन चिट
- जामा मस्जिद सदर जफर अली सहित 92 लोगों को गिरफ्तार कर भेजा जा चुका जेल

**अमृत विचार:** संभल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले को लेकर दर्ज एक और मुकदमे में पुलिस ने सांसद जियाउर्रहमान बर्क के साथ ही जामा मस्जिद सदर जफर अली सहित 23 लोगों के खिलाफ 1100 पेज की चार्जशीट अदालत में दाखिल की है। बड़ी बात यह है कि इस मुकदमे में नामजद आरोपी सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल को क्लीन चिट दे दी गई है।

संभल में 24 नवंबर को अदालत के आदेश पर जामा मस्जिद में सर्वे के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी। पथराव फायरिंग व आगजनी की घटनाओं में चार लोगों की मौत हुई थी। पुलिस प्रशासनिक अमले के 29 लोग पथराव व गोली लगने से घायल हुए थे।

पुलिस की तरफ से कई मुकदमे दर्ज किए गए थे। सरथल पुलिस चौकी प्रभारी दीपक राठी ने अपराध संख्या 335 के तहत सांसद जियाउर्रहमान बर्क व सपा विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल को नामजद करने के साथ ही 700- 800 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। इस मुकदमे में चौकी प्रभारी ने 24 नवंबर की हिंसा का जिक्र करने के साथ ही 22 नवंबर को सांसद जियाउर्रहमान बर्क द्वारा जामा मस्जिद पर नमाज अदा करने के बाद बिना प्रशासनिक अनुमति भीड़ इकट्ठी कर राजनीतिक लाभ लेने के लिए सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने और भीड़ को उग्र करने का भी आरोप लगाया था। विधायक इकबाल महमूद के बेटे सुहेल इकबाल पर भी आरोप था कि उन्होंने यह कह कर भीड़ को उकसाया कि जियाउर्रहमान बर्क हमारे साथ हैं। हम लोग भी तुम्हारे साथ हैं, हम तुम्हारा कुछ नहीं होने देंगे, अपने मंसूबों को पूरा करो। इसी वजह से भीड़ उग्र हुई और हिंसा हो गई।

### सीओ अनुज पर की गई थी फायरिंग

इस मुकदमे में 24 नवंबर को भीड़ द्वारा अदालत के आदेश पर हो रही सर्वे की कार्रवाई में बाधा डालने, पुलिस पर पत्थरबाजी करने, तोड़फोड़ के साथ ही पुलिस व अन्य लोगों के वाहनों को आग के हवाले कर सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने जैसे आरोप भी थे। उपद्रवियों द्वारा सीओ अनुज कुमार चौधरी पर जान से मारने की नीयत से फायर करने की बात भी कही गई थी। कहा गया था कि सीओ के दाहिने पैर में गोली लगी। जांच में पता चला कि सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने दूर रहकर लोगों को हिंसा के लिए उकसाया।

# प्रदेश में मानसून ने किया प्रवेश, भारी बारिश की चेतावनी

- मानसून ने सोनभद्र से ली एंट्री, फिलहाल 30 से अधिक जिलों में सक्रिय रहेगा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश में रहने वालों को अब भारी बारिश को लेकर तैयार हो जाना चाहिए। प्रदेश में मानसून बुधवार को प्रवेश कर गया है। मानसून ने सोनभद्र एंट्री से ली है इसके बाद वाराणसी बारिश से सराबोर होगा। इस बीच मिर्जापुर समेत तराई के कुल 15 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी मौसम विभाग ने जारी कर दी है। वहीं, पूर्वी उप्र. के 22 जिलों में गरज चमक के साथ वज्रपात की आशंका भी जतायी गई है।

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को दक्षिण-पश्चिम मानसून पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ चुका है। मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक, मानसून के आने से सबसे पहले सोनभद्र, गाजीपुर और वाराणसी जैसे पूर्वी जिलों में बारिश शुरू हो चुकी है। बंगाल की खाड़ी और अरब सागर में बने दो लो-प्रेशर सिस्टम शीघ्र ही एक साथ मिल सकते हैं जिससे मानसून और अधिक सक्रिय हो जाएगा। यह मानसूनी दौर पूर्वी उप्र. से शुरू होकर तराई, मध्य और बुंदेलखंड क्षेत्र तक पहुंचेगा और अगले चार से पांच दिनों तक जारी रहने की उम्मीद है। चार साल बाद समय पर मानसून उत्तर प्रदेश में आया है, जो झमाझम बारिश कराएगा। अभी 30 से अधिक जिलों में मानसून सक्रिय रहेगा, कुछ दिन में लखनऊ समेत पूरे प्रदेश को घेर लेगा।

### इन जिलों में होगी बारिश

मौसम विभाग के अनुसार, सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली, वाराणसी, भदोही, गाजीपुर, बलिया, देवरिया, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर और श्रावस्ती सहित कई इलाकों में भारी वर्षा की संभावना है। इसके साथ ही 19-20 जून को प्रदेश के कई जिलों में तेज बारिश के साथ गरज-चमक और बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है।

### यहां ऑरेंज अलर्ट

मौसम विभाग ने प्रयागराज, आजमगढ़, मऊ, संत कबीर नगर, बस्ती, गोंडा, बहराइच समेत कुल 22 जिलों के लिए बिजली गिरने और तेज बादल गरजने की चेतावनी देते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है। बांदा, चित्रकूट, कौशांबी और प्रयागराज जैसे क्षेत्रों में तेज रफ्तार से हवाएं चलने की आशंका है।

# पुलिया से टकरा आग का गोला बनी कार, 5 जिंदा जले

संवाददाता, सहसवान (बदायूं)

- बदायूं से दिल्ली जाते समय जहांगीराबाद और अनूपशहर के बीच हुआ हादसा
- एक युवती गंभीर रूप से झुलसी, अस्पताल में चल रहा इलाज



**अमृत विचार :** दिल्ली जाते समय बुलंदशहर जिले में चलती कार अनियंत्रित होकर पुलिया से टकराकर खंती में जा गिरी और उसमें आग लग गई। कार सवारों को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। इस हादसे में कार सवार बच्चे समेत पांच की जलकर मौत हो गई, जबकि एक युवती गंभीर रूप से झुलस गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दमकलकर्मियों की मदद से आग बुझाकर सभी को बाहर निकाला। झुलसी युवती का इलाज चल रहा है।

कोतवाली सहसवान क्षेत्र के गांव चमरपुरा निवासी तनजील अहमद उर्फ लल्ला (30) पुत्र तनवीर अहमद दिल्ली में रहकर निजी कंपनी में नौकरी करते थे। वह अपने परिवार के साथ दिल्ली के मालवीय नगर में रहते थे। 16 जून को तनजील अहमद के चाचा अलीम के निकाह में शामिल होने 15 जून को परिवार के साथ दिल्ली से आए थे। बुधवार सुबह 4 बजे कार से अपनी पत्नी निदा (25), बहन मोमिना (30) व उनके पति गांव खैरपुर खल्ली निवासी जुबैर (30) पुत्र औसाद अली, दो साल के बेटे जैनुल, अविवाहित बहन गुलनाज उर्फ गुल्लो के साथ दिल्ली के लिए निकले थे। बुलंदशहर में जहांगीराबाद से अनूपशहर के बीच जानीपुर तिराहे पर कार अनियंत्रित हो गई और पुलिया से टकराकर पास के खंती में जा गिरी। हादसा देखकर आसपास मौजूद लोग दौड़कर पहुंचे। कार में पीछे की सीट पर बैठी गुलनाज को शीशा तोड़कर निकाला, लेकिन अचानक कार में आग लग गई। तेज लपटें उठने लगीं। लोग दूर भाग गए, जिसके चलते अन्य कार सवार बाहर नहीं निकाले जा सके और कार में ही जिंदा जल गए।

सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, लेकिन कार की तेज लपटों की वजह से किसी ने पास जाने की जहमत नहीं उठाई। दमकल कर्मियों ने पहुंचकर आग बुझाई। कार सवारों को बाहर निकाला गया। तंजीर अहमद, निदा, गुड्डो, जुबैर अली, जैनुल के शव पूरी तरह से जल गए थे। पुलिस ने उनकी परिजनों को सूचना दी।

# आम से भरा वाहन डिवाइडर से टकराकर पलटा, 4 की मौत

आगरा , एजेंसी

- आगरा में हुआ भीषण सड़क हादसा, एक की हालत गंभीर



आगरा में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर बुधवार की सुबह आम से भरा एक लोडर वाहन फ्लाईओवर पर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। सहायक पुलिस आयुक्त हेमंत कुमार के अनुसार, दुर्घटना सुबह करीब पांच बजे ट्रांस यमुना थाना क्षेत्र में हुई।

अधिकारी ने बताया कि फिरोजाबाद से आम लेकर जा रहा लोडर वाहन फ्लाईओवर पर चढ़ते समय नियंत्रण खो बैठा और डिवाइडर से जा टकराया। वाहन किनारे से फिसला और ऊंचाई से नीचे गिर गया। फ्लाईओवर के नीचे तीन लोग - राजेश (65), रामेश्वर (60) और हरिबाबू (63) सुबह की सैर के बाद बैठे थे, वाहन उनके ऊपर गिर गया, जिससे तीनों की मौके पर ही मौत हो गई।

# मतदाताओं को अब 15 दिनों के भीतर मिलेंगे पहचान पत्र

**नई दिल्ली/ लखनऊ।** निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदाता पहचान पत्र अब 15 दिनों के भीतर मतदाताओं तक पहुंचा दिए जाएंगे, इनमें नया नामांकन या मौजूदा मतदाता के किसी विवरण में बदलाव शामिल है।

यह पहल मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए ईसीआई द्वारा किए जा रहे विभिन्न उपायों के अनुरूप है। नई प्रणाली में ईआरओ द्वारा एपिक बनाने से लेकर डाक विभाग के माध्यम से मतदाता को एपिक की डिलीवरी तक प्रत्येक चरण की वास्तविक समय पर ट्रैकिंग सुनिश्चित करेगी।

इस कवायद में मतदाताओं को प्रत्येक चरण पर एसएमएस के माध्यम से सूचनाएं प्राप्त होंगी, जिससे उन्हें उनके मतदाता पहचान पत्र की स्थिति के बारे में जानकारी मिलती रहेगी। इस उद्देश्य के लिए ईसीआई ने अपने हाल ही में लॉन्च किए गए ईसीआईनेट प्लेटफ़ॉर्म पर एक समर्पित आईटी मॉड्यूल पेश किया है।

# 3000 रुपये में एक साल के लिए फास्टैग पास

## निजी गाड़ियां 200 बार टोल क्रॉस कर सकेंगी, सरकार 15 अगस्त से वार्षिक पास करेगी शुरू

नई दिल्ली, एजेंसी



केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि सरकार निजी वाहनों के लिए फास्टैग आधारित वार्षिक पास पेश करेगी, जिसकी कीमत 3,000 रुपये होगी। उन्होंने कहा कि यह 15 अगस्त से प्रभावी होगा जिससे राजमार्गों पर बिना किसी परेशानी के यात्रा करना संभव हो पाएगा।

गडकरी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जानकारी दी कि यह पास चालू होने की तारीख से एक साल या 200 यात्रा के लिए (जो भी पहले हो) वैध होगा। इसे खास तौर पर गैर-वाणिज्यिक निजी वाहनों जैसे कार, जीप और वैन के लिए तैयार किया गया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने कहा कि वार्षिक पास से देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों पर निर्बाध एवं लागत प्रभावी यात्रा संभव हो सकेगी। इसके लिए एक लिंक जल्द ही राजमार्ग यात्रा एप के साथ-साथ एनएचएआई और सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।

### एनएच व राज्य हाईवे में अंतर

जो हाईवे या सड़क एक राज्य से दूसरे राज्य को जोड़ते हैं, वो नेशनल हाईवे कहलाते हैं। इनके माइलस्टोन पर पीले रंग की पट्टी लगी होती है। राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क भारत के हर प्रमुख शहर को जोड़ती है। चाहे बंदरगाह, राज्यों की राजधानी हो। जो सड़क राज्य के एक जिले को दूसरे जिले से जोड़े उसे राज्य हाईवे कहते हैं। इनके माइलस्टोन पर हरे रंग की पट्टी होती है। अधिकतर दो लेन में होते हैं।

### लंबे समय से चली आ रही चिंताएं होंगी दूर



गडकरी ने कहा कि यह नीति किमी के दायरे में स्थित टोल प्लाजा के बारे में लंबे समय से चली आ रही चिंताओं को दूर करती है और एकल, किफायती लेनदेन के माध्यम से टोल भुगतान को सरल बनाती है। प्रतीक्षा समय, भीड़भाड़ कम करके तथा टोल प्लाजा पर विवादों को न्यूनतम करके इस वार्षिक पास का उद्देश्य लाखों निजी वाहन मालिकों को तीव्र एवं सुगम यात्रा का अनुभव प्रदान करना है।

## एक नजर

### पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक करें आवेदन

**अयोध्या, अमृत विचार :** वित्तीय साल 2025-26 में तीन दिसम्बर को विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग से विभिन्न श्रेणी के राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं। इसको लेकर आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने बताया कि राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए कई श्रेणियां निर्धारित की गई है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कार्यालय से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए आवेदन-पत्र कार्यालय में 31 जुलाई तक अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।

### बदलेगा आन्दोलन का स्वरुप देंगे भूख हड़ताल का नोटिस

**अयोध्या, अमृत विचार :** निष्कासित किए गए निविदा संविदा कर्मियों का मुख्य अभियंता कार्यालय परिसर में चल रहा धरना बुधवार को भी जारी रहा। अब विद्युत मजदूर पंचायत आन्दोलन का स्वरुप बदलने जा रहा है। अब विद्युत मजदूर आंदोलन के लिए हर तरीके से तैयार हैं। प्रांतीय उपमंत्री रघुवंश मिश्रा ने बताया कि गुरुवार को होने वाली महत्वपूर्ण बैठक में भूख हड़ताल का नोटिस दिए जाने का निर्णय लिया जा सकता है। धरने का संचालन अध्यक्ष जय गोविंद ने किया। विरोध सभा को प्राविधिक संघ के नेता विजय प्रताप सिंह ने भी सबोधित किया। धरने पर बड़ी संख्या में बिजली कर्मी शामिल रहे।

# राममंदिर क्षेत्र के तीन इलाकों में 28 घंटे गुल रही बिजली

## श्रद्धालुओं, होम स्टे व होटल संचालकों को हुई परेशानी

अयोध्या कार्यालय



राजेन्द्र नगर में ट्रांसफार्मर की मरम्मत करते बिजली कर्मी।

**अमृत विचार :** राममंदिर से क्षेत्र पाजीटोला, रामनगर और जलवानपुरा कोटिया क्षेत्र में 28 घंटे से बिजली गुल रही। इससे स्थानीय लोगों, धर्मशाला, होम स्टे और होटल संचालकों के साथ-साथ श्रद्धालुओं को भी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

लोगों का आरोप है कि पहले से भी बुरा हाल हो गया है। बिजली आने-जाने का कोई निश्चित समय नहीं है। शिकायत के निराकरण के लिए एसडीओ तक को फोन किया गया, लेकिन किसी ने रिसीव नहीं किया। कुटिया निवासी राहुल पांडेय ने बताया कि कई दिनों से घंटे भर भी बिजली नहीं रहती। दो दिन से बिजली गुल है। बिजली क्यों नहीं आ रही, कब तक आएगी, बताने वाला कोई नहीं है। न ही अधिकारी फोन उठा रहे हैं न लाइनमैन। स्थानीय निवासी हरिनंदन न कहा कि मंगलवार को सुबह लगभग 7 बजे बिजली चली गई थी, जो पूरे दिन व पूरी रात गुल रही। लोग परेशान रहे। घर के बाहर बिस्तर लगाकर रात गुजारी गई। अनूप कुमार ने बताया कि लाइट की समस्या बहुत ही बुरी स्थिति में है। बगल में स्थित राम मंदिर का गेट होने के बावजूद 28 घंटे से बिजली नहीं है। लोग गर्मी से बेहाल हैं।

> तकनीकि दिक्कत के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हुई। रात को ही समस्या दूर कर आपूर्ति सुचारू कर दी गई। सभी का फोन रिसीव किया जाता है। **-नवनीत सिंह, एसडीओ अयोध्या।**

## बिजली के खुले बॉक्स दे रहे हादसे को न्योता

**रामनगरी में अंडरग्राउंड विद्युतीकरण के दौरान हर चार-पांच घर के बीच में लगाए गए बॉक्स**

अयोध्या कार्यालय



रामपथ पर सेंट्रल बैंक के पांस खुला हुआ बिजली का बॉक्स।



रायगंज में टूटा पड़ा हुआ बिजली का बॉक्स



रायगंज इलाके में लगे बिजली के खंभे व लटक रही केबलें।

**अमृत विचार :** रामनगरी में अंडरग्राउंड विद्युतीकरण के दौरान लगाए गए बिजली के बॉक्स में सैकड़ों के ढक्कन गायब गायब हो गए हैं। कई स्थानों पर बॉक्स के अंदर से तार बाहर निकल आए हैं। कई स्थानों पर बिजली के खंभें व उस पर लगी मोटी केबल को हटाया नहीं गया है। श्रद्धालुओं से हमेशा भरा रहने वाला रायगंज-रेलवे स्टेशन मार्ग पर इन खंभों पर लगी मोटी-मोटी केबलें सड़क को छू रही हैं। जो हादसे को न्योता दे रहे हैं। बारिश के दौरान कभी भी अप्रिय घटना घटने की संभावना है।

रामनगरी में प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व अंडरग्राउंड विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया था। सभी इलाकों में चार-पांच घरों व दुकानों के बीच में एक बॉक्स लगाया गया है, जिससे कनेक्शन दिया गया है। शुरूआत में इन बॉक्सों पर ढक्कन व कुंडी आदि लगी हुई तो जो अधिकांश जगहों पर टूट गई हैं। जिससे यह बॉक्स खुल गए हैं। इनमें से बिजली के तार बाहर निकल आए हैं। रामपथ पर बने फुटपॉथ पर कई जगह लगे बॉक्स खुले हुए हैं, जबकि इन पर चौबीस घंटे श्रद्धालुओं का आना जाना होता है। श्रृंगार हाट स्थित सेंट्रल बैंक के सामने एक बॉक्स से निकले तारों को देखकर ही डर लगता है। वहीं, रायगंज, कनीगंज, स्वर्गद्वार, कटरा, बरवारी टोला, कैथाना आदि पर सैकड़ों की संख्या में बॉक्स खुले हुए हैं। व्यापारी देवानंद, राकेश गुप्त, हर्ष वैश्य, शक्ति जायसवाल समेत अन्य का कहना है कि बारिश के दिन शुरू हो गए हैं, ऐसे में यदी इन्हें ठीक नहीं कराया गया तो कभी भी अनहोनी घट सकती है।

> बिजली बॉक्स को जल्द ही दुरूस्त कराया जाएगा। निष्प्रयोज्य पड़े बिजली के खंभे व केबलों को हटाने के लिए लिखा पढ़ी की गई है। सावन मेले से पहले इसे ठीक कर लिया जाएगा। **-नवनीत सिंह, एसडीओ अयोध्या।**



बिजली संकट के विरोध में प्रदर्शन कर नायब तहसीलदार को ज्ञापन देते आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी।

## जिले और प्रदेश में बिजली व्यवस्था बदहाल : अनिल

**बिजली संकट पर आप का हल्ला बोल, प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन**

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अभूतपूर्व बिजली संकट के विरोध में आम आदमी पार्टी ने बुधवार को हल्ला बोला। स्थानीय गांधी पार्क में प्रदर्शन कर नायब तहसीलदार दुर्गा प्रसाद शुक्ल को ज्ञापन सौंपा। आक्रोशित पदाधिकारियों ने बिजली संकट को लेकर सरकार और पॉवर कॉर्पोरेशन के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया। प्रदेश प्रवक्ता एवं जिला प्रभारी संजीव निगम ने कहा कि प्रदेश में लगातार महंगी हो रही बिजली और उस पर कटौती की मार झेल रही जनता सरकार से पूरी तरह त्रस्त हो चुकी है। चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में घंटों बिजली कटौती से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। जिला अध्यक्ष अनिल प्रजापति ने कहा कि किसानों को भी बिजली कटौती के कारण अपनी फसलों की सिंचाई करने में परेशानी हो रही है। कहा कि यूपी में बिजली कटौती एक बड़ी समस्या है, लेकिन सरकार इस समस्या से निपटने के बजाए लगातार बिजली की दरों में वृद्धि के काम में लगी हुई है। विरोध प्रदर्शन में महानगर अध्यक्ष कुलभुषण साहू, मो. इसराइल घोसी, गुड़िया राईन, सत्य प्रकाश मौर्य, रघुनाथ प्रताप, दिलीप वर्मा सहित अन्य शामिल रहे।

## पीडीए अखिलेश को बनाएगा प्रदेश का सत्ताधीश : लालजी



गोसाईगंज में आयोजित सपा की पीडीए सम्मेलन में मौजूद लोग।

**अयोध्या, अमृत विचार।** पीडीए की एकजुटता से ज़ाहिर है कि आगामी विधानसभा चुनाव में पीडीए अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का सत्ताधीश बनाएगा। महंगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार से ऊब चुकी जनता अब प्रदेश में परिवर्तन करने को तैयार है। यह बातें अंबेडकरनगर के सांसद लालजी वर्मा ने कहीं। वह बुधवार को सपा द्वारा गोसाईगंज विधानसभा के कोछा बाजार में आयोजित पीडीए पंचायत को संबोधित कर रहे थे। जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव ने कहा कि भाजपा सरकार बाबा साहब के संविधान को खत्म करना चाहती है। सभी को इस बात का संकल्प लेना कि संविधान की रक्षा के लिए 2027 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गया प्रसाद यादव व संचालन सुरेंद्र कुमार ने किया। इस अवसर पर राजेश पटेल, सियाराम निषाद, रामसंवारे, रवींद्र यादव, हेमंत कुमार, जगन्नाथ प्रजापति समेत अन्य मौजूद रहे।

## साइबर अपराधियों ने उड़ाए 1.54 लाख

**हैदरगंज, अयोध्या। अमृत विचारः** साइबर अपराधियों ने महिला के बैंक खाते से 1.54 लाख रूपये साफ कर दिये। थाना हैदरगंज क्षेत्र की पीड़ित शोभावती पत्नी सुरेंद्र कुमार निवासी गरौली ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका बैंक ऑफ़ बड़ौदा हैदरगंज में बैंक खाता संचालित है। साइबर अपराधियों ने 11 से 14 जून के बीच विभिन्न समयों में बैंक खाते से पैसा निकाल लिया। इसकी 16 जून को जानकारी होने पर हैदरगंज बाजार स्थित बैंक में जाकर स्टेटमेंट निकलवाया तो डीबीएस बैंक चंडीगढ़ और अन्य जगहों के बैंक का जिक्र है। जहां पर साइबर अपराधियों ने धन आहरित किया है। थानाध्यक्ष विवेक राय ने बताया कि जांच कर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

## किसान दिवस में उठे सम्मान निधि, बिजली सहित अन्य मुद्दे

अयोध्या कार्यालय



कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक लेते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे।

**अमृत विचारः** किसान दिवस की बैठक में बुधवार को किसानों को मिलने वाली सम्मान निधि, बिजली के साथ अन्य समस्याएं उठीं। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे ने किसानों की समस्याओं को सुना। विभागों को इसे प्राथमिकता से हल करने का निर्देश दिया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में डीएम ने किसानों से पिछले किसान दिवस में उठाई गई समस्याओं पर चर्चा की। इसमें विद्युत विभाग के बिंदु पर डीएम ने निर्देश दिया कि बिंदुवार जांच करके आख्या भेजें। अमानीगंज के किसान से किसान सम्मान निधि को लेकर शिकायत की कि सम्मान निधि नहीं आ रही है। इस पर उप कृषि निदेशक ने बताया कि संबंधित किसान का दो पंजीकरण है। इसमें आठ किस्त गई। एक पंजीकरण पर आया हुआ पैसा वापस करने के बाद पैसा आएगा। बैठक में किसानों ने जिले में बंद पड़े नलकूपों की जानकारी दी। डीएम ने संबंधित विभाग को निर्देश दिया कि समय से नलकूपों को सही करा दिया जाए। किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर व गुणवत्तायुक्त समयबद्ध निस्तारण का निर्देश दिया। किसान दिवस में किसानों के साथ सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह, कृषि, उद्यान, विद्युत, गन्ना, सिंचाई, नलकूप, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी आदि के अधिकारी मौजूद रहे।

**डीएम ने सुनी किसानों की समस्या, विभागों को दिया निर्देश**

## सार-संक्षेप

### बैठक में सभी एफपीओ बिजनेस प्लान के साथ आएं

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी निखिल टी. फुंडे ने कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) की समीक्षा की। उन्होंने सभी एफपीओ से कहा कि अगली बैठक में सभी आएं। साथ ही अपना बिजनेस प्लान लेकर आएं। उप कृषि निदेशक ने बताया कि जिले में कुल 44 एफपीओ शक्ति पोर्टल पर रजिस्टर है। इसमें से 27 एफपीओ क्रियाशील है। डीएम ने निर्देश दिया कि एफपीओ कॉमर्शियल बनाया जाए, निजी न समझा जाए। कहा कि सभी सचिव को अपने एक उत्पाद पर कार्य करना चाहिए। समीक्षा में मिल्कीपुर फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी मिल्कीपुर, शिवेंद्र फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी पूरा बाजार, शेरवाघाट फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी मयाबाजार, हरिंगटनगंज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड हरिंगटनगंज सहित अन्य मौजूद रहे।

### इंजीनियरों ने डीएम आजमगढ़ के खिलाफ किया प्रदर्शन



सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन संघ के पदाधिकारी।

**अयोध्या, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश इंजीनियर्स एसोसिएशन के कर्मचारियों ने आजमगढ़ के डीएम रविंद्र कुमार के खिलाफ बुधवार को बांह में काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन और नारेबाजी की। मुख्यमंत्री को संबोधित तीन सूत्री ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार मिश्र को सौंपा। इंजीनियरों ने अखिल भारतीय सेवा आचरण नियमावली के तहत डीएम रविंद्र कुमार को बर्खास्त किए जाने, डीएम आजमगढ़ के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की। कहा कि इससे पूर्व रविंद्र कुमार द्वितीय जहां-जहां कार्यरत रहे, कर्मचारियों के प्रति उनके व्यवहार एवं आचरण की एक उच्च स्तरीय समिति गठित करके जांच कराई जाए। आजमगढ़ के डीएम रविंद्र कुमार द्वितीय पर सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता के साथ बदसलूकी व जानलेवा हमले का आरोप है। प्रदर्शन करने और ज्ञापन देने वालों में इं. अमित कुमार, अतुल कुमार मौर्य सहित विभिन्न विभागों के अभियंता शामिल थे।

### शिक्षक संघों ने बीएसए का किया सम्मान, दी विदाई



बीएसए संतोष कुमार को पुष्प गुच्छ भेंट करते प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री डॉ. चक्रवर्ती।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ और जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ की ओर से बुधवार को जिला बेसिक शिक्षा कार्यालय में बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय को सम्मानित कर विदाई दी। शासन ने उनका स्थानांतरण कर कानपुर का जिला विद्यालय निरीक्षक बनाया है। उन्होंने यहां 2 जुलाई 2022 को पदभार संभाला था। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलामंत्री डॉ. चक्रवर्ती सिंह के नेतृत्व में निवर्तमान बीएसए संतोष कुमार राय को पुष्पगुच्छ व स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, ब्लॉक अध्यक्ष मिल्कीपुर मुकेश प्रताप सिंह, ब्लॉक मंत्री सोहावल समीर सिंह, मवई ब्लॉक मंत्री संजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष धीरज शुक्ला, ब्लॉक मंत्री तारून प्रवेश कुमार, ब्लॉक मंत्री बीकापुर रविंद्र गौतम, जिला प्रचारमंत्री धर्मवीर सिंह चौहान, जिला को-ऑडिटर सुशांत गौतम व राजेंद्र वर्मा, अजय भारत मौजूद रहे। वहीं जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ ने बीएसए का सम्मान माल्यार्पण, बुके, अंगवस्त्र, स्मृति चिह्न देकर किया। रीना मौर्या ने स्केचिंग चित्र भेंट किया गया। इस मौके पर मंडल महामंत्री धर्मेंद्र कुमार सिंह, प्रदेश प्रचार मंत्री सीपी यादव, जिलाध्यक्ष अरुण कुमार तिवारी, महानगर अध्यक्ष गोपाल कृष्ण श्रीवास्तव, महामंत्री चंद्रजीत यादव, मंत्री राकेश शुक्ल, महानगर महामंत्री मो. मेंहदी खान, वशिष्ठ उपाध्यक्ष कासिम मेंहदी, मंडल उपाध्यक्ष अरविंद कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की मांग

**रुदौली, अमृत विचार।** बार एसोसिएशन रुदौली के अध्यक्ष गोरखनाथ तिवारी व महामंत्री रविन्द्र तिवारी ने संयुक्त रूप से उपजिलाधिकारी रुदौली को पत्र लिखकर भेलसर-रुदौली मार्ग पर तहसील परिसर के मोड़ पर स्पीड ब्रेकर बनाए जाने की माँग की है। कहा कि स्पीड ब्रेकर बन जाने से दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। एसडीए अशोक कुमार सैनी ने बताया कि मांगपत्र पर कार्रवाई के लिए संबंधित को भेज दिया गया है।

### केंद्र व प्रदेश सरकार ने जनता को बुनियादी सुविधाओं से जोड़ा



पूराबाजार बच्चू लाल इंटर कॉलेज में चौपाल को संबोधित करते पूर्व सांसद लल्लू सिंह।

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि केंद्र की मोदी और प्रदेश में योगी सरकार ने जनता को बुनियादी सुविधाओं से जोड़ा। वह बुधवार को पूरा मंडल के बच्चू लाल इंटर कॉलेज में सरकार के 11 साल पूरा होने पर भाजपा से आयोजित विकसित भारत संकल्प चौपाल को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का संकल्प देश के 140 करोड़ लोगों का है। इसमें हर व्यक्ति की भूमिका अहम् है। हमारा लक्ष्य 2047 तक भारत को विश्व शक्ति के रूप में स्थापित करना है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह, महानगर उपाध्यक्ष रणधीर सिंह डब्लू, सुधीर सिंह मुन्ना, मंडल उपाध्यक्ष संतराम यादव, राम गोपाल माझी, बृजेश सिंह, रामसुख वर्मा, पूर्व प्रधान, संतोष सिंह, विवेक सिंह आदि मौजूद रहे।

## रामनगरी में गिरोह बनाकर काम कर रहे फोटोग्राफर

**राम की पैड़ी, लता चौक व सरयू घाट पर बड़ी संख्या में टहलते हैं**

**फोटो खींचने को लेकर मंगलवार को हुई मारपीट में दो गंभीर, केस दर्ज**

अयोध्या कार्यालय



राम की पैड़ी पर मारपीट करते फोटोग्राफर।

**अमृत विचार :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में श्रद्धालुओं से शुल्क लेकर फोटो खींचने का रोजगार भी फल फूल रहा है। सरयू घाट, लता चौक व राम की पैड़ी पर बड़ी संख्या में नवयुवक कैमरा टांगे घूमते दिखते हैं। इन फोटोग्राफरों को अपना गिरोह है, जो अलग-अलग जगहों पर कब्जा जमाए बैठे हैं। यदि इन जगह पर कोई दूसरा फोटोग्राफर पहुंच जाए तो उसे मारपीट कर भगा दिया जाता है। इसी गिरोह के कुछ लोगों ने मंगलवार को दो युवकों पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने एक नामजद व तीन अज्ञात पर केस दर्ज किया है।

घटना राम की पौड़ी की है। पर्यावरण के लिए कार्य करने वाले पीड़ित दीपक कुमार निवासी धमौर जनपद सुलतानपुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार को वह अपने गांव के शिवम तिवारी के साथ सरयू में स्नान करने के लिए आए थे। वहां पर एक श्रद्धालु ने अपने कैमरे से उनकी फोटो खींचने के लिए कहा। इस दौरान वहां मौजूद फोटोग्राफर सुखदेव तिवारी वहां पहुंच गया व फोटो खींचने पर आपत्ति जताई। जब हमने विरोध किया तो उसने अपने कुछ अन्य साथी फोटोग्राफरों को बुला लिया। सबने मिलकर हम पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोटे आईं। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधर पर सुखदेव व अज्ञात पर केस दर्जकर जांच की जा रही है।

## 5 स्टेज कैरिज, 6 टैंपों, ऑटो रिक्शा के नवीनीकरण परमिट स्वीकृत

**मंडलायुक्त की अध्यक्षता में हुई संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक**

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में बुधवार को आयुक्त सभागार में संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक हुई। इसमें पांच स्टेज कैरिज, छह टैंपों, ऑटो रिक्शा के नवीनीकरण परमिट स्वीकृत किए गए।

आरटीओ प्रशासन ऋतु सिंह ने पूर्व बैठक में लिए गए निर्णयों को पेश किया। जिस पर प्राधिकरण द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में मोटर गाड़ी अधिनियम, 1988 की धारा 72 के अन्तर्गत स्टेज कैरिज (मंजिली गाड़ी) के स्थायी परमिट के लिये वाहन स्वामियों द्वारा प्रस्तुत पांच आवेदन पर विचार करते हुए स्वीकृति प्रदान की गयी। साथ ही छह टैंपों-ऑटों के परमिट का नवीनीकरण किया गया। पूर्व बैठक में 18 वाहन स्वामियों को स्टेज कैरिज व एक को नगर बस सेवा का परमिट स्वीकृत किया गया था। आवेदकों द्वारा परमिट अभी तक प्राप्त नहीं किया गया है। सचिव को निर्देश दिए गए कि ऐसे समस्त आवेदकों को 15 जुलाई तक विलंब शुल्क जमा करके परमिट प्राप्त कर लें। अन्यथा इसके पश्चात स्वीकृति स्वतः निरस्त समझी जाएगी। संभावना जतायी गयी कि या तो उक्त वाहन अवैध संचालन कर रहे हैं या अन्य तरह की परमिट प्राप्त कर अपना वाहन संचालित कर रहे हैं। इसके लिए पुलिस, परिवहन आदि सभी चेकिंग अथॉरिटी से इसकी जांच के निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे, उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र) लखनऊ राधेश्याम समेत विभिन्न प्रकरणों व आवेदनों से संबंधित आपरेटर, वाहन स्वामी उपस्थित रहे।

**कवायद** निवेश को व्यवस्थित करने के लिए मास्टर प्लान पर फोकस

# मास्टर प्लान-दो को लेकर तरह-तरह की 800 आपत्तियां

**आवासीय व कॉमर्शियल किए जाने से जुड़ी ज्यादा आपत्तियां**

अयोध्या कार्यालय





**अमृत विचारः** अयोध्या बड़े शहर की ओर बढ़ रही है। निवेश आ रहे हैं। समय से इनको व्यवस्थित न किया गया तो न तो शहर का लुक अच्छा होगा और न ही निवेशक ठहरेंगे। इसके लिए मास्टर प्लान-दो तैयार किया जा रहा है। मास्टर प्लान पर तरह-तरह की 800 आपत्तियां आईं हैं। इनमें जमीन को आवासीय और कॉमर्शियल बनाए रखने संबधी आपत्तियां अपेक्षाकृत ज्यादा हैं। इनका निस्तारण किया जा रहा है।

अयोध्या शहर लगातार बढ़ रहा है। एडीए के फेज वन के मास्टर प्लान के बाहर भी तेजी से शहर का विस्तारीकरण हो रहा है। मास्टर प्लान न होने से निवेशकों को खासतौर से दिक्कत हो रही है। नक्शे पास होने में दिक्कत आई तो एडीए प्रशासन ने वैकल्पिक व्यवस्था भी की, लेकिन समस्या को पूरी तरह हल होना नहीं कहा जा सकता है। अयोध्या में हो रहे निवेश को साधने के लिए एडीए मास्टर प्लान-दो को तेजी से तैयार किए जाने की रणनीति पर है। साउथ एशिया प्राइवेट लिमिटेड नामक एजेंसी से जीआईएस के आधार पर मास्टर प्लान तैयार करके इसे आम लोगों के देखने के लिए चस्पा कर दिया, 24 मई तक आपत्तियां और सुझाव लिए गए। मास्टर प्लान-2 को लेकर अयोध्या विकास प्राधकिरण बोर्ड की बैठक 19 जून को प्रस्तावित है।

### मास्टर प्लान-2 में गोंडा और बस्ती के गांव शामिल

एडीए के मास्टर प्लान-2 में प्राधिकरण का पूरा क्षेत्र ले लिया गया है। इसका क्षेत्रफल कुल लगभग 873 वर्ग किमी. है। इसमें प्राधिकरण क्षेत्र में शामिल गोंडा, बस्ती के लगभग 189 गांव शामिल हैं। अयोध्या की नगर निगम अयोध्या, नगर पंचायत भदरसा, गोंडा की नगर पंचायत नवाबगंज क्षेत्र भी इसमें शामिल हैं।

### 133 वर्ग किमी का था मास्टर प्लान-एक

राम मंदिर में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद एडीए मास्टर प्लान-एक तैयार किया था। उस दौरान भी शहर में निर्माण का दौर था। सड़क, मकान, दुकान के लिए नक्शे को लेकर हलचल थी। अयोध्या विकास प्राधिकरण से लागू किए जा चुके मास्टर प्लान-एक का कुल क्षेत्रफल 133 वर्ग किमी. था। इसे 2031 में शहर की आबादी 14 लाख मान कर बनाया गया है। इसमें नगर निगम अयोध्या के साथ अयोध्या जिले के लगभग 65 गांव शामिल हैं। इनमें प्लान के अनुसार नक्शे पास किए जाने की प्रक्रिया है।

### प्लान-2 में गांवों से छेड़छाड़ नहीं

तैयार किए जा रहे मास्टर प्लान-2 की सीमा में पड़ने वाले गांवों को यथावत रखा गया है। एडीए के उपाध्यक्ष पांडेय ने बताया कि गांवों की आवासीय व्यवस्था, खेती किसानी आदि में कोई फेरबदल न करने का प्रयास रहा है।

### हाइवे के किनारे मानक को करनी पड़ रही मशक्कत

अयोध्या विकास प्राधिकरण क्षेत्र में छह हाईवे निकलते हैं। इनमें अयोध्या-लखनऊ, अयोध्या-रायबरेली, अयोध्या-प्रयागराज, अयोध्या- अकबरपुर, अयोध्या-गोंडा और अयोध्या-बस्ती हैं। इनके किनारे आवासीय और कॉमर्शियल बनाए रखने के लिए होड़ है। आपत्ति और सुझाव भी हैं। पर्यावरण को ग्रीन और इको फ्रेंडली बनाए रखने के लिए मानक सुरक्षित रखने में एडीए को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

> एडीए का मास्टर प्लान दो तैयार किया जा रहा है। ज्यादातर आपत्ति और सुझाव जमीन को आवासीय या कॉमर्शियल किए जाने से जुड़ी हैं। जहां तक संभव हो बेहतर निस्तारण का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही इसका निस्तारण करके अनुमोदन का प्रयास किया जा रहा है। जिससे निवेशकों के साथ आम लोगों को दिक्कत न हो। **-अश्विनी पांडेय, उपाध्यक्ष, अयोध्या विकास प्राधिकरण।**

## आग से झुलसी किशोरी ने तोड़ा दम, केस दर्ज

**अयोध्या कार्यालय।** थाना रामजन्मभूमि अंतर्गत एक इलाके में मंगलवार को आग से झुलसी किशोरी ने लखनऊ में इलाज के दौरान बुधवार को दम तोड़ दिया। किशोरी ने अपनी ऊपर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आग लगा ली थी। घरवालों की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज जांच शुरू कर दी है। उक्त किशोरी चार दिन पहले घर से नकदी आदि लेकर लापता हो गई थी। घरवालों ने लोक लाज के भय से केस न दर्ज कराते हुए पुलिस से किशोरी को ढूंढने की अपील की थी। इस पर पुलिस सोमवार को किशोरी को झांसी जिले से ढूंढ लाई थी। वह मोहल्ले के एक लड़के के साथ मिली थी। शिकायत न दर्ज होने के कारण पुलिस ने किशोरी को उसके परिवारीजनों के सुपुर्द कर दिया था। वहीं, मंगलवार अपराहन किशोरी ने घर में रखा ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्महत्या का प्रयास किया था। उसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल से ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया था। देर रात उसकी मौत हो गई। सीओ अयोध्या आशुतोष ने बताया कि किशोरी की कॉल डिटेल व सोशल मीडिया एकाउटेंट की जांच की गई है। इसमें व्हाट्सएप एक नंबर पर उसकी लगातार चैटिंग पाई गई है। घरवालों ने किशोरी की मौत के पीछे इस नंबर से जुड़े युवक को आत्महत्या की वजह बताया है। तहरीर के आधार पर मोबाइल नंबर के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
बस "खुशबू" ही नहीं स्वाद भी है
"शुद्धता का एहसास" ... भी है।...
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के.एम. डिस्ट्रीब्यूटर
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

## आज का मौसम

24 घंटे में बादल छाए रहने व वर्षा होने की संभावना है।

35.5⁰ अधिकतम तापमान | 27.0⁰ न्यूनतम तापमान

## आज के कार्यक्रम

- मुख्य अभियंता वितरण कार्यालय पर निविदा संविदा कर्मियों का धरना सुबह 10 :00 बजे से।
- बीएसए संतोष कुमार राय का विदाई समारोह बीएसए कार्यालय में दोपहर 12 :00 बजे से।
- जिलाधिकारी द्वारा विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में अपराह्न 03 :30 बजे से।
- महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान की आपातकालीन आवश्यकताओं के लिए बैठक शाम 04 :00 बजे से।



# तीमारदार ने मरीज की कराई जबरन छुट्टी, संदिग्धों की तस्वीर आई सामने

### तीन सदस्यीय विभागीय जांच टीम ने दिन भर ब्लड बैंक में डाले रखा डेरा, खंगाले दस्तावेज

### डोनर आकाश की तलाश तेज, ब्लड बैंक में रिकॉर्ड रखने वाला कंप्यूटर मिला गड़बड़, जल्द ही खुलासे की उम्मीद

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** खून के काले धंधे के मामले में रोज नए-नए खुलासे हो रहे हैं। एक तरफ जांच कमेटी ब्लड बैंक के रिकॉर्ड निकाल आरोपियों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है तो दूसरी तरफ मामला हाईलाइट होने के बाद महिला अस्पताल में भर्ती पीड़िता को तीमारदार लामा (चिकित्सा सलाह के विरुद्ध छुट्टी) भरकर घर ले गया। वहीं बुधवार को दिन भर ब्लड बैंक में जांच टीम ने डेरा डाले रखा। सीसीटीवी फुटेज निकलवाई गई। इसमें संदिग्ध गिरोह देखा गया है। ब्लड डोनेट करने वाले सोहावल के आकाश रावत का नाम अमृत विचार में प्रकाशित होने के बाद जांच टीम ने उससे भी संपर्क करना शुरू कर दिया है।

मामले में सोमवार को खुलासा होने के बाद से जिला अस्पताल में हड़कंप मचा हुआ है। हर कोई यह जानना चाह रहा है कि खून के सौदागरों के साथ आखिर कौन मिला हुआ है? इस संबंध में जब ब्लड बैंक पहुंचकर दस्तावेज जुटाने के प्रयास किए गए तो कर्मचारियों ने बताया कि कंप्यूटर में कुछ गड़बड़ी है। वहीं नवागत प्रमुख अधीक्षक डॉ. अजय सिंह गौतम ने भी ब्लड बैंक पहुंचकर व्यवस्थाएं परखीं। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। कहा कि हर जरूरतमंद को रक्त मिलना चाहिए। किसी से भी पैसे लेने की बात दोबारा न सामने आए। उधर, जांच टीम के सदस्य पैथालॉजिस्ट डॉ. कुलदीप चौधरी ने बताया कि महिला अस्पताल में भर्ती पीड़िता रीना को उनका तीमारदार लामा (चिकित्सा सलाह के विरुद्ध छुट्टी) कराकर घर लेकर चला गया। अरविंद ने बताया कि उनकी भाभी की बॉडी में 7.8 एमजी खून हो गया है। इसलिए उन्हें घर लेकर चले आए। जिला अस्पताल के प्रबंधक राजेंद्र तिवारी ने ब्लड बैंक के रिसेप्शन में दिखे संदिग्ध गिरोह की फुटेज जांच टीम को सौंपी है।



यही सीसीटीवी फुटेज प्रबंधक की ओर से जांच टीम को सौंपी गई है। इसमें दिख रहे छह लोगों को संदिग्ध बताया गया है।





- नवागत प्रमुख अधीक्षक ने किया ब्लड बैंक का निरीक्षण
- महिला अस्पताल को भी रखना पड़ सकता है डोनर का रिकार्ड

### इंटर्न करते देखा गया है आरोपी

अरविंद से सात हजार रुपये ऑनलाइन लेने वाले गौतम के बारे में फिलहाल अभी जांच टीम कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है, लेकिन अस्पताल के ही विश्वस्त सूत्रों का कहना है कि इस हुलिया का लड़का कभी यहां एप्रेन पहनकर इंटर्न करता था। वह कई बार इमरजेंसी ओपीडी में भी देखा गया है। हालांकि अमृत विचार इसकी पुष्टि नहीं करता है।

### खुफिया विभाग ने भी बढ़ाया जांच का दायरा

खून के काले धंधे के उजागर होने के बाद जांच में जुटी एलआईयू (खुफिया विभाग) ने भी बुधवार से अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया है। इसके लिए एलआईयू की ओर से कई इंस्पेक्टर लगाए गए हैं। बताया जाता है कि स्थानीय अभिसूचना इकाई के कर्मी अपने नेटवर्क के जरिए इस धंधे की तह तक पहुंचने में जुटे हुए हैं। सूत्रों पर भरोसा करें तो खुफिया विभाग के टारगेट पर जिले का एक बड़ा डायग्नोस्टिक सेंटर और अस्पताल के इर्द-गिर्द संचालित पैथालॉजी शामिल हैं।

> जांच टीम अपना कार्य कर रही है। मैं ब्लड बैंक गया था। टीम को निर्देशित किया है कि जल्द से जल्द से आख्या तैयार की जाए। इसके साथ ही महिला अस्पताल से ब्लड के लिए आने वाले मरीजों को अस्पताल में डोनर का नाम व पता नोट कराने वाले नियम पर विचार किया जा रहा है। **-डॉ.अजय सिंह गौतम, प्रमुख अधीक्षक, जिला अस्पताल।**

### पहले दिन ही राउंड में डॉक्टर को दवा लिखते पकड़ा

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला अस्पताल के नवागत प्रमुख अधीक्षक डॉ. अजय सिंह गौतम ने पहले दिन बुधवार को अस्पताल का निरीक्षण किया। वह वार्ड व ओपीडी में भी गए। इसके बाद उन्होंने इमरजेंसी ओपीडी का भी निरीक्षण किया। यहां एक नम्रता नाम की मरीज को मौके पर मौजूद ईएमओ डॉ. आशुतोष सिंह ने पर्चे पर न सिर्फ बाहरी दवाएं लिखी गई थी बल्कि डॉक्टर ने अपना कॉन्टेक्ट नंबर भी डाल दिया था। प्रमुख अधीक्षक ने जमकर फटकार लगाई। डॉ. अजय ने बताया कि चिकित्सक से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

### खून के सौदागरों से पुलिस अब बस चंद कदम दूर

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में खून की अवैध सौदेबाजी करने वाला गिरोह पुलिस की पकड़ से चंद कदम दूर बताया जा रहा है। इस मामले में एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए तलाशी अभियान तेज कर दिया है। एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश के बाद इस मामले को गंभीरता से लिया गया है, क्योंकि यह जनस्वास्थ्य और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा मुद्दा है। सूत्रों के अनुसार ब्लड बैंक के निकट कुछ लोग संगठित गिरोह के रूप में काम कर रहे थे, जो जरूरतमंद मरीजों को खून उपलब्ध कराने के नाम पर मोटी रकम वसूल रहे थे। बताया जा रहा है कि अस्पताल की जांच कमेटी द्वारा एक सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपी गई है। जिसमें गिरोह के कई सदस्य दिख रहे हैं। नगर कोतवाल अश्विनी पांडेय ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। तस्वीर और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्धों की पहचान की जा रही है। उन्होंने जल्द खुलासे का दावा भी किया है।

- एक ने किया मोबाइल बंद तो दूसरा उठा ही नहीं रहा

# प्रदेश में मानसून की एंट्री, 20 तक रामनगरी पहुंचने की संभावना

अयोध्या कार्यालय

- जिले में हुई 25.8 एमएम बारिश, अगले दो दिन अच्छी बारिश के आसार

**अमृत विचार :** ललितपुर, सोनभद्र व मिर्जापुर के रास्ते में मानसून ने प्रदेश में एंट्री कर ली है। संभावना जताई जा रही है कि अपने निर्धारित तिथि 20 जून तक मानसून अयोध्या व आसपास के इलाकों में पहुंच जाएगा। इससे पूर्व बुधवार को प्री-मानसून बारिश ने ग्रामीण इलाकों को खूब तरबतर किया। शहरी क्षेत्रों को बूंदाबांदी से ही संतोष करना पड़ा। जिले में बुधवार को 25.8 एमएम वर्षा रिकॉर्ड की गई।

मानसून की प्रगति के साथ ही मौसम विभाग ने अगले दो दिनों में अच्छी बारिश होने की संभावना जताई है। आचार्य नरेंद्र देव कृषि व प्रौद्योगिकी विवि के मौसम वैज्ञानिक डॉ. अमरनाथ मिश्र के अनुसार मानसून की सक्रियता से नदियों और तालाबों का जलस्तर बढ़ेगा, जो किसानों के लिए लाभकारी साबित होगा। खासकर धान और अन्य खरीफ फसलों की बुआई के लिए यह बारिश वरदान मानी जा रही है। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों ने बारिश का स्वागत किया और खेती की तैयारियां तेज कर दीं। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटे में पूर्वी उत्तर प्रदेश में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के साथ-साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना जताई है। हवा सामान्य गति से आगे भी पूर्वी चलने की संभावना है।

## अश्लील हरकत में युवक दोषी करार सजा पर सुनवाई आज

**अयोध्या, अमृत विचार :** किशोरी से अश्लील हरकत करने के मामले में कोर्ट ने मोहम्मद इश्तियाक उर्फ मोनू को दोषी करार देते हुए अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। सजा के प्रश्न पर सुनवाई 19 जून को होगी। फैसला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट रजत वर्मा की अदालत से बुधवार को हुआ। विशेष लोक अभियोजक पॉक्सो केपी सिंह व आशीष द्विवेदी ने बताया कि बीकापुर कोतवाली की रहने वाली एक 16 वर्षीय किशोरी 6 अप्रैल 2019 को एक कस्बे में अपनी बुआ के घर गई थी। अपनी बुआ की लड़की के साथ किशोरी गांव के बाहर गई थी। इस बीच मोनू उर्फ इश्तियाक ने जबरदस्ती हाथ पकड़ कर उसे घसीटा और छेड़छाड़ की। इसकी रिपोर्ट पीड़िता ने खुद इश्तियाक के खिलाफ अश्लील हरकत व जान से मारने की धमकी देने तथा पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत लिखाई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आरोपी को पाक्सो व जान से मारने की धमकी से दोषमुक्त कर दिया, जबकि अश्लील हरकत में दोषी पाते हुई जेल भेज दिया।



# सरयू में नहाते समय बालक डूबा, मौत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** कोतवाली अयोध्या अंतर्गत नयाघाट सरयू तट पर बुधवार भोर में परिवार के साथ स्नान कर रहे एक बच्चे की बैरिकेडिंग के अंदर ही डूब कर मौत हो गई।

अंबेडकरनगर के भीटी थाने के रामगंज निवासी विपिन कुमार गुप्ता बुधवार भोर में परिवार के साथ अयोध्या दर्शन के लिए आए थे। तड़के वह सरयू स्नान के लिए गए। सभी पक्के घाट पर एक साथ स्नान कर रहे थे, इस दौरान लोगों का ध्यान अपने बेटे अर्पित गुप्ता (10) के ऊपर से हट गया। वह बेरिकेंडिंग के अंदर ही पानी में पैर फिसलने से वह सिर के बल पानी में गिर गया। जब घरवालों का ध्यान उस पर गया तब तक उसके मुंह में पानी चला गया था और वह बेहोश हो गया। परिवार वाले उसे श्रीराम अस्पताल ले गये। वहां से गंभीर हालत में उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल के चिकित्सक डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि अस्पताल लाने से पूर्व ही बालक की मौत हो गई थी, शव को मॉर्चरी में रखवा दिया गया है।

### नदी में डूबा किशोर लापता

**अयोध्या, अमृत विचार :** लक्ष्मण घाट पंप के पास बुधवार सुबह करीब आठ बजे नदी में नहा रहे 15-16 बच्चों में से एक नदी में डूब गया व लापता हो गया। जल पुलिस व एसडीआरएफ की टीम रेसक्यू कर उसकी तलाश कर रही है। यह सभी प्रयागराज में हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करते हैं। नदी में नहाते समय अर्पित पटेल (16) पुत्र ज्ञानबहादुर निवासी थाना सोरांव जिला प्रयागराज नदी में गहरे पानी में जाने से डूब गया। जल पुलिस प्रभारी रूबे प्रताप ने बताया कि जल पुलिस व एसडीआरएफ की टीम लापता किशोर की तलाश कर रही है।

## विद्युत उपकेंद्र अमानीगंज के एसएसओ ने दिया त्यागपत्र

**अयोध्या, अमृत विचार।** स्टाफ कम होने की वजह से विद्युत उपकेंद्रों पर तैनात एसएसओ समेत अन्य कर्मियों को उपभोक्ताओं का भारी दबाव झेलना पड़ रहा है। इसी के चलते एक एसएसओ ने बुधवार को नौकरी से त्यागपत्र दे दिया। विद्युत उपकेंद्र अमानीगंज पर तैनात सब स्टेशन ऑपरेटर सुग्रीव कुमार निवासी सरियावां रानीबाजार ने अवर अभियंता को अपना त्यागपत्र सौंप दिया है। इसमें उन्होंने लिखा है कि सहायक न होने की वजह से इस भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं का भारी दबाव पड़ रहा है। सीयूजी नंबर रिसीव करना, ब्रेकडाउन अटेंड करना जैसे अन्य कई कार्य हैं, जिसे एक अकेला आदमी नहीं कर सकता। उन्होंने गुरुवार सुबह 10 बजे तक रिलीवर उपलब्ध कराकर उन्हें कार्यमुक्त करने की अपील की है।

# नन्सा बाजार का आरोग्य चिकित्सालय सील, झोलाछाप नामजद

तारुन, अयोध्या

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत नंसा बाजार में बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुशील कुमार बनियान ने निजी अस्पतालों का औचक निरीक्षण किया। आशा के जरिए सूचना मिली थी कि क्षेत्र में निजी नर्सिंग होम डिलीवरी के नाम पर मरीज के परिजनों का शोषण कर रहे हैं। शाम करीब साढ़े पांच बजे नंसा जाना मार्ग पर दो सौ मीटर दूर स्थित आरोग्य चिकित्सालय पर छापा मारा, जिसके संचालक राज प्रताप सिंह हैं। यहां करीब एक घंटे तक अस्पताल में बने कमरों की सघन जांच की। मौके पर एक जच्चा स्थानीय बाजार निवासी सलमा (21) पुत्री साबिर ने एक बच्चे के साथ मौजूद मिली। इसके मां से स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने पूरी जानकारी हासिल की। निरीक्षण के समय अस्पताल में कोई डॉक्टर नहीं था। किस सर्जन ने ऑपरेशन किया लाभार्थी उसका नाम भी नहीं बता पा रहे थे। हॉस्पिटल के घरेलू फ्रिज में एक यूनिट ब्लड मिला व एक यूनिट ब्लड का रैपर प्राप्त हुआ है। मरीज के मुताबिक उसे ब्लड चढ़ाया जा चुका था। साथ ही दवाएं भी एक्सपायर मिली। चिकित्सालय को सील कर दिया गया है।

उसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बाजार के चंद्रिका गंज में अवैध प्रसव केंद्र संचालिका बदरुल निशा की पत्नी रुखसाना बानो के यहां पहुंच कर प्रसव में प्रयोग होने वाले औजार को जब्त कर लिया। मौके से वह भाग निकली निकली। झोलाछाप बताई जा रही है, जिसके खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। प्रसव पीड़ित महिला के पिता साबिर ने बताया कि 16 जून को उप स्वास्थ्य केंद्र नंसा लेकर गया तो वहां तैनात महिला स्वास्थ्य कर्मी निशा दुबे ने भर्ती करने से इनकार किया। उसके बाद बाजार के ही दूसरे चिकित्सालय में ले गए, यहां चार हजार रुपये ले लिया गया, लेकिन कोई संतुष्टि नहीं मिली। तब आरोग्य चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां पर जच्चा-बच्चा सुरक्षित हैं। निरीक्षण में नोडल अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ला, डिप्टी सीएमओ डॉ राजेश चौधरी, डॉ. वीपी त्रिपाठी, डीपीएम राम प्रकाश व अन्य मौजूद रहे।



दाई के घर औजार देखते नोडल अधिकारी डॉ. संदीप शुक्ला।

- स्वास्थ्य विभाग ने छापेमारी में बिना स्टरलाइजेशन के कई औजार बरामद

> बदरुल हसन की पत्नी रुखसाना बानो अपने घर में ही डिलीवरी कराती थी। उसके घर औजार भी मिले, जो स्टरलाइज नहीं थे। उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करा दी गई है। **- डॉ. सुशील कुमार बनियान, सीएमओ**

## परिषदीय विद्यालयों में चुने जायेंगे प्रधानमंत्री व उप प्रधानमंत्री

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ मंत्रालय भी चलाएंगे। इसके लिए शासन के निर्देश पर बाल संसद का गठन किया जाएगा। बाल संसद गठन में बड़ी कक्षा में पढ़ने वाले बच्चों में से प्रधानमंत्री व उप प्रधानमंत्री चुना जाएगा। इसके अलावा पांच मंत्री एवं इतने ही उप मंत्री बनाए जाएंगे। मंत्रियों को अलग-अलग विभाग दिए जाएंगे। इनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, पुस्तकालय एवं बागवानी मंत्रालय शामिल रहेगा। मंत्री की अनुपस्थिति में उप मंत्री उनके कार्य को संभालने का कार्य करेंगे। इतना ही नहीं बाल संसद कैबिनेट की मासिक बैठकें होगीं। जो भी निर्णय लिए जाएंगे उस पर रोस्टर चार्ट बनेगा और उसी के अनुसार कार्य किए जायेंगे। बीएसए संतोष कुमार राय ने बताया जिन विद्यालयों में बाल संसद का गठन नहीं किया गया है, वह एक जुलाई से स्कूलों में पठन-पाठन शुरू होने पर बाल संसद के गठन की कार्रवाई पूर्ण करेगें। उन्होंने बताया कि इस बार बाल संसद का नवीन स्वरूप होगा।

# सप्लाई किसी ने की, भुगतान किसी और को

हैदरगंज, अयोध्या

**अमृत विचार:** भट्ठा मालिक को ग्राम पंचायत में ईंटों की आपूर्ति का भुगतान पांच साल बीतने के बाद भी नहीं हो पाया। वह ब्लॉक मुख्यालय का चक्कर काट रहा है। पीड़ित ने मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर भुगतान कराए जाने की मांग की है।

मामला तारुन अंतर्गत ग्राम पंचायत रौहारी कटकौली का है। हैदरगंज थाना क्षेत्र के इमलिया गांव में शुक्ला ब्रिक फील्ड चलाने वाले प्रेम नारायन शुक्ला ने सीडीओ को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि वर्ष 2019-20 में पक्की सड़क से मंशाराम यादव के घर तक लगभग लंबाई ढाई सौ मीटर में लगी ईंट का आपूर्ति की थी। भुगतान को लेकर बार-बार पंचायत सचिव और ग्राम प्रधान से संपर्क किया, लेकिन भुगतान नहीं किया गया। ब्लॉक मुख्यालय के अधिकारियों से बात करने पर पता चला कि ईंटों का भुगतान मनरेगा योजना के तहत वर्ष 2022-23 में प्रबल ब्रिक फील्ड के खाते में 1,98,000 रुपये किया गया है। मुख्यालय के निर्देश पर ब्लॉक स्तरीय टीम खड़ंजे की सड़क में लगी ईंटों के सत्यापन के लिए बुधवार दोपहर टीम ने स्थलीय निरीक्षण किया। टीम में ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी पंचायत उमाशंकर सिंह, एडीओ सहकारिता अमित सिंह, एडीओ आईएसबी सुरेश कुमार समेत अन्य कर्मचारी शामिल रहे। बीडीओ आनंद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि गठित टीम से जांच के दौरान सड़क में शुक्ला ब्रिक फील्ड लिखी ईंट का प्रयोग पाया गया है। जल्द रिपोर्ट मुख्य विकास अधिकारी को भेजी जाएगी।



निरीक्षण करते एडीओ पंचायत उमाशंकर सिंह व एडीओ सहकारिता अमित सिंह।

## 16 लोगों को शांति भंग की आशंका में किया पाबंद

**मवई, अमृत विचार:** पटरंगा पुलिस ने बुधवार को भूमि विवाद के मामले में तीन अलग-अलग गांवों से 16 लोगों को शांति भंग की आशंका में पाबंद किया है। प्रभारी निरीक्षक शशिकांत यादव ने बताया कि कोपेपुर गांव में मकान निर्माण को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ। एक पक्ष से मो. कलीम, मो. अलीम, मो. इब्राहिम और अब्दुल्ला व दूसरे पक्ष से मो. रुसैद, मो. साद, मो. फैज और मो. जुनैद को हिरासत में लिया गया। सुल्तानपुर गांव में कब्जेदारी को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। पुलिस ने एक पक्ष से रामकुमार, राम सूचित व मंगल व दूसरे पक्ष से दौलत राम और चंदन को हिरासत में लिया। अधावन नगर में भी भूमि विवाद में दो पक्ष आमने-सामने आ गए। पुलिस ने देवी शरण और मैकू लाल को हिरासत में लिया। इसके अलावा दफियापुर गांव से घरेलू विवाद में ईश्वरदीन को भी हिरासत में लिया गया।

## सार-संक्षेप

### जांच के लिए मांगा अतिरिक्त समय

**अयोध्या, अमृत विचार :** तारुन ब्लॉक के कोरोराघोपुर के विकास कार्यों की जांच के लिए अतिरिक्त समय की मांग जांच टीम ने की है। प्रशासन ने इसी के आधार पर उप लोकायुक्त से समय बढ़ाए जाने की गुजारिश की है। उपलोकायुक्त ने विकास कार्यों की जांच का आदेश दिया था। दर्जन भर बिंदुओं पर जांच की सूची भेजी गई, 16 जून तक इसकी रिपोर्ट जानी थी। टीम ने जिलाधिकारी से जांच और रिपोर्ट दिए जाने के लिए और समय की मांग की है। 10 दिन में जांच और रिपोर्ट तैयार किए जाने के बात की चर्चा है। हालांकि इस अहम मुद्दे पर औपचारिक रूप से अफसर नहीं बोलते।

### बीएसए रिलीव, डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता को प्रभार

**अयोध्या, अमृत विचार :** शासन द्वारा कानपुर के जिला विद्यालय निरीक्षक बनाए गए बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय को बुधवार देर शाम रिलीव कर दिया गया। उनके स्थान पर डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता लालचंद सरोज को प्रभारी बेसिक शिक्षा अधिकारी बनाया गया है। पूर्ण कालिक बेसिक शिक्षा अधिकारी के आने तक डायट के वरिष्ठ प्रवक्ता कार्यभार देखेगें। प्रभारी बीएसए ने बताया कि जब तक जिम्मेदारी मिली है प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता के लिए शिक्षकों के सामंजस्य से कार्य संपादित करेंगे।

### दीवान पर अभद्रता का आरोप

**शुजागंज, अमृत विचार :** अमृत विचार : कोतवाली रूदौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोटरा के प्रधान प्रतिनिधि सतीश चौहान व सन्तोष कोटेदार से शुजागंज चौकी के दीवान इंद्रेश यादव पर अभद्रता का आरोप है। प्रधान प्रतिनिधि सतीश चौहान ने बताया कि मंगलवार की रात्रि लगभग साढ़े आठ बजे अपने घर के सामने बैठ कर बात-चीत कर रहे थे। तभी स्थानीय चौकी शुजागंज में तैनात दीवान इंद्रेश यादव अपने हमराही के साथ आए। कहा कि घर के सामने इतनी भीड़ क्यों लगाए हो। प्रधान प्रतिनिधि द्वारा बताया कि वह अपने मित्र के साथ घर पर हैं। इसमे भीड़ कहाँ लगी है। इतना सुनते ही चौकी दीवान आग बबूला हो गए। अनाप-शनाप बकने लगे, अभद्रता की। क्षेत्राधिकारी आशीष निगम ने बताया कि संज्ञान में मामला नहीं आया है। यदि उन्होंने प्रार्थना पत्र दिया है तो गंभीरता से इसकी जांच करवाकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### गांवों के विकास के लिए कृतसंकल्पित: राशिद

**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा के चेयरमैन मोहम्मद राशिद ने बुधवार को दो इंटरलॉकिंग मार्गों का उद्घाटन किया। चेयरमैन ने वार्ड नंबर छह में कैल लोनिया का पुरवा में विजय बहादुर के मकान से उमाशंकर के मकान तक 125 मीटर व वार्ड नंबर छह में ही कैल बन टोलिया में गंगाराम के मकान से नसीम के मकान तक सीसी मार्ग 220 मीटर का उद्घाटन किया। कहा कि नगर पंचायत के विस्तार के दौरान शामिल गांवों के चौमुखी विकास के लिए कृतसंकल्पित हैं। इस अवसर पर सपा युवजन सभा के अध्यक्ष जय सिंह यादव, प्रदीप यादव, सनी पांडे सभासद, मुनव्वर खान आदि मौजूद रहे।



सीसी मार्ग का उद्घाटन करते चेयरमैन मोहम्मद राशिद।

आस्था | लोअर प्लिंथ व परकोटे में कांस्य के बने म्यूरल किए जा रहे स्थापित

# राम मंदिर में सचित्र रामायण के दर्शन करेंगे श्रद्धालु

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** श्री रामलला का दर्शन करने के बाद मंदिर की परिक्रमा पथ पर पूरे रामायण के सचित्र दर्शन प्राप्त होंगे। इसके लिए मंदिर के लोअर प्लिंथ पर पत्थरों के बने रामायण के प्रसंग और परकोटे में कांस्य के बने म्यूरल स्थापित किए जा रहे हैं। मशहूर चित्रकार वासुदेव कामत की निगरानी में इस कार्य को अक्टूबर तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

राम मंदिर के लोअर प्लिंथ पर म्यूरल लगाए जाने का कार्य तेज गति से चल रहा है। पत्थरों पर रामायण कालीन विभिन्न प्रसंग पर आकर्षक चित्र लोगों को अभिभूत करेंगे। जिसमें लगभग 85 म्यूरल तैयार किया जा रहा है। 65 म्यूरल राम मंदिर परिसर पहुंच चुके हैं। इसमें 12 से अधिक कारीगर निर्धारित स्थान पर लगाए जाने का कार्य कर रहे हैं। वहीं ट्रस्ट इन म्यूरल को सुरक्षित रखने के लिए शीशे का प्रयोग करेगा, जिससे दर्शन करने के दौरान श्रद्धालु म्यूरल पर अपने हाथ का स्पर्श न करें।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा के मुताबिक परिसर में मंदिरों के निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है। परकोटे के निर्माण का कार्य किया जा रहा है, जो कि निर्धारित समय तक पूरा कर लिया जाएगा। इसके अलावा मंदिर के लोअर प्लिंथ पर रामायण कालीन प्रसंग के म्यूरल लगाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह कलाकृतियां पूरे परिसर को और भी सुशोभित करने जा रही हैं। जो भी भक्त श्रद्धालु राम मंदिर में दर्शन करने के लिए पहुंचेंगे उन्हें इन सभी म्यूरल का भी दर्शन प्राप्त होगा। इस दर्शन के माध्यम से रामायण के घटनाक्रम की जानकारी भी उन्हें मिलेगी।



राम मंदिर के लोवर प्लिंथ पर लगा म्यूरल। अमृत विचार

# तालाब से रास्ता बनाने पर भू-माफिया पर केस

रुदौली, अयोध्या

**अमृत विचार :** तहसील रुदौली के दुल्लापुर गांव में मवई चौराहा के निकट प्लाटिंग करने वाले मो. दाऊद और संजय निवासी गनौली थाना पटरंगा ने तालाब की जमीन पर मिट्टी की पटाई कर रास्ता बना लिया। इसकी शिकायत ग्राम न्यौरा निवासी अश्वनी यादव ने डीएम से की थी। एसडीएम अशोक सैनी ने बताया कि ग्राम दुल्लापुर गांव में वह जमीन सरकारी तालाब के रूप में दर्ज है। जिस पर मिट्टी पटाई कर रास्ता बनाया गया था।

लेखपाल ओम प्रकाश यादव को अवैध पटाई करने वाले संजय कुमार और मोहम्मद दाऊद पर मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिया गया था। कई बार मौखिक निर्देश देने के बावजूद दोनों ने अतिक्रमण नहीं हटाया गया। राजस्व टीम की रिपोर्ट पर लोक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम, 1984 की धारा 3(1)(2) और 4 के तहत रिपोर्ट दर्ज करने का निर्देश दिया है। मवई थानाध्यक्ष सुरेश कुमार पटेल ने बताया कि संजय कुमार ग्राम गनौली, थाना पटरंगा के निवासी हैं, जबकि मोहम्मद दाऊद ग्राम बरतरा, थाना मवई के रहने वाले हैं। दोनों के खिलाफ सरकारी तालाब को नुकसान पहुंचाने का मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में 150 शिक्षक और लगे


परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह

अयोध्या, अमृत विचार : डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षाफल शीघ्र घोषित करने के लिए उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की प्रक्रिया को और तेज कर दिया है। कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने मूल्यांकन प्रक्रिया को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए हैं। कुलसचिव व परीक्षा नियंत्रक विनय कुमार सिंह ने बुधवार को बताया कि 19 जून से 150 और अधिक शिक्षकों को मूल्यांकन के लिए लगाया जा रहा है। कहा कि विश्वविद्यालय समय से परीक्षाफल घोषित करने के लिए प्रतिबद्ध है जिससे सत्र नियमित रूप से संचालित हो सके।

### सट्टेबाजी से तबाह हो रहे परिवार : साईं हरीश


अरदास करते संत जन व सिंधी समाज के लोग।

अयोध्या, अमृत विचार : आज जंक फूड व सट्टेबाजी के जाल में युवा फंस रहा है। सट्टेबाजी से परिवार तबाह हो रहे हैं। यह बातें लखनऊ शिव शांति संत आसूदाराम आश्रम के साईं हरीश लाल ने कहीं। वह रामनगर कॉलोनी स्थित संत सतरामदास दरबार में चल रहे तीन दिवसीय संत जन्मोत्सव के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। भक्त प्रहलाद सेवा समिति के अध्यक्ष कन्हैया लाल सागर ने कहा कि संतों के जन्मोत्सव मनाने से युवा पीढ़ी को प्रेरणा व संतों के जीवन के बारे मे जानकारी मिलती है। कार्यक्रम का समापन अरदास व पल्लव के साथ हुआ। इस मौके पर साईं महेश लाल,सुरेंदर लाल, निहाल राम, सखी बाबा युवा मंडल के संरक्षक ओमप्रकाश ओमी, भजन लाल,नवीन मनध्यान, श्याम लाल, भाष्कर शेवानी,दिनेश हासानी समेत बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोग मौजूद रहे।

### कैडेटों के पंजीकरण का काम पूरा, प्रशिक्षण आज से


आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय में पंजीकरण कराते एनसीसी कैडेट।

कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार : आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में अयोध्या की यूपी बटालियन-65 के संयुक्त वार्षिक एनसीसी कैंप में बुधवार को पहले दिन अयोध्या और अंबेडकरनगर के 595 एनसीसी कैडेटों ने अपना पंजीकरण कराया। यह वार्षिक कैंप 27 जून तक चलेगा। बटालियन के कमान अधिकारी एमके सिंह व लेफ्टिनेंट कर्नल गौरव सूद ने एनसीसी कैडेटों को विश्वविद्यालय में होने वाले प्रशिक्षण स्थलों से अवगत कराया। कृषि विश्वविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. नवीन कुमार सिंह ने बताया कि इसमें 197 महिला कैडेट भी प्रशिक्षण लेंगी।

### जल्द मिल सकती हैं डीएनबी की दो सीटें


मेडिकल कॉलेज में मौजूद प्राचार्य डॉ. सत्यजीत के साथ डॉ. अजीत व डॉ. विनोद आर्या।

अयोध्या, अमृत विचार : राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज को जल्द ही आर्थों की दो डीएनबी सीट मिल सकती है। इसके लिए एनएमसी की तरफ से बीएचयू आईएमएस के ऑर्थोपैडिक डिपार्टमेंट के डॉ. अजीत सिंह ने यहां प्राचार्य डॉ. सत्यजीत वर्मा के साथ ऑर्थो डिपार्टमेंट को देखा। उन्होंने व्यवस्थाओं को भी परखा। इस दौरान विभागाध्यक्ष डॉ. विनोद आर्या भी मौजूद रहे।

### श्रीराम जानकी महाविद्यालय के प्राचार्य पर केस

मिल्कीपुर, अयोध्या, अमृत विचार : खंडासा थाना क्षेत्र के श्रीराम जानकी महाविद्यालय, रामनगर अमावां सूफी के प्राचार्य अवधेश कुमार शुक्ला के खिलाफ पत्रकार से अभद्रता व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज की गई है। कार्रवाई एक अखबार के प्रतिनिधि चिंतामणि सिंह की तहरीर पर की गई है, जिन्होंने फेसबुक पर कॉलेज की डीएलएड मान्यता समाप्ति संबंधी खबर साझा की थी। पुलिस ने प्राचार्य और उनके अज्ञात सहयोगियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। दूसरी ओर प्राचार्य अवधेश शुक्ला ने भी पत्रकार के खिलाफ थाना खंडासा में एफआईआर दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि पत्रकार ने उन्हें फोन पर अभद्र भाषा में बात करते हुए धमकाया है।

### अलग-अलग जिलों में 53 मंत्री भी करेंगे योगाभ्यास

लखनऊ : राज्य सरकार इस बार योग दिवस को पर्व की तरह मनाने जा रही है। विविध स्थानों पर बकायदा आयोजन के रूप में योगाभ्यास पूरे एक सप्ताह तक चलेंगे। इस दौरान प्रदेश के 53 मंत्री भी अलग-अलग जिलों में 21 जून की सुबह योग करेंगे। इस क्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य प्रयागराज तो वहीं ब्रजेश पाठक लखनऊ में योगाभ्यास करेंगे। इसके अलावा 22 जिलों में आईएएस अफसरों को नोडल प्रभारी भी बनाया गया है। शासन की ओर से इन मंत्रियों और बड़े अफसरों की सूची जारी कर दी गई है।

### नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम पर मायावती ने उठाए सवाल

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में होने वाली पुलिस सिपाही भर्ती पर गृह मंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को लेकर, बसपा प्रमुख मायावती ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि सिपाही भर्ती को लेकर ऐसा प्रचारित किया गया जैसे यह कोई नई बात हो, जबकि रूटीन कार्य है, ताकि बैकलाग की बुराई पुलिस विभाग में भी न आए। किन्तु इस भर्ती में सर्वसमाज को सही हक मिला या नहीं व उनकी ट्रेनिंग का क्या है। कहा कि बीएसपी सरकार में न्याय-युक्त माहौल स्थापित करने के लिए एकमुश्त 1.20 लाख नए पद सृजित करके पुलिस भर्ती को ईमानदार बनाया गया।

# अयोध्या में बनेगा लौह पुरुष व वाजपेयी स्मृति द्वार

## विकास के नवीन युग में प्रवेश कर चुकी है अयोध्या : वेद प्रकाश | विधायक ने कहा-351 करोड़ की सीवर लाइन-दो को स्वीकृति

अयोध्या कार्यालय


सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत करते नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता साथ में महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव।

अमृत विचारः नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि योगी सरकार के नेतृत्व में अयोध्या धार्मिक, सांस्कृतिक और बुनियादी ढांचे के विकास में नए आयाम स्थापित कर रहा है। यहां लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में 'स्मृति द्वार' बनाए जाएंगे। स्वीकृति के साथ निर्माण के लिए शासन ने पहली किस्त भी जारी कर दी। परियोजना से अयोध्या की आध्यात्मिक और ऐतिहासिक गरिमा और बढ़ेगी। जो अयोध्या को आधुनिक और आकर्षक स्वरूप प्रदान करेगा।

उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ की सरकार में भयमुक्त परिवेश के कारण आज उत्तर प्रदेश निवेशकों की पसंद बन गया है। अमृत-२ के तहत 351.4 करोड़ की लागात से नगर निगम की सीवरेज योजना पार्ट-दो के तहत 27 हजार घरों को जोड़ा जाएगा। इसमें चार पम्पिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इसमें टेंडर की प्रक्रिया चल रही है। विधायक सरकिट हाउस में बुधवार को पत्रकारों से बात कर रहे थे। उन्होंने अयोध्या के विकास को लेकर परियोजनाओं की जानकारी दी। परियोजनाओं और दूसरे मुद्दों पर विपक्ष की किरकिरी भी की। बातचीत के दौरान महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष बाल कृष्ण वैश्य, रवि सोनकर, हेमंत जायसवाल, शैलेन्द्र कोरी, हरभजन गौड़ आदि मौजूद रहे।

### बाकरगंज में सरदार पटेल व गोंडा मार्ग पर अटल द्वार

अम्बेडकरनगर मार्ग में बाकरगंज बाजार में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल स्मृति द्वार और अयोध्या -गोंडा मार्ग पर पेट्रोल पम्प के पास अटल बिहारी बाजपेयी द्वार का निर्माण कराया जाएगा। 16.57 लाख से बनने वाले सरदार पटेल द्वार के लिए 9.42 लाख रुपये की पहली किशत और 17.17 लाख की लागत से बनने वाले अटल द्वार के लिए 10.32 लाख की पहली किशत अवमुक्त कर दी गई।

### विकास में संत-महंतों का सुझाव जरूरी

विधायक ने कहा कि रामनगरी के विकास में संत महंतों के साथ आम जनता की सरकार से अपेक्षा व सुझाव को समाहित करना सबसे ज्यादा जरुरी है। इसमें पूरे विश्व से आने वाले पर्यटक व तीर्थयात्रियों की आवश्यकताएं भी शामिल है। इसके लिए लगातार तीर्थयात्रियों व आम जनता से संवाद स्थापित करते हुए उनकी अपेक्षा व सुझावों को सरकार तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

### फटिक शिला के पास पार्किंग समेत कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव

अयोध्या धाम में फटिक शिला के पास पार्किंग का निर्माण होगा। पर्यटकीय सुविधाओं का विकास, रामपथ व धर्मपथ पर मिस्टिंग फैन, राम की पैड़ी पर आरती घर व पयर्टन विकास का कार्य, लता चौक के दाहिने तरफ राम की पैड़ी कैनाल रोड पर धर्मपथ के समानान्तर राष्ट्र की संस्कृति को प्रर्दशित करने वाले थीम वाल का सौन्दयीकरण प्रस्तावित है। नगर निगम क्षेत्र में 17 सड़कों का निर्माण प्रस्तावित है। रीडगंज चौराहे से गुलाबबाड़ी तक मार्ग का चौड़ीकरण 9.50 करोड़, लगभग 33 करोड की लागत से रामपथ से गद्दोपुर होते हुए रायबरेली रोड तक चौड़ीकरण, 40 करोड़ की लागत से देवकाली से जेल रोड का चौड़ीकरण और सुदृढीकरण का निर्माण कार्य प्रस्तावित है। रामकथा पार्क में नवीन पर्यटक आवास गृह, गुलाबबाड़ी पार्क का सौन्दर्यीकरण, गुप्तारघाट में यात्रियों की सुविधा के लिए बैंच व प्रकाश व्यवस्था, राजघाट के निकट एम्पिलिथिएटर एवं फूड कोर्ट का कार्य किया जाएगा। नियावां से पाटेश्वरी मंदिर होते हुए रामपथ तक फोरलेन सड़क का निर्माण लगभग 113 करोड़ की लागत से। इससे यातायात सुगम होगा। तीर्थयात्रियों की सुविधा बढ़ेगी। नगर निगम क्षेत्र में अन्य सड़कों के निर्माण और सौंदर्यीकरण का कार्य भी प्रस्तावित है।

## टीएलएम अस्पताल में अब आधुनिक विधि से सर्जरी: डॉ. तिमोथी

**▸▸ सर्जरी से बनाए जा सकेंगे नेचुरल अंग: डॉ. नीता**

मसौधा, अयोध्या। अमृत विचारः दशकों से कुष्ठ रोगियों के लिए वरदान बना दि लेप्रोसी मिशन अस्पताल में अब अत्याधुनिक विधि से सर्जरी की सुविधा उपलब्ध होगी। इसके लिए डॉक्टर बीमारी के चलते विकृत हो चुके अंगों को कृतिम रूप से दुरुस्त करके मायूस चेहरों पर मुस्कान लाएंगे। यह बातें मिशनरी संस्थान के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. तिमोथी मैक्सिमस ने कहीं। वह लेप्रोसी मिशन अस्पताल के नवनिर्मित सर्जरी थिएटर के साथ 50 बेड के फीमेल वार्ड के उद्घाटन के बाद उद्घाटन समारोह में जुटी भीड़ को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. नीता मैक्सिमस ने कहा कि पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की सर्जरी कर नेचुरल अंग का स्वरूप देना आसान है। जो महीने भर की मसक्कत में प्राकृतिक अंगों जैसा जैसा दिखेगा। इससे पूर्व दोनों अतिथियों ने प्रभु ईसा मसीह की प्रार्थना सभा की, फीता काटकर सर्जरी थिएटर व फीमेल वार्ड का उद्घाटन किया। अधीक्षक बीनो बेरी, डॉ. मर्सी, डॉ. नितेश, डॉ. अजीत व डॉक्टर नूतन ने भी अपने विचार रखें।

## लखनऊ में हत्याकर अयोध्या के जगनपुर में फेंका था शव

**▸▸ रौनाही थाना क्षेत्र के जगनपुर में तीन दिन पहले मिला था शव**

**▸▸ पांच दोस्तों ने शराब पीने के बाद पैसों के लेनदेन में गला दबाकर की थी हत्या, तीन गिरफ्तार**

अयोध्या कार्यालय।

अमृत विचार : थाना रौनाही अंतर्गत जगनपुर गांव में सड़क किनारे मिला युवक के शव के मामले का खुलासा करते हुए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बुधवार को बताया कि हत्या लखनऊ में की गई थी। शव की पहचान छुपाने के लिए उसे यहां फेंक दिया गया था। मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, दो फरार हैं।

पुलिस लाइन सभागार में एसएसपी ने बताया कि 14 जून को थाना रौनाही के जगनपुर गांव के पास हाईवे पर एक अज्ञात युवक का शव मिला था। उसकी पहचान साहिल निवासी पलटन छावनी कटरा निकट माड़ीखाना मडियांव, लखनऊ के रूप में हुई। कहा कि घटनास्थाल के पास लगे सीसीटीवी में शव फेंकने वाले कार की पहचान कर ली गई थी। बाद में इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के माध्यम से आरोपियों को ट्रेस कर लिया गया। थाना रौनाही प्रभारी सुमित श्रीवास्तव व उनकी टीम ने मंगलवार रात करीब आठ बजे बेगमगंज से हाईवे की ओर जाने वाली सड़क से आरोपी ग्राम उसरना थाना इटौंजा जनपद लखनऊ निवासी अश्विनी सिंह उर्फ मिर्ची, नसीम उर्फ छोटू कटरा व ग्राम घुघटेर थाना बाबागंज जनपद बाराबंकी निवासी आकिब कुरैशी निवासी को गिरफ्तार कर लिया।

एसएसपी के अनुसार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि 13 जून की शाम लखनऊ के जानकीपुरम इलाके में स्थित अश्विनी के घर पर शराब पीने के बाद पैसों के लेनदेन को लेकर साहिल से विवाद हो गया। इसके हम सबने मिलकर पहले उसे लाठी-डंडों से पीटा फिर उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। शव की शिनाख्त न हो, इसके लिए 14 जून की भोर में शव को अयोध्या के जगनपुर गांव के पास हाईवे पर फेंक दिया। आरोपियों की शिनाख्त पर हत्या में प्रयुक्त डंडा, मृतक की खून से सनी टीशर्ट, जिस तौलियां व गमछे में शव को लपेटा गया व घटना में प्रयुक्त कार को बरामद कर लिया गया है। यही नहीं आरोपियों ने हत्या करने से पहले वीडियो भी बनाया था, जिसे भी बरामद कर लिया गया है। बताया कि घटना में दो लोग और शामिल थे, उनकी तलाश की जा रही है।

## बार एसोसिएशन बीमार अधिवक्ताओं को देगा 2.80 लाख रुपये

**▸▸ प्रत्येक अधिवक्ता से 100 रुपये चंदे के रूप में लिया जाएगा**

अयोध्या कार्यालय। अमृत विचारः बार एसोसिएशन गंभीर रूप से बीमार दो अधिवक्ताओं को 2.80 लाख रुपये इलाज के लिए देगा। यह रुपये प्रत्येक अधिवक्ता से चंदे में जोड़कर वसूले जाएंगे। यह फैसला बार की बैठक में बुधवार को हुआ। बार एसोसिएशन की बैठक काफी हंगामेदार रही। बैठक में गंभीर रूप से बीमार अधिवक्ता दुर्गेश श्रीवास्तव और सुरेंद्र गुप्ता के इलाज के लिए आर्थिक सहायता दिए जाने पर चर्चा कराई गई। घंटों हुई चर्चा के बाद तय हुआ कि दोनों अधिवक्ताओं को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए प्रत्येक अधिवक्ता से 100 रुपये लिये जाएंगे। बैठक में अधिवक्ता शाहिद जमाल के प्रकरण पर भी चर्चा कराई गई। शाहिद जमाल ने बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में शिकायत की है कि उन्हें बार एसोसिएशन की समस्त योजना का लाभ दिया जाए। बार एसोसिएशन की नियमावली के मुताबिक अधिवक्ता संघ उन्हीं सदस्यों को सभी योजनाओं का लाभ देती है जिन्होंने एसोसिएशन की सदस्यता 40 साल उम्र होने के पूर्व ग्रहण की है, लेकिन शाहिद जमाल ने सदस्यता 40 साल के बाद ग्रहण की है। इसके बावजूद वह योजनाओं का लाभ भी चाहते हैं। इसी के लिए उन्होंने बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश में शिकायत की है। प्रकरण पर बैठक में सभी अधिवक्ता एकमत हुए की बार काउंसिल में इसकी पुरजोर ढंग से पैरवी की जाए।

## घोड़वल में भाजपा का सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण का उत्सव


अमानीगंज ब्लॉक के घोड़वल में आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते मिल्कीपुर विधायक चंद्रभानु पासवान।

मिल्कीपुर, अयोध्या

अमृत विचारः अमानीगंज ब्लॉक के घोड़वल में भाजपा ने केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 साल पूरे होने पर बुधवार को चौपाल का आयोजन किया।

मुख्य अतिथि विधायक चंद्रभानु पासवान ने कहा कि 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन और गरीब कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। जनधन योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना और स्वच्छ भारत अभियान जैसी योजनाओं ने न केवल गरीबों के जीवन को बेहतर बनाया, बल्कि ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार ने कानून-व्यवस्था, बुनियादी ढांचे और ग्रामीण विकास में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। विशिष्ट अतिथि और पूर्व ब्लॉक प्रमुख पवन सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार का उद्देश्य अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है।

कार्यक्रम में प्रधान अनूप रानू, मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र मौर्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष बंशीधर शर्मा, संतोष पांडे, मंडल उपाध्यक्ष अंगद सिंह सहित कई स्थानीय नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### 29.15 लाख से रायबरेली के झारखंडेश्वर मंदिर का होगा सौंदर्यीकरण

लखनऊ। राज्य सरकार प्रदेश के सभी जिलों में कम ख्याति वाले धार्मिक स्थलों का सौंदर्यीकरण कराने का प्रयास कर रही है। इसी क्रम में रायबरेली के जगतपुर विकासखंड स्थित टांघन गांव के झारखंडेश्वर शिव मंदिर को 29.15 लाख रुपये की लागत से सजाया-संवारा जा रहा है। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बुधवार को दी।


**जे0बी0एस0 लॉ कॉलेज, बन्दी का पुरखा, तिन्धवानी, बाराबंकी**

**एल0एल0बी0 (विधि) त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है -**

प्राचार्य 01 पद ।
प्रवक्ता विधि (त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम– 09 पद।
प्रवक्ता विधि (पंचवर्षीय) पाठ्यक्रम– 05 पद। प्रवक्ता अर्थशास्त्र, प्राचीन इतिहास, मनोविज्ञान, राजनीति शास्त्र, अंग्रेजी एवं समाज शास्त्र प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01– 01 पद।
योग्यता एवं वेतनमान– **यू0जी0सी0, बी0सी0आई0, एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।**
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की प्रमाणित छायाप्रति के साथ विद्यालय के पते पर सम्पर्क करें।

**प्रबंधक**
मो0नं0–8743958360


### स्टेट मेडिकल फैकल्टी ने जारी की परीक्षा की समय सारिणी

अमृत विचार, लखनऊ: नर्सिंग कॉलेज व पैरामेडिकल प्रशिक्षण केंद्रों पर संचालित डिप्लोमा एवं प्रशिक्षण की वार्षिक लिखित मुख्य परीक्षाएं आगामी सितंबर माह के दूसरे सप्ताह में होंगी। इसके लिए छात्र-छात्राओं को अगस्त के तीसरे सप्ताह में प्रवेश पत्र जारी कर दिए जाएंगे। मुख्य परीक्षाओं संबन्धित विवरण उप्र. स्टेट मेडिकल फैकल्टी के सचिव ने बुधवार को जारी कर दिया है, परीक्षा की समय सारणी अगस्त के दूसरे सप्ताह जारी की जाएगी। सचिव डॉ.अनुराग श्रीवास्तव ने बताया कि सितम्बर 2025 के प्रथम सप्ताह में मौखिक एवं प्रयोगात्मक परीक्षाएं, दूसरे सप्ताह में लिखित परीक्षाएं होंगी। इसके बाद नवम्बर 2025 के दूसरे सप्ताह में परीक्षाफल घोषित कर दिए जाएंगे।

## एक से खुलेंगे स्कूल, मंडलीय खेल आयोजन पर लगा ग्रहण

**▸▸ स्कूल खुलने पर जुलाई में होंगे जनपदीय स्कूली खेल**

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचारः गर्मी के चलते परिषदीय विद्यालयों में 30 जून तक बच्चों की छुट्टी घोषित कर दी गई है। जिसके चलते चालू सत्र में आयोजित होने वाली जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं भी स्थगित हो गई हैं। इससे पूर्व में घोषित मंडलीय खेल कार्यक्रम पर ग्रहण लग गया है। डीआइओएस डॉ. पवन कुमार तिवारी ने बताया कि ए जुलाई से स्कूल खुलने के बाद ही जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित हो पाएंगी। इसी के अनुरूप मंडलीय खेल कार्यक्रम में परिवर्तन का अनुरोध किया जा रहा है।

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय विद्यालयीय खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम के अनुसार ही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कार्यक्रम घोषित किया जाता है। राज्य खेल कार्यक्रम के पूर्व मंडलीय खेल प्रतियोगिता सम्पन्न कराना होता है, ताकि मंडलीय टीमें राज्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर सकें। इसके पूर्व मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने के लिए जनपदीय खेल कार्यक्रम घोषित कर प्रतियोगिता सम्पन्न कराना आवश्यक है। जिससे जिला स्तरीय टीमें मंडलीय आयोजन में प्रतिभाग कर सकें। पूर्व निर्धारित विद्यालयीय ग्रीष्मावकाश के अनुरूप राष्ट्रीय व प्रदेशीय खेल कार्यक्रम घोषित किए जा चुके हैं। इसी क्रम में 5 जुलाई से आयोजित होने वाला मंडलीय खेल कार्यक्रम भी घोषित कर दिये गये। जिला स्तरीय खेल कार्यक्रम घोषित होने के पूर्व ही भीषण गर्मी के चलते परिषदीय विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश 30 जून तक कर दिया गया। अब एक जुलाई को स्कूल खुलने के बाद ही जिलास्तरीय खेल कार्यक्रम हो पाने की उम्मीद है। डीआइओएस डॉ. तिवारी ने बताया कि स्कूलों में अवकाश के चलते जनपदीय खेल प्रतियोगिता की तिथि भी बढ़ानी पड़ी है। साथ ही 5 जुलाई से आयोजित होने वाली मंडलीय खेल प्रतियोगिता कार्यक्रम में परिवर्तन कर आगे बढ़ाने का अनुरोध किया गया है। जिससे जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं सुचारु रूप से संचालित हो सकें। उन्होंने कहा कि इस गर्मी में छात्र-छात्राओं का प्रतियोगिता में प्रतिभागिता भी मुश्किल लग रहा है। इसीलिए जुलाई में स्कूल खुलने पर ही जनपदीय खेल प्रतियोगिता और उसके बाद मंडलीय प्रतियोगिता आयोजित हो सकेगी।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

**क्लासीफाइड**

**वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें**

**सूचना**

सूचना मैने अपना नाम FOOL CHANDRA से बदलकर FOOL CHAND CHAUHAN रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0- GOVERDHAN ADD-VIJAY NAGAR DIST-BALRAMPUR (U.P)

**सूचना**

सर्वविदित हो कि मेरा आधार कार्ड में मेरा नाम Tanveer ahmad तनवीर अहमद दर्ज है व पासपोर्ट में tanvir Ahmad तनवीर अहमद है जो कि गलत है। मुझे पासपोर्ट में भी Tanveer Ahamd के नाम से जाना जाए। तनवीर अहमद पुत्र नजीर अहमद नि0 माधौपुर थाना फखरपुर, कैसरगंज बहराइच

**Notice**

I have lost my Original sale deed dated 06.06.2003 executed by Smt. Rajeshwari Nigam wife of Late Sarvdaman Nigam in favor of (1) Sri Ikrar Ahmad & (2) Sri Ishtiyak Ahmad sons of Sri Ikakh Ahmad vide book No. 1, Jild No. 1472 on pages 1 to 26 at Sl. No.5935 dated 06.06.2003 duly registered at the office of Sub Registrar-V, Lucknow in respect house no.360/68, (old No.369/144 Ka) admeasuring 1600 sq. fts. Le 148.698 mtrs only.

**सूचना**

मैं घनश्याम पुत्र शिवनंदन निवासी ग्राम व पोस्ट मंकराव, तहसील मौदहा, जिला हमीरपुर उत्तर प्रदेश अपने पुत्र रामचंद्र और पुत्रवधू चंद्ररेखा को चाल चलन और झगड़ालू स्वभाव के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं, आज के बाद इनके द्वारा नैतिक या अनैतिक कार्यो से मेरा और मेरे परिवार का कोई संबंध नहीं है। उपरोक्त द्वारा किये गये नैतिक अनैतिक कार्यो के लिए वे दोनों स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

सूचित है कि बचपन में मुझे लोग आदिम नाम से पुकारते थे। मेरा वास्तविक नाम अमित है। आधार कार्ड और पेन कार्ड में भी मेरा नाम अमित ही दर्ज है। अमित और आदिम दोनों नाम एक ही हैं। परंतु अब मुझे अब आदिम के बजाय अमित नाम से ही जाना जाये। अमित पुत्र छोटे निवासी छिपैटी शहर व जिला इटावा



**बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय**

**प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ** **सत्र : 2025-26**

**Accreditations, Affiliations & Approvals**

University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Uttar Pradesh State Medical Faculty

**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**

**CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध**

**मेडिकल साइंसेस**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)

**डेंटल साइंसेस**
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स

**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)

**फार्मेसी**
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी )

**पैरामेडिकल साइंसेस**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)

**फोरेंसिक साइंसेस**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान

**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)

**हयूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)

**अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053**

पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)

Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in

# मोहर्रम को शांतिपूर्वक मनाएं : एसडीएम

बसखारी, अंबेडकरनगर



पीस कमेटी की बैठक करतीं उपजिलाधिकारी टांडा रेनू व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** जनपद के बसखारी थाना परिसर में मोहर्रम और उर्स को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी टांडा रेनू ने की। जिसमें सीओ लक्ष्मीकांत मिश्रा भी मौजूद रहे।

बैठक में दौलतपुर, बेला परसा, भगाही और किछौछा दरगाह में निकलने वाले ताजिया के मार्ग पर चर्चा हुई। दौलतपुर में ताजिया मार्ग पर अतिक्रमण की शिकायत पर उपजिलाधिकारी ने तहसीलदार निखलेश कुमार को तुरंत कार्रवाई

### पीस कमेटी की बैठक

के निर्देश दिए। साथ ही सैयद अली, अशरफ ने दरगाह की नाली को लोहे की जाली से ढकने की मांग रखी। उपजिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ताजिया की ऊंचाई जमीन से 12 फुट से अधिक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मोहर्रम और उर्स को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। बैठक में जेई शिवप्रसाद स्वर्णकार, रामनारायण, आसिफ खान, दिनेश गिरी, विनोद कुमार, निरंजन कुमार, इनाम हुसैन, मो. सलाम, एडीओ पंचायत बृजेश और थानाध्यक्ष बसखारी संत कुमार सिंह आदि रहे।

# गरीबों और असहायों को लिए सरकार कर रही कार्य : विवेक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

### योजनाओं से गरीबों का जीवन हुआ आसान

नरेंद्र मोदी सरकार की गरीबों के कल्याण की कई योजनाओं से करोड़ों गरीबों का जीवन आसान बन रहा है। प्रधानमंत्री मोदी की दूरदर्शी नीतियों ने वास्तविकता के धरातल पर गरीबी हटाने का काम किया है। केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि बीते 11 वर्षों में विकास की बयार चली है। आज से प्रधानमंत्री के देश को विकसित भारत बनाने के संकल्प से देश के 140 करोड़ नागरिकों को जोड़ने की शुरुआत है। जिसके तहत देश का प्रत्येक नागरिक भी 2047 तक देश को विकसित भारत बनाने के संकल्प में साझेदारी होगा। इस मौके पर नगर अध्यक्ष गौरव श्रीवास्तव, भाजपा नेता विवेक पांडेय, शक्ति केंद्र संयोजक विक्रांत चौधरी और अन्य लोग रहे।



अकबरपुर शक्तिकेंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद नारायण फाउंडेशन के संरक्षक विवेक मौर्य व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार:** भाजपा नेता और नारायण फाउंडेशन के संरक्षक विवेक मौर्य ने अकबरपुर मंडल के अकबरपुर शक्तिकेंद्र पर 11 साल मोहल्ला चौपाल कार्यक्रम में मोदी सरकार की उपलब्धियों पर अपने विचार रखे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विवेक मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 11 वर्षों में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ केंद्र की एनडीए सरकार ने भारत के आम जनमानस के हित और गरीब कल्याण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए हैं। केंद्र सरकार गरीबों और असहायों के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार पिछले 11 वर्षों से गरीबों और वंचितों के जीवनस्तर को बेहतर बनाने, उन्हें उचित अधिकार और सुनहरे अवसर प्रदान करने की दिशा में सराहनीय प्रयास कर रही है। मोदी के नेतृत्व में भारत सर्वसमाज

### चौपाल

- भाजपा नेता और नारायण फाउंडेशन के संरक्षक ने केंद्र सरकार की बताईं उपलब्धियां

के कल्याण से विकसित भारत के संकल्प सिद्धि की ओर बढ़ रहा है। मोदी इसी सोच और विजन के साथ गरीबों के मसीहा बन गए हैं वह गरीबों के कल्याण को सर्वोपरि मानकर फैसले लेते हैं और अपनी सरकार की नीतियां निर्धारित करते हैं। यही वजह है कि कांग्रेस राज में इंदिरा से लेकर मनमोहन तक सिर्फ गरीबी हटाओ के नारे दिए जाते थे, लेकिन अब हकीकत में 25 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी रेखा से बाहर आ गए हैं।

## एक नजर

### ग्रिल लगाते समय युवक छत से गिरा, मौत

**जलालपुर अंबेडकरनगर :** जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के नगपुर गांव में बुधवार को दूसरे मंजिल पर ग्रिल लगाते समय युवक छत से नीचे गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौजूद लोगों ने उसे एक निजी चिकित्सालय लेकर पहुंचे, जहां उसको मृत घोषित कर दिया। मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के नगपुर गांव की है। गांव के करीमपुर निवासी युवक निसान हैदर उर्फ बेलाल 32 वर्ष गांव के ही मुबारक मेहंदी के घर के बुधवार सुबह दूसरे मंजिल पर ग्रिल लगाने का काम कर रहा था, इसी दरमियान नियंत्रण खो दिया और नीचे गिर गया। जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया, जिससे अफरा-तफरी मच गई। मौजूद लोगों ने उसे लेकर एक निजी चिकित्सालय पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक दैनिक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। उसके एक पुत्र एक पुत्री है ग्राम प्रधान की मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस संबंध में कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि परिजन पोस्टमार्टम के लिए तैयार नहीं हुए।

### अवैध असलहे के साथ दो युवक गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर :** पुलिस ने अवैध असलहे के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना महरुआ पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल से अवैध हथियार लेकर सुखारीगंज-मंशापुर मार्ग की तरफ जा रहे हैं। पुलिस ने पांती गांव के पास से अंकित वर्मा और राजू वर्मा को गिरफ्तार किया। अंकित वर्मा सुल्तानपुर के डोमापुर गड़ौरा का रहने वाला है। वह 26 वर्षीय है और थाना अखंडनगर क्षेत्र में रहता है। दूसरा आरोपी राजू वर्मा 25 वर्ष का है। वह ग्राम पांती थाना महरुआ का निवासी है। दोनों के पास से एक तमंचा 315 बोर और दो जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर दोनों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे अपराध नियंत्रण अभियान के तहत की गई है।

### बसपा ने बूथ समिति का किया गठन

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर :** जनपद के रामनगर के विमावल गांव में बहुजन समाज पार्टी ने बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ समिति का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पार्टी के वरिष्ठ नेता रामकोमल भास्कर और विधानसभा प्रभारी राजमणि ने की। बूथ समिति के लिए रामजतन और रामनरेश को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम में राजमणि गौतम, राजेंद्र प्रसाद, सेक्टर अध्यक्ष डॉ. सुरेश, राकेश गौतम और पड़ोहीराम समेत कई पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने बसपा के समर्थन में नारे लगाए। वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर पर संगठन को सक्रिय करने का निर्देश दिया। उन्होंने सामाजिक न्याय के एजेंडे को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया।

# अवैध खनन पर करें कार्रवाई : जिलाधिकारी

## डीएम ने बिना अनुमति के खनन करने पर तहसीलदार को 5% का जुर्माना लगाने के दिए निर्देश

जिला संवाददराता, अंबेडकरनगर

- 10 हजार घनमीटर मिट्टी की अवैध खोदाई पर जिलाधिकारी हुए सख्त

### रजिस्ट्री कार्यालयों से बाहर होंगे अवैध रूप से कब्जा किए दस्तावेज लेखक

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने बुधवार को कार्यालय में फरियादियों की शिकायतें सुनीं। उन्होंने एक-एक कर फरियादियों की समस्याओं के बारे में जानकारी हासिल कर संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण के लिए निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारी फरियादियों की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। जनता दर्शन के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष जलालपुर तहसील के एक फरियादी द्वारा मांग की गई कि रजिस्ट्री ऑफिस में अन्य दस्तावेज लेखकों की तहर हमें जमीन मुहैया कराई जाएं। जिससे मैं भी अन्य दस्तावेज लेखकों की तरह बैनामा लेखक का कार्य कर सकूं। जिस पर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने फरियादी को बताया कि इस तरह का कोई प्रविधान नहीं हैं और न ही हम जमीन मुहैया कराएंगे। जिसके बाद जिलाधिकारी ने जिम्मेदार से तहसीलों में दस्तावेज लेखकों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने जनपद की पांचों तहसीलों के उपजिलाधिकारी को रजिस्ट्री ऑफिस में अवैध रूप से अतिक्रमण किए हुए दस्तावेज लेखकों को तहसील परिसर से हटाने के लिए निर्देशित किया।

**अमृत विचार:** जिलाधिकारी ने बुधवार को भीटी तहसील क्षेत्र में अवैध रूप से हुए मिट्टी खनन के मामले में हीलाहवाली करने पर तहसीलदार भीटी को जमकर फटकार लगाई। जिलाधिकारी ने बिना अनुमति के खनन करने पर तहसीलदार को सर्किल रेट से पांच प्रतिशत का जुर्माना लगाने के लिए निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार भीटी को जिलाधिकारी कार्यालय में तलब किया है। उन्होंने तहसीलदार को अवैध खनन पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

बता दें कि जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला द्वारा दिए गए निर्देश के क्रम में ग्राम रेउना परगना मिझौड़ा तहसील में तालाब गाटा संख्या 1 कमि. में खोदी गई मिट्टी का स्थलीय और



अनुपम शुक्ला, जिलाधिकारी।

अभिलेखीय जांच नायब तहसीलदार भीटी, खनन अधिकारी और राजस्व निरीक्षक महरूआ की उपस्थिति में की गई। जांच में पाया गया कि राजस्व ग्राम रेवना परगना मिझौड़ा तहसील भीटी स्थित गाटा संख्या 1 कमि. रकबा 5.4450 हेक्टेयर राजस्व अभिलेख में तालाब के खाते में अंकित है। उक्त गाटे का मत्स्य पालन आवंटन सुभाष चंद्र पुत्र बाबूलाल निवासी ग्राम सुरजूपुर मत्स्य जीबी सहकारी समिति लि. प्रतापपुर चमुर्खा तहसील अकबरपुर के पक्ष में 10 वर्षीय नीलामी पट्टा ग्राम रेवना तहसील भीटी के पक्ष में हुआ है। उक्त तालाब उबड़-खाभड़ है। मत्स्य पालन के लिए तालाब की खोदाई हेतु आवंटी द्वारा अपनी सहमति से राज कान्ट्रक्शन प्रा. लि. गोरखपुर को दिया है। राज कान्ट्रक्शन प्रा. लि. द्वारा 10 हजार घन मीटर साधारण मिट्टी पटाई के लिए भारतीय खाद्य निगम के साइलों कम्प्लेक्श निर्माण परियोजना में ले गए है। वर्तमान समय में खनन अनुमति प्राप्त नहीं की गई है।

**अवैध रूप से 10 हजार घनमीटर मिट्टी की हुई है खोदाई :** बिना खनन अनुमति के दस हजार घनमीटर मिट्टी की खोदाई राज कान्ट्रक्शन प्रा. लि. द्वारा की गई है, जो कि उत्तर प्रदेश उप खनिज नियमावली-2021 के नियम 3 व 58 के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। प्राप्त रिपोर्ट पर जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने तहसीलदार भीटी और खनन अधिकारी को अवैध खननकर्ता राज कान्ट्रक्शन प्रा. लि. पर उत्तर प्रदेश उप खनिज नियमावली-2021 के अंतर्गत दिए गए प्रावधानों के तहत नियमानुसार विधिक कार्रवाई करते हुए अधिकतम अर्थदंड अधिरोपित किए जाने के निर्देश दिए।

### बाइक सवार ने बच्चे को मारी जोरदार टक्कर हालत गंभीर

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** जलालपुर विकासखंड क्षेत्र के कर्बला बाजार में बुधवार को दर्दनाक हादसा हुआ। बसखारी की ओर से आ रहे एक शराबी बाइक चालक ने बच्चे को जोरदार टक्कर मार दी। घटना के समय आरोपी बाइक चालक नशे की हालत में था। वह बाइक को अनियंत्रित तरीके से चला रहा था। टक्कर लगने से बच्चे को गंभीर चोटें आई हैं। पीड़ित बच्चा ग्राम कासिमपुर का रहने वाला है। वह कुछ सामान खरीदने के लिए बाजार आया था। स्थानीय लोगों ने घायल बच्चे को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी बाइक चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पुलिस ने युवक की हत्या के मामले में चार आरोपियों को किया गिरफ्तार, एक फरार

जलालपुर, अंबेडकरनगर



पुलिस की गिरफ्त में चारों आरोपी युवक। अमृत विचार

**अमृत विचार:** विगत दिनों जैतपुर थाना क्षेत्र के सेहरी गांव में मृतक युवक के मामले में पुलिस ने हत्या का खुलासा करते हुए हत्या में संलिप्त चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय दिया है। वहीं एक आरोपी फरार है, जबकि मृतक की पत्नी ने तीन लोगों को नामजद करते हुए कुछ अज्ञात के नाम तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस की जांच में यह तीनों निर्दोष पाए गए।

बता दें कि बीते 15 जून को जैतपुर थाना क्षेत्र के सेहरी गांव के निकट तमसा नदी के किनारे जौनपुर जनपद के सरपतहा थाना अंतर्गत अरसिया गांव निवासी अब्दुल रवीश का शव पाया गया था। तत्पश्चात पुलिस बारीकी से मामले की जांच करने में जुट गई। इसी बीच बीते मंगलवार को मृतक की पत्नी रेहाना बानो जैतपुर थाने पर पहुंची और सत्यम, प्रद्युम्न, धर्मेंद्र तथा कुछ अज्ञात के खिलाफ

- तमसा नदी के किनारे युवक के शव मिलने का मामला

तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया। पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर सभी के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच-पड़ताल शुरू की। जांच पड़ताल और विवेचना के दौरान इन सबकी संलिप्तता नहीं पाई गई तथा जांच के दौरान अन्य लोगों के नाम सामने आए। पुलिस ने बुधवार को मालीपुर थाना क्षेत्र के सुरहुरपुर बाजार मोड़ के पास से हत्या में संलिप्त रवि उर्फ सुमित और राजकुमार निवासी लोरपुर थाना अखंड नगर जनपद सुल्तानपुर, बृजेश निवासी रामनगर थाना अखंड नगर जनपद सुल्तानपुर तथा अंकुर निवासी हुसैनपुर विपहन थाना मालीपुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से दो बाइक भी बरामद की है। पुलिस ने सभी आरोपियों को हिरासत में लेते हुए न्यायालय पेश किया। पुलिस टीम में उप निरीक्षक दिनेश चंद्र मिश्र समेत तमाम लोग शामिल रहे।

# डीएम ने कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों का किया निरीक्षण



कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते जिलाधिकारी व अन्य। अमृत विचार

संवाददाता, आजमगढ़

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा पूर्वांचल लिंक एक्सप्रेस-वे के संभावित उद्घाटन कार्यक्रम के दृष्टिगत जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना ने जनप्रतिनिधियों और अन्य अधिकारियों के साथ पवई के चकिया में कार्यक्रम स्थल पर की जा रही तैयारियों का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने हेलीपैड, मंच, फोटो गैलरी, सैंड आर्ट आदि का निरीक्षण कर संबंधित नोडल अधिकारियों को समय से सारी व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ड्यूटी में लगे समस्त नोडल व सहायक नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल पर निर्धारित समय से 3 घंटा पूर्व उपस्थित होकर सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी को निर्देश दिए कि पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे से कार्यक्रम स्थल तक जाने वाले रास्तों व मोड़ पर जगह-जगह साइनेज लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने डीसी मनरेगा को निर्देशित किया कि वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त पार्किंग स्थल का चयन करते हुए इमरजेंसी पार्किंग की भी वैकल्पिक व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आजमगढ़ ध्रुव कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष लालगंज विनोद राजभर, मुख्य विकास अधिकारी परीक्षित खटाना, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गंभीर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) चिराग जैन सहित नोडल व सहायक नोडल अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## सार-संक्षेप

### छह दिवसीय यूनुसी उर्स मेला कल से



दरगाह शाह यूनुस शाह अब्दुल्लाहपुर।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** मोहल्ला अब्दुल्लाहपुर स्थित आस्ताना-ए-यूनुसिया पर छह दिवसीय वार्षिक उर्स मेले का आयोजन 20 जून से 25 जून तक होगा। कार्यक्रम में देश के प्रसिद्ध कौव्वाल, नातख्वां और शायर-ए-इस्लाम शामिल होकर अपने फन का मुजाहिरा करेंगे। उर्स मेला आयोजन समिति के संयोजक अबुल द्वफायक मसऊद महबूबी ने बताया कि 64वें दौर के उक्त कार्यक्रम का आगाज 20 जून को रात्रि 08 बजे जल्स, सीरते पाक से होगा। जिसमें रसूले अकरम के पवित्र जीवन से संबंधित उल्लेख किया जाएगा। 21 जून को सुबह कुरानखानी रात्रि में अखिल भारतीय नातिया मुशायरा। 22 जून को सुबह कुरानखानी रात्रि 08 बजे शाह यूनुस शाह के पीर मुर्शिद अर्थात धर्मगुरु का फातिहा एवं पुत्र और उत्तराधिकारी शाह महबूबुल हसन सुहैल रहमतुल्लाह अलैह का जश्न होगा।

### धूमधाम से मनाया गया सरयू छठी महोत्सव



विभूतियों को सम्मानित करते उद्योगपति विश्वास स्वरूप अग्रवाल।

**अयोध्या, अमृत विचार :** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नमामि सरयू सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में संत तुलसीदास कच्चा घाट पर सरयू मैया के जन्मोत्सव की छठी का महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। छठी महोत्सव पर मां सरयू की दिव्य, भव्य फूलबंगला झांकी सजाई गई। इसके अलावा सरयू मैया का पूजन-अर्चन, अभिषेक, महाआरती, बधाई, भजन, भंडारा, प्रसाद वितरण आदि कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नमामि सरयू सेवा ट्रस्ट संरक्षक एवं मणिरामदास छावनी उत्तराधिकारी महंत कमलनयन दास शास्त्री महाराज मौजूद रहे। जिन्होंने मां सरयू का सवा कुंतल दूध से अभिषेक कर पूजन-अर्चन किया। उसके बाद दीपदान कर 51 सौ बत्ती से सरयू मैया की भव्य महाआरती उतारी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अवध प्रांत के प्रांत प्रचारक कौशल जी, राज्य सूचना आयुक्त पदुम नारायण द्विवेदी, उद्योगपति विश्वास स्वरूप अग्रवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं भजन संध्या में कलाकारों ने अपने मनमोहक भजनों से छठी महोत्सव में चार-चांद लगा दिया। भजन संध्या का कार्यक्रम सायंकाल से शुरू होकर देर रात्रि तक चलता रहा। इस अवसर पर आयोजित भंडारे में काफी संख्या में भक्तजनों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### पीडीए पंचायत कार्यक्रम और मतदाता सूची पर चर्चा 21 को

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार :** आलापुर विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी की महत्वपूर्ण बैठक 21 जून को आयोजित की जाएगी। बैठक रामनगर स्थित कार्यालय में सुबह 11 बजे से होगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देश पर यह बैठक बुलाई गई है। बैठक में पीडीए पंचायत कार्यक्रम और मतदाता सूची पर चर्चा होगी। साथ ही संगठन को मजबूत बनाने के लिए रणनीति बनाई जाएगी। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और आलापुर के विधायक त्रिभुवन दत्त बैठक में मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। आलापुर के विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र यादव ने बताया कि सभी वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और फ्रंटल संगठन के सदस्यों को बैठक में समय पर पहुंचने का निर्देश दिया गया है।

### पिता की हत्या करने वाला हत्यारोपी पुत्र गिरफ्तार

**आजमगढ़, अमृत विचार :** जिले के सिधारी थाना क्षेत्र के हरबंशपुर में दो दिन पूर्व ईंट के प्रहार से पिता की हत्या करने वाले पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। बीते 16 जून को वादी मुकदमा सुभाष चन्द पुत्र स्व. बरसाती राम निवासी हरवंशपुर थाना सिधारी जनपद आजमगढ़ लिखित तहरीर दी कि 15 जून को अभियुक्त सुनील कुमार गौतम पुत्र विजयी राम निवासी हरबंशपुर थाना सिधारी ने अपने पिता विजयी राम पुत्र स्व. बरसाती राम उम्र करीब 62 वर्ष को कहासुनी में ईंट से मारकर गम्भीर रूप से घायल कर दिया गया। गत 16 जून को घर का दरवाजा खोलने पर मृत अवस्था में मिले। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। बुधवार को प्रभारी निरीक्षक सिधारी शशिचन्द चौधरी, निरीक्षक शिवकुमार यादव, उ.नि. मो. जावेद सिद्दीकी, उ.नि. मो. इस्लाम, चौकी प्रभारी मूसेपुर उ.नि. धर्मेन्द्र शर्मा मय हमराह द्वारा जाफरपुर परानापुर मोड़ के पास से आरोपी सुनील कुमार गौतम पुत्र विजयी राम साकिन हरबंशपुर थाना सिधारी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त सीमेंट की ईंट को बरामद किया है। इसके बाद को आरोपी बेटे को जेल भेज दिया।

### कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**आजमगढ़, अमृत विचार :** बरदह थाना क्षेत्र में आजमगढ़-जौनपुर मार्ग पर बेलाखास मोड़ के पास मंगलवार की देर रात कार की टक्कर से बाइक सवार बीज विक्रेता की मौत हो गई। वह दुकान बंद कर घर जा रहा था। दुर्घटना के बाद अनियंत्रित कार पोल से टकरा गई। स्थानीय लोगों ने कार सहित चालक को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। गंभीरपुर थाना क्षेत्र केकलंदरपुर गांव निवासी हरिकेश मौर्य (50 वर्ष) की ढेकमा बाजार में बीज की दुकान है। वह रात करीब 10 बजे दुकान बंद कर बाइक से घर जा रहे थे। बेलाखास गांव के मोड़ पर पहुंचे थे। इस दौरान पीछे से आ रही कार ने उसे टक्कर मार दी। इसके बाद कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोग पहुंचे। घायल हरिकेश मौर्य को एबुंलेस से मोहम्मदपुर सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। युवक के दो बेटा व एक बेटी है, घटना के बाद से पत्नी पुष्पा सहित परिवार के लोग रो-रोकर बेहाल हैं।

### लोगों को दी गई आयकर संबंधी जानकारी




लोगों को जानकारी देते शिव गोविंद सिंह। अमृत विचार

**आजमगढ़, अमृत विचार :** आयकर विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम के तहत स्रोत पर कर-कटौती व संग्रहण (टीडीएस / टीसीएस) एवं अग्रिम कर जमा करने के संबंध में भारतीय स्टेट बैंक रैदोपुर में बुधवार को सेमीनार का आयोजन किया गया। आयकर अधिकारी शिव गोविन्द सिंह ने लोगों को आयकर अधिनियम के अंतर्गत टीडीएस व टीसीएस एवं अग्रिमकर, शस्तियों एवं अभियोजन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने ने आयकर विभाग द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम के तहत आयकर विवरणी में उचित कटौतियों का ही क्लेम किया जाए एवं किसी भी दशा में आयकर विवरणी में गलत क्लेम पाए जाने की स्थिति में आयकर अधिनियम के अनुसार पेनाल्टी के प्रावधानों से अवगत कराया। इस मौके पर विपिन सिंह आयकर निरीक्षक, पुष्पेन्द्र आयकर निरीक्षक, नवीन शुक्ला, शशि प्रकाश कर सहायक, नितीन कुमार, मुस्ताक अहमद, अजय शर्मा, मनीष मिश्रा, मुहम्मद अख्तर, मुख्य शाखा प्रबन्धक अंजनी श्रीवास्तव व अन्य कर्मचारी एवं बैंक ग्राहक उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम** — निरीक्षण समिति ने जिला कारागार में बन्दियों और वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के हितार्थ विधिक साक्षरता शिविर का किया आयोजन

# अपर जिला जज ने बंदियों को नए कानूनों के बारे में दी जानकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



जिला कारागार में बंदियों को उनके हक के बारे में जानकारी देते अपर जिला जज भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता व अन्य। अमृत विचार

### परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का दिया निर्देश

निरीक्षण समिति द्वारा जिला कारागार और महिला बैरक का निरीक्षण कर बन्दियों से मुलाकात की और उनके भोजन व स्वास्थ के सम्बन्ध में पूछा गया। अपर जिला जज ने मुकदमे की स्थिति के सम्बन्ध में भी बात की गई तथा जेलर को परिसर की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिए जाने के लिए निर्देशित किया और बढ़ती हुई गर्मी से बचाव तथा उनके स्वास्थय का ध्यान रखने तथा अस्वस्थता की अवस्था में चिकित्सा सुविधा दिलवाए जाने के लिए निर्देशित किया। अपर जिला जज निरीक्षण के दौरान कहा कि यदि किसी भी बंदी को नि:शुल्क विधिक सहायता और नि:शुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्रार्थना पत्र प्रेषित कर सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

**अमृत विचार:** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रीता कौशिक के निर्देशानुसार गुरुवार को जिला कारागार में स्वच्छता का महत्व, बीएनएस की धारा 479 और नए कानूनों के संबंध में वृद्धाश्रम अकबरपुर में वृद्धजनों के हितार्थ विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। वहीं शेल्टर होम्स निरीक्षण समिति ने जिला कारागार और वृद्धाश्रम का निरीक्षण किया। अपर जिला जज ने बन्दियों को नए कानूनों के विषय में उपयोगी जानकारी प्रदान की गई।

अपर जिला जज भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता ने स्वच्छता के महत्व विषय पर कहा कि स्वस्थ जीवन जीने के लिए स्वच्छता का विशेष महत्व है। स्वच्छता अपनाने से व्यक्ति रोग मुक्त रहता है और एक स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। अतः हर व्यक्ति को जीवन में स्वच्छता अपनानी चाहिए। हमें स्वच्छता से कभी समझौता नहीं करना चाहिए। यह जीवन में खाना, पानी और हवा की भांति अतिआवश्यक है और इस अच्छी आदत की शुरूआत अभिभावक अपने बच्चों को उनके बचपन से ही डलवा सकते हैं। अपर जिला जज द्वारा जेलर जिला कारागार को निर्देशित किया गया कि यदि बीएनएसएस 479 से सम्बन्धित कोई भी विचाराधीन बन्दी जिला कारागार में बन्द है और ऐसे बन्दी जिनकी जमानत न्यायालय से हो चुकी है लेकिन वह जमानतदार के अभाव में कारागार से रिहा नहीं हो पा रहा है तो उसकी सूचना से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को ससमय अवगत कराएं। जिससे आवश्यक कार्यवाही करते हुए सम्बन्धित बन्दी को रिहाई का प्रयास किया जा सके।

**वृद्धजनों को मिले पेंशन योजना का लाभ :** शेल्टर होम्स निरीक्षण समिति द्वारा वृद्धाश्रम निरीक्षण के दौरान वृद्धजनों से मुलाकात एवं बातचीत कर उनके स्वास्थ्य के सम्बन्ध में जानकारी ली और उनकी समस्याओं के बारे में जाना। कुछ वृद्धजनों द्वारा वृद्धा पेंशन न मिल पाने की बात बताई गई। अपर जिला जज ने वृद्धजनों का बढ़ती हुई गर्मी से बचाव और अस्वस्थ होने पर अविलम्ब चिकित्सा सुविधा दिलवाए जाने के लिए निर्देशित किया।

# जिलाधिकारी ने रोका मंडी सचिव का वेतन

संवाददाता, बलरामपुर



बैठक में मौजूद जिलाधिकारी व अन्य। अमृत विचार

**अमृत विचार।** डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर राजस्व वसूली एवं राजस्व वादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने स्टांप, खनन, आबकारी, जीएसटी, बाट माप विभाग आदि द्वारा राजस्व प्राप्ति की विस्तृत समीक्षा की एवं मासिक एवं वार्षिक लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति एवं सीएम डैश बोर्ड पर समय से फीडिंग एवं रैंक में सुधार लाने का निर्देश दिया।

बैठक से अनुपस्थित मंडी सचिव का वेतन रोके जाने का निर्देश दिया। उन्होंने राजस्व वादों, धारा - 34 के वाद एवं धारा 24 के वादों की समीक्षा की, उन्होंने 1 वर्ष से अधिक के लंबित वादों का प्राथमिकता के साथ निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया, धारा - 34 एवं धारा - 24 के वादों का निर्धारित समयावधि के भीतर निस्तारण किए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एडीएम न्यायिक, समस्त एसडीएम, तहसीलदार, जिला आबकारी अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, मुख्य कोषाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

**डीएम ने परखी राजस्व वसूली एवं राजस्व वादों की प्रगति**

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से बच्ची की मौत, दो अन्य घायल

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार।** स्थानीय थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली की चपेट में आने से 9 वर्षीय बालिका आंचल की मौत हो गई, जबकि उसके दो अन्य बच्चे आरुष (5) और मानसी (7) घायल हो गए। घटना पचपेड़वा के ग्राम पंचायत बैरिहवा के आजमडीह चौराहे पर हुई, जब बच्चे छत पर खेल रहे थे और अचानक आकाशीय बिजली गिरी। पारिवारिक जनों ने उन्हें निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टर ने आंचल को मृत घोषित कर दिया। यह जानकारी मृतका के चाचा प्रभु जायसवाल ने दी है। प्रभारी निरीक्षक थाना पचपेड़वा एसके त्रिपाठी ने बताया कि पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

# दिव्यांगजनों का छलका दर्द, मांगा आवास व रोजगार

## मोबाइल कोर्ट में राज्य आयुक्त ने सुनी दिव्यांगों की शिकायतें, निस्तारण के निर्देश

संवाददाता, गोंडा



मोबाइल कोर्ट में दिव्यांग की शिकायत सुनते राज्य आयुक्त। अमृत विचार

**अमृत विचार :** बुधवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित मोबाइल कोर्ट में दिव्यांगजनों का दर्द छलक पड़ा। दूर दराज क्षेत्रों से आए दिव्यांगजनों ने राज्य आयुक्त दिव्यांगजन को अपनी पीड़ा बताई। किसी ने आवास, शौचालय तो किसी ने रोजगार की मांग की। राज्य आयुक्त ने उनकी पीड़ा सुनकर उनके निराकरण का निर्दैल संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिया।

बुधवार को जिला पंचायत सभागार में मोबाइल कोर्ट का आयोजन किया गया। राज्य आयुक्त दिव्यांगजन हिमांशु शेखर झा व उपायुक्त शैलेंद्र सोनकर ने उपस्थित दिव्यांगों की समस्याओं को सुना। दिवाकर दत्त पांडेय ने रोजगार की मांग के साथ पुनर्वास केंद्र में सामान न मिलने की शिकायत की। दिव्यांग सूरज कुमार ने आवास की मांग की। नीलम ने कहा कि उन्हे ट्रायसायकिल, आवास व शौचालय नहीं मिला। उमेश कुमार ने बताया कि उन्हे तीन माह से पेंशन नहीं मिली है। रहने के लिए आवास नहीं है। सतगुरू ने बैटरी वाली गाड़ी व रोजगार की मांग की। साथ ही आरोप लगाया कि विभाग में जाने पर उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है।

दुर्गा प्रसाद ने कहा कि पेंशन नहीं मिली है। उन्होंने दिव्यांगता बढाने की भी मांग की। राजितराम ने बताया कि उन्हे ट्राय साइकिल नहीं मिली है। सरिता ने कहा कि उन्हें आवास नहीं मिला। राशन कार्ड भी नहीं बना है। महेश तिवारी ने अंत्योदय कार्ड की मांग की। साथ ही कहा कि गांव में पांच ब्रेकर बने हैं जो काफी ऊंचे है। ट्राय साइकिल निकालने में कठिनाई होती है। इस पर राज्य आयुक्त ने अधिशाषी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण को समस्या समाधान के लिए निर्देशित किया। अनूप चौधरी ने कहा कि उनके पास राशन कार्ड और आवास नहीं है। राजेश कुमार ने बताया कि बैट्री साइकिल नहीं है। 6 साल पहले मिली थी। खराब हो गयी है। चलने योग्य नहीं है। रवि साहू ने व्हीलचेयर, पेंशन, आयुष्मान कार्ड नहीं बना। उन्होंने कहा कि आर्थिक सहायता नहीं मिली।

पवन कुमार तिवारी ने बताया कि उन्हे तीन साल से पेंशन नहीं मिल रही है। माधुरी देवी ने बताया कि उनका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। इस पर राज्य आयुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिव्यांगजनों का समस्या का समाधान कराने का निर्देश दिया। इस दौरान जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह समेत अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### बैंक में दिक्कत है तो नेशनल पोस्ट पेटेंट बैंक में खुलवाएं खाता

मोबाइल कोर्ट में पेंशन न मिलने की कई शिकायतें आईं। इस पर जिला दिव्यांगजन कल्याण अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह ने लाभार्थियों को बताया कि उनके बैंक खातों का एनपीसीआई न होने के कारण इस तरह की समस्या आ रही है। अगर बैंक खाता एनपीसीआई से मैप नहीं है तो पेंशन संबंधित खाते में नहीं जायेगी। इसलिए अगर किसी लाभार्थी को बैंक में एनपीसीआई कराने में दिक्कत हो रही हो तो वह नेशनल पोस्ट पेमेंट बैंक में अपना खाता खुलवा सकते हैं। वहां खाता खोलने के दौरान ही एनपीसीआई मैपिंग हो जाती है जिससे पेंशन भुगतान में दिक्कत नहीं होती।

# सभासद के नेतृत्व में सैकड़ों लोगों की जुटी भीड़

**बलरामपुर, अमृत विचार।** आदर्श नगर पालिका परिषद सभागार में अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह धीरू द्वारा झारखंडी सरोवर सौन्दर्यीकरण को लेकर शहर के उलमा एकेराम व स्टेट प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित किया गया था। जिसकी सूचना मिलते ही सभासद मोहम्मद कुमैल अंसारी उर्फ रिंकू के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में लोगो को एकत्रित कर लिया साथ ही सोशल मीडिया पर भ्रामक प्रचार प्रसार भी होने लगा। सूचना पर नगर कोतवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने भीड़ को तितर बितर कर दिया।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने बताया कि सभी धर्मगुरुओं साथ बैठक होने पर कुछ ठोस परिणाम निकलता लेकिन कुछ लोगों के राजनीतिक मंसूबे पर पानी फिर जायेगा इसलिए काफी भीड़ एकत्रित कर दबाव बनाने की कोशिश करने लगे, विवाद करने की मंशा को देखते हुए बैठक स्थगित कर दिया गया। बैठक हेतु मुफ्ती-ए-शहर मशीह अहमद, डॉ.इकबाल, मौलाना अब्दुल वहाब, मो उमर, जैनुल आबेदीन, नईम, नूर मोहम्मद निसार वारिस मो०अब्बास हसन कुरैशी, राज परिवार के कर्नल आर के मोहंता, बृजेश सिंह, एडवोकेट राजकुमार श्रीवास्तव, गुलाम नवी मौजूद रहे।

**बैठक स्थगित**

**नगरपालिका में झारखंडी सरोवर सौन्दर्यीकरण को लेकर स्टेट प्रतिनिधियों व उलमा एकेराम की आयोजित थी बैठक**

# महिला पर फर्जी दिव्यांग प्रमाण पत्र बनवाकर पेंशन लेने का आरोप

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचारः** विकास खंड मनकापुर क्षेत्र के मुरालपुरवा दतौली निवासी राज नारायण पाण्डेय ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर फर्जी दिव्यांग प्रमाणपत्र के आधार पर पेंशन लेने के मामले में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

शिकायतकर्ता राज नारायण के अनुसार दतौली के मजरा धर्मजोत गांव की महिला नन्दनी शुक्ला पत्नी लोकेश शुक्ला दिव्यांग प्रमाणपत्र के बिना ही पेंशन ले रही थी। जब इस संबंध में जांच की गई, तो खंड विकास अधिकारी मनकापुर की रिपोर्ट में भी यह तथ्य सामने आया कि नन्दनी शुक्ला के पास कोई वैध दिव्यांग प्रमाणपत्र नहीं है। इसके बावजूद नन्दनी शुक्ला लंबे समय से दिव्यांग पेंशन का लाभ उठा रही थी। जांच के दौरान उनसे दिव्यांग प्रमाण पत्र की मांग की गई जो वो नही दे पाई और इसी कारण उसकी पेंशन रोकी गई है।राज नारायण का कहना है कि यह न केवल सरकारी धन की हानि है, बल्कि असली जरूरतमंदों के अधिकार का हनन भी है। उन्होंने मांग की है कि संबंधित महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कूटरचना से लिये गए सरकारी धन की वसूली की जाए। ताकि आगे कोई इस प्रकार की फर्जीवाड़ा न कर सके।

इस मामले पर जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी ने भी संबंधित खंड विकास अधिकारी की जांच रिपोर्ट को आधार बनाते हुए यह स्पष्ट किया कि नन्दनी शुक्ला के पास प्रमाणपत्र नहीं है और नियम विरुद्ध पेंशन ली जा रही थी। जिसे रोक दिया गया है। इस विषय पर रिपोर्ट जिलाधिकारी को प्रस्तुत कर दी गई है।

# मानसून व बाढ़ को दृष्टिगत रखते हुये बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

**बलरामपुर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने आगामी मानसून व बाढ़ को दृष्टिगत रखते हुये खण्डवार अवर अभियन्ताओं की ड्यूटी तीन पालियों में प्रातः 06:00 बजे से 02:00 बजे तक प्रथम पाली, अपराह्न 02:00 बजे से 10:00 बजे तक द्वितीय पाली व रात्रि 10:00 प्रातः 06:00 बजे तक तृतीय पाली तक जिला आपदा प्रबन्धन केन्द्र, बलरामपुर/ईओसी कलेक्ट्रेट में स्थापित जिला बाढ़ नियंत्रण कक्ष में अग्रिम आदेश तक लगाई गयी है। उन्होंने सभी सम्बन्धित को निर्देशित किया है कि समय से अपनी ड्यूटी पर उपस्थित रहकर बाढ़ नियंत्रण का निष्पादन करेंगे।

बाढ़ नियंत्रण कक्ष के प्रभारी अपर उप जिलाधिकारी कलेक्ट्रेट बलरामपुर होंगें। ड्यूटी पर लगाये गयें कर्मचारियों की उपस्थिति का नियंत्रण करेंगें। यदि कोई कर्मचारी ड्यूटी से अनुपस्थित रहता है अथवा समय से नही आता है या उपस्थिति पंजिका पर हस्ताक्षर बनाकर ड्यूटी कक्ष से अनुपस्थित हो जाता है तो उसकी सूचना अपर जिलाधिकारी (वि/रा0) बलरामपुर को देंगें तथा उस कर्मचारी के विरुद्ध आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 में विहित प्राविधानों के तहत कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने समस्त अवर अभियन्ताओं को निर्देशित करते हुये कहा कि ससमय उपस्थित होकर बाढ़ कन्ट्रोल रूम में बाढ़ खण्ड/सिंचाई विभाग/डेनेज खण्ड व अन्य विभागों से सम्बन्धित प्राप्त होने वाली शिकायतों को निस्तारण सुनिश्चित करायेंगे तथा प्राप्त शिकायतों का शिकायत पंजिका में शिकायतकर्ता के सम्पूर्ण विवरण व निस्तारण का अंकना अनिवार्य रूप से कराना होगा व निस्तारण के सम्बन्ध में दैनिक आख्या कन्ट्रोल रूम प्रभारी को उपलब्ध करानी होगी। इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।

**अभियंताओं की तीन पालियों में लगायी गयी ड्यूटी**

सक्रियता | प्रशिक्षण के लिए पहुंचे आरक्षियों से एसपी ने किया संवाद, सुविधाओं का लिया जायजा

# प्रशिक्षु आरक्षियों को पढ़ाया अनुशासन व कर्तव्यनिष्ठा का पाठ

संवाददाता, गोंडा



सुविधाओं को लेकर जानकारी करते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार

**अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बुधवार को पुलिस लाइन में आरक्षी भर्ती-2023 के तहत जेटीसी प्रशिक्षण के लिये आए आरक्षियों से संवाद कर प्रशिक्षण संबंधी आवश्यक जानकारी ली। ज्वॉइनिंग ट्रेनिंग कोर्स के प्रथम चरण के लिये पुलिस लाइन में आये हैं।

एसपी ने प्रशिक्षण के प्रारंभिक चरण में ही प्रशिक्षु आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन, जनसेवा एवं पुलिस कार्य की मूल अवधारणाओं से अवगत कराने की आवश्यकता पर बल दिया गया। उन्होंने प्रशिक्षणाधीन जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस के भविष्य हैं। आपके प्रशिक्षण का उद्देश्य केवल शारीरिक दक्षता तक सीमित नहीं, बल्कि आपको एक संवेदनशील, कर्तव्यपरायण एवं समाजोन्मुख पुलिसकर्मी के रूप में तैयार करना है।

संवाद के दौरान प्रशिक्षु आरक्षियों ने प्रशिक्षण, अनुशासन और विभागीय व्यवस्थाओं को लेकर अपने विचार साझा किए। पुलिस अधीक्षक ने मेस, बैरक, शौचालय, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता, एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने कुछ बैरकों में साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार लाने को कहा। पेयजल की उपलब्धता तो सुनिश्चित है, परन्तु गुणवत्ता की जांच नियमित हो। मेस में पोषणयुक्त भोजन एवं समयबद्धता का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए। भोजन की गुणवत्ता को लेकर प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन सहित संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि समस्त व्यवस्थाएं गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध रूप से सुचारु रहें। प्रशिक्षण के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना अभ्यर्थियों को न करना पड़े, इसके लिए निरंतर निगरानी एवं समीक्षा की जाए। निरीक्षण के दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन शिल्पा वर्मा, प्रशिक्षु उपाधीक्षक शमयंक मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### स्वास्थ्य कर्मी के रिश्वत लेने का वीडियो वायरल

**गोंडा, अमृत विचार :** मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य कर्मी द्वारा रिश्वत लिए जाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य ने जांच कराने की बात कही है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें एक युवक जिसको मेडिकल कॉलेज का स्वास्थ्य कर्मी बताया जा रहा है। वह रुपये लेते दिख रहा है। बताया जाता है कि नगर कोतवाली क्षेत्र के परेड सरकार गांव की एक महिला मेडिकल कॉलेज के द्वितीय तल पर मेडिकल वार्ड में भर्ती है। परिजनों का आरोप है कि उसके नाक में नली लगी हुई है। उसको निकालने तथा इंजेक्शन लगाने के नाम पर पैसा मांगा जा रहा था। जब पैसा दिया गया तब कर्मी ने नली को निकाला। वायरल वीडियो को लेकर मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य धनंजय कोटा स्थाने ने बताया कि वायरल वीडियो का जांच कराई जा रही है। दोषी मिलने पर संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### भाई पर जबरन कब्जा करने का आरोप

**बलरामपुर, अमृत विचार।** थाना रेहरा बाजार क्षेत्र के ग्राम पेहर निवासी इरशाद खान ने अपने सगे भाई पप्पू उर्फ हमीद खां पर तीन लाख रुपये की उधारी न लौटाने और जबरन ईंटों पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़ित का कहना है कि उसने मकान निर्माण के लिए खरीदी गई ईंटों पर उसका भाई जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहा है और उधार दिए गए पैसे भी नहीं लौटा रहा है। पीड़ित ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक से न्याय की मांग की है।

### उप निबंधक को दी विदाई

**मनकापुर, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन मनकापुर के तत्वावधान में बुधवार को तहसील सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह समारोह उप निबंधक हीमेंद्र कुमार उपाध्याय के सम्मान में आयोजित किया गया, जिसमें उनके तीन वर्ष ग्यारह माह के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता बार एसोसिएशन के अध्यक्ष भानुप्रताप मिश्र ने की, जबकि संचालन पूर्व अध्यक्ष सीके पाठक द्वारा किया गया।

### 70 लोगों को वितरित किया गया आयुष्मान कार्ड

**पचपेड़वा, बलरामपुर।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आयुष्मान कार्ड वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्लॉक प्रमुख मनोज कुमार तिवारी ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और 70 लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गए। आयुष्मान कार्ड के माध्यम से मरीजों को नि:शुल्क उपचार और अच्छी सुविधा मिलती है। डॉक्टर विजय कुमार अधीक्षक सीएचसी पचपेड़वा ने बताया कि 70 वर्ष से अधिक आयु के लोग आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवा लें ताकि आसानी से उपचार करवा सकें।

### डॉ. राजेश बने एबीवीपी के जिला प्रमुख

**बलरामपुर।** एबीवीपी के प्रांत अभ्यास वर्ग में बलरामपुर जिले के लिए नई घोषणाएं की गई हैं। डॉ. राजेश चतुर्वेदी, जो बलरामपुर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य हैं, को जिला प्रमुख बनाया गया है। डॉ. अनुज सिंह, जो एमएलके पीजी कॉलेज में भूगोल विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर हैं, को जिला सह प्रमुख की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा, अनुराग तिवारी को जिला संयोजक और युवराज सिंह को जिला सह संयोजक बनाया गया है। अनुज सिंह को पुन: जिला संगठन मंत्री के रूप में नियुक्त किया गया है, जबकि अजय शुक्ला विभाग संगठन मंत्री के रूप में अपनी भूमिका जारी रखेंगे।



### दबंगों से सहमा परिवार लगाई न्याय की गुहार

**तरबगंज :** ग्राम नगदही के मजरा तमकुही में जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हो गई जिसमें धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया गया था। उसके बाद से बराबर जान-माल की धमकी दी जा रही है जिससे परिवार सहमा हुआ है और एसपी से न्याय की गुहार की है। पीड़ित रामशरन उपाध्याय ने बताया कि भूमि विवाद को लेकर विपक्षी श्याम सुन्दर अपने मददगारों के साथ मिलकर उस पर 12 जून को धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया था। जिससे पूरा परिवार सहमा हुआ है। हमले के बाद से जान-माल की धमकी दी जा रही है। न्याय दिलाए जाने की मांग को लेकर आनलाइन शिकायत एसपी, डीआईजी देवीपाटन व डीजीपी से की है।कोतवाल कमलाकांत त्रिपाठी ने बताया कि मारपीट की शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। जांच हो रही है।

## सार-संक्षेप

### शुभांशी को मिलेगा भारत श्री सम्मान

**बलरामपुर।** बलरामपुर की बेटी शुभांशी शुक्ला को उनके साहित्य, शिक्षा और सामाजिक योगदान के लिए "भारत श्री सम्मान" से नवाजा जाएगा। यह सम्मान समारोह 1 जुलाई 2025 को जयपुर के जगतपुरा में आयोजित होगा। शुभांशी शुक्ला एक प्रतिष्ठित लेखिका, कंटेंट राइटर और शिक्षिका हैं। उनकी कविताओं में गहरी भावनात्मकता और आत्मसंघर्ष झलकता है। उन्हें अखिल भारतीय अक्षर सम्मान, विकसित भारत समिट सम्मान और बेस्ट राइटिंग अवॉर्ड जैसे पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। शुभांशी शुक्ला बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज से स्नातक और काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से इतिहास में परास्नातक हैं। वह वर्तमान में एक स्कूल में कंप्यूटर शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि से बलरामपुर और उत्तर प्रदेश गर्वित महसूस कर रहा है।



### लाभार्थियों को वितरित किया आयुष्मान कार्ड

**बलरामपुर।** केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने पर बुधवार को भाजपा की ओर से शक्ति केंद्र गैसड़ी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पंचायत चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने लाभार्थियों में आयुष्मान कार्ड का वितरण किया। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने कहाकि केंद्र में मोदी सरकार गरीब कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास एवं सब का प्रयास भाजपा का मुख्य उद्देश्य है। कहाकि पीएम मोदी ने देश की जटिल समस्याओं को दूर करते हुए भारत को तेजी के साथ विकास पथ पर आगे लेकर जा रहे हैं। आज पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। आगामी 2027 तक भारत देश विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। इस अवसर पर जिला कार्य समिति सदस्य राजेंद्र ओझा, मंडल अध्यक्ष अजय सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष जगदंबा ठाकुर, बृज गोपाल पाण्डेय, डॉक्टर अरविंद कुमार, डॉक्टर सुरेंद्र कुमार व डॉक्टर नित्यानंद मिश्रा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### धूमधाम से मना श्री चित्रगुप्त मंदिर का स्थापना दिवस

**बलरामपुर।** श्री चित्रगुप्त सभा बलरामपुर के तत्वावधान में पूरवटोला स्थित श्री चित्रगुप्त मंदिर का 70वां स्थापना दिवस समारोह अत्यंत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा अध्यक्ष डॉ. पारितोष सिन्हा ने की। समारोह की शुरुआत भगवान श्री चित्रगुप्त की विधिवत पूजन से हुई जिसके पश्चात उपस्थित चित्रांशजनों ने मंदिर प्रांगण में सामूहिक हवन एवं आरती में भाग लिया। मंदिर के शास्त्री सभागार में आयोजित विचार गोष्ठी का संचालन चित्रांश दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने किया। सभा मंत्री राधिका प्रसाद श्रीवास्तव ने मंदिर स्थापना का संक्षिप्त इतिहास प्रस्तुत किया। प्रेम कुमार श्रीवास्तव एवं आदित्य प्रसाद श्रीवास्तव ने सभा की प्रगति व योगदान की जानकारी दी। स्थापना दिवस की संपूर्ण व्यवस्था आलोकित श्रीवास्तव द्वारा की गई। इस अवसर पर विजय प्रकाश श्रीवास्तव, राजेंद्र श्रीवास्तव, आदर्श श्रीवास्तव, विशाल, अभिषेक, विमल, शैलेन्द्र श्रीवास्तव, बलराम कुवर श्रीवास्तव, मसूदन श्रीवास्तव, भूपेन्द्र श्रीवास्तव, शतीश श्रीवास्तव, मुकेश श्रीवास्तव एवं लक्ष्मी प्रसाद श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा। समारोह के समापन पर सभा अध्यक्ष डॉ. पारितोष सिन्हा ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### रैली निकाल कर समझाया योग का महत्व

**बलरामपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग पखवाड़ा रैली निकाली गई। यह रैली क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय से शुरू होकर बलरामपुर नगर और भगवतीगंज होते हुए वापस कार्यालय पर समाप्त हुई। इस रैली में 100 से अधिक लोगों ने भाग लिया और योग के महत्व को समझाया। 21 जून को 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बड़ा परेड ग्राउंड स्टेडियम बलरामपुर में योग अभ्यास का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन की थीम "एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य" है। डॉ. दिग्विजय नाथ क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी ने बताया कि योग के माध्यम से शरीर की नाड़ियों का शोधन होता है, जिससे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। योग पखवाड़ा रैली का मुख्य उद्देश्य लोगों को योग के माध्यम से अपने शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए जागरूक करना है। इस रैली में भाग लेने वाले लोगों ने योग के महत्व को समझाया और लोगों को योग करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में कैलाश नाथ शुक्ला विधायक तुलसीपुर, निर्मल कुमार पांडे, बब्बल पांडेय और कई अन्य लोग उपस्थित थे। इसके अलावा, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय के कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### किसान दिवस में सुनी गईं किसानों की समस्याएं

**बलरामपुर।** उपनिदेशक कृषि कार्यालय में किसान दिवस का आयोजन संपन्न हुआ। इस अवसर पर नवागत उप कृषि निदेशक श्याम नरायण राम ने किसानों की समस्याओं को सुना और उनके निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। बैठक में छुट्टा जानवरों की समस्या, नहरों में पानी की समस्या और अन्य मुद्दों पर चर्चा हुई। किसानों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें ग्राम पंचायत गंगापुर शेखरपुर में छुट्टा जानवरों को पकड़वाकर गौआश्रय स्थल पर संरक्षित कराने और ग्राम बंजरिया में नहर पर ब्रेकर लगवाने की मांग शामिल थी। कृषि वैज्ञानिक डॉ. गिरजेश कुमार जयसवाल ने किसानों को धान की नर्सरी लगाने की विधि और कीट रोग से बचाव की जानकारी दी। उप कृषि निदेशक ने सभी विभागीय अधिकारियों को समस्याओं का समुचित निराकरण करने और अनुपालन आख्या कार्यालय में उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी और किसान उपस्थित थे।

### बदहाल विद्युत आपूर्ति को लेकर आप का हल्ला बोल

**गोंडा :** बिजली कटौती के विरोध में आम आदमी पार्टी ने धरना प्रदर्शन कर मांग पत्र सौपा है। बदहाल विद्युत व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता अंबेडकर चौराहे पर विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया है। आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अजय कुमार मिश्रा अज्जू पंडित ने कहा कि बिजली कटौती से आम आदमी परेशान है। जनता त्रस्त हो चुकी है। लेकिन उसकी कहीं कोई सुनवाई नहीं हो रही है। भीषण गर्मी में विद्युत कटौती से जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। जिले में 10 से 12 घंटे तक बिजली की कटौती की जा रही है। बच्चे पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। बिजली न आने से पानी की आपूर्ति भी प्रभावित हो रही है। उन्होंने कहा कि किसानों को बिजली नहीं मिल पा रही जिससे फसल सूख रही है। सरकार बिजली देने के बजाय बिजली के दाम में बढ़ोतरी कर रही है। प्राइवेट कंपनियों को बिजली बिल निकालने का ठेका दे दिया गया है, जिससे आम आदमी परेशान हैं। ज्ञापन में प्रदेश सरकार से विद्युत आपूर्ति में सुधार लाने की मांग की गई है। फर्जी मीटर रीडिंग पर भी रोक लगाने की मांग की गई है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में जिला उपाध्यक्ष योगेश प्रताप सिंह, डॉक्टर राजकुमार सिंह, आर्यन पांडे, कृष्ण भूषण, सत्येंद्र शुक्ला, राधेश्याम त्रिपाठी, अजय कुमार प्रभाकर, दिग्गज पांडे आदि लोग रहे।

### तकनीक आधारित खेती बताता है कृषि विज्ञान केंद्र

**गोंडा :** ग्रामीण क्षेत्रों में खेती को लाभकारी, वैज्ञानिक पद्धति और आत्मनिर्भर बनाने में कृषि विज्ञान केंद्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। दीनदयाल शोध संस्थान के अंतर्गत संचालित लाल बहादुर शास्त्री कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. सी.एम. त्रिपाठी ने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र किसानों के लिए ज्ञान का एक ऐसा स्रोत है, जो उन्हें परंपरागत खेती से आधुनिक, तकनीक आधारित और बाजारोन्मुख खेती की ओर अग्रसर करता है। डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र का मूल उद्देश्य किसानों, ग्रामीण महिलाओं और युवा उद्यमियों को वैज्ञानिक खेती, पशुपालन, कृषि यंत्रों, मृदा स्वास्थ्य, जल प्रबंधन, गृहविज्ञान, पोषण, जैविक खेती एवं फसल विविधिकरण की तकनीकी जानकारी देना है।

### श्रीदत्तगंज में गोल्डन कार्ड कैंप का आयोजन



गोल्डन कार्ड कैंप में पंजीकरण कराते बुजुर्ग। अमृत विचार

**महदेइया बाजार, बलरामपुर।** आयुष्मान जन आरोग्य व्यय वंदना कार्ड योजना के तहत बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र श्रीदत्तगंज में गोल्डन कार्ड कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन क्षेत्र पंचायत प्रमुख हेमंत जायसवाल ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेत्री शेरावाली शुक्ला एवं मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश त्रिगुनायत मौजूद रहे। कैंप के उद्देश्य एवं लाभार्थियों को मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी अधीक्षक डॉ. आनंद त्रिपाठी ने दी। कैंप में 70 से अधिक उम्र वाले बुजुर्गों का पंजीकरण किया गया, जिनमें से 12 पात्र लाभार्थियों को मौके पर गोल्डन कार्ड बनाकर वितरित किए गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा शिविर को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई गई। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के कैंपों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले जरूरतमंद लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य लाभ का सीधा फायदा मिल रहा है।

## एक नजर

### विशाल भंडारे और जागरण का आयोजन

**नवाबगंज, अमृत विचार** :नवाबगंज क्षेत्र के मैनपुर दुबौली गांव में दुर्गा मंदिर में मंगलवार को बाला जी महाराज की सेवा में भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शाम चार बजे से बालाजी महाराज और दुर्गा जी के विधिवत पूजा-अर्चन के साथ हुआ। इस दौरान गांव की महिलाओं ने भी भजन कीर्तन किया। शाम सात बजे से विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

### समर्पण से मिलते हैं प्रभु : राधेश्याम शास्त्री

**नवाबगंज** : स्थानीय कस्बे के गोला बाजार में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास राधेश्याम शास्त्री ने कहा की सत्य के अनुसंधान के दो मार्ग हैं, पहला परीक्षा करके दूसरा प्रतीक्षा करके। उन्होंने कहा की विज्ञान परीक्षा का मार्ग है। धर्म और आध्यात्म प्रतीक्षा का मार्ग है। कथावाचक ने कहा कि पूर्व के सभी शास्त्र, पुराण, धर्म ग्रन्थ, नमस्कार से शुरू होते हैं और वह नमस्कार केवल औपचारिक नहीं है।

### पैदल जा रहे युवक को बोलेरो ने मारी ठोकर

**इटियाथोक** : सड़क पर पैदल जा रहे युवक को तेज रफ्तार बोलेरो ने ठोकर मार दी। गंभीर हालत में किशोर को एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना थाने पर दी गई है। ग्राम अर्जुनपुर के नासिर खान ने बताया कि उनका बेटा तैयब खान (19) बुधवार की दोपहर बलरामपुर इटियाथोक मार्ग पर पैदल जा रहा था। शुकुलपुरवा गांव के पास पीछे से आई एक तेज रफ्तार बोलेरो ने उसे ठोकर मार दी। घटना के बाद चालक मौके से भाग निकला। घटना की तहरीर थाने पर दी गई है।

### जागरूकता अभियान के तहत की गई सफाई

**रुपईडीह** : वृहद स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत ब्लॉक की ग्राम पंचायत तेंदुआ चौखड़िया में फत्तेगढ़ न्याय पंचायत के सफाई कर्मियों की टीम ने सामुदायिक शौचालय, पंचायत सचिवालय, कूड़ा पृथक्करण केंद्र व नालियों की सफाई की। एडीओ पंचायत राधे रमण प्रजापति ने बताया कि इसके अलावा टीम के सदस्यों द्वारा ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी पैदा की गई। पंचायत सचिव रमेश कुमार, ग्राम प्रधान दिनेश कुमार व खंड प्रेरक अरविंद कुमार तिवारी भी उपस्थित रहे।

### स्थानांतरित कर्मचारी कार्यमुक्त

**रुपईडीह** : ब्लॉक के स्थानांतरित एडीओ आईएसबी आजम खान सहित ग्राम विकास व ग्राम पंचायत अधिकारियों को खंड विकास अधिकारी सत्य प्रकाश पांडेय ने कार्यमुक्त कर दिया है। खंड विकास अधिकारी ने बताया कि ब्लॉक के एडीओआईएसबी आजम खान को मनकापुर, ग्राम विकास अधिकारी प्रथमेश पाठक को कर्नलगंज, देवेंद्र कुमार पांडेय व मोहन कुमार मंगलम को इटियाथोक, ग्राम पंचायत अधिकारी यमुना प्रसाद व राजकुमार को हलधरमऊ तथा मालिक राम को बभनजोत के लिए कार्य मुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा यहां पर ग्राम विकास अधिकारी योगेश दूबे व नेहा कुशवाहा, ग्राम पंचायत अधिकारी विंध्यवासिनी व देवेश श्रीवास्तव ने कार्यभार ग्रहण किया है।

### आदर्श तिवारी को विभाग संयोजक की जिम्मेदारी

**परसपुर** : नगर पंचायत के नकई पुरवा निवासी आदर्श तिवारी आजाद को छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के गोंडा विभाग का विभाग संयोजक नियुक्त किया गया है। यह विभाग गोंडा बलरामपुर और नंदनीनगर इकाइयों को समाहित करता है। क्षेत्रीय युवाओं में उत्साह है और लोग इसे परसपुर की उपलब्धि के रूप में देख रहे हैं।

# मानव के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है श्रीमद्भागवत कथा

**गोंडा, अमृत विचार** : उतरौला रोड स्थित लक्ष्मणपुर तिवारी मार्केट के निकट वेदम इंटरनेशनल स्कूल श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। अयोध्या धाम से आये कथा वाचक पंडित विश्वनाथ शास्त्री ने कहा कि कथा सुनने से बच्चों के नैतिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक का विकास होता है।



विश्वनाथ शास्त्री कथावाचक।

मनुष्य के लिए श्रीमद् भागवत कथा प्रेरणा स्त्रोत है। कथा हमको जीवन जीने की विधा बताती है। उन्होंने कहा कि भगवान हर जगह है। वह सभी अच्छे बुरे कर्मों का लेखा-जोखा रखते हैं। इसलिए हर व्यक्ति को सद्कर्म करना चाहिए। कथा में श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, भक्त प्रह्लाद की भक्ति, ध्रुव की निष्ठा जैसे प्रेरक प्रसंगों की कथा कही। कथा की मुख्य यजमान लाजपती तिवारी है। कथा 22 जून तक चलेगी और 23 जून को कथा की समाप्त पर पूर्णाहुति होगा । 24 जून को भंडारे का आयोजन किया जाएगा । इस दौरान जय शंकर तिवारी,विरेन्द्र दुबे, शशांक सिंह, आशीष मिश्रा, वासुदेव शुक्ला, ग्राम प्रधान राजू यादव , चंदन तिवारी एवं देवानंद तिवारी, मीनाक्षी गुप्ता सहित तमाम श्रद्धालु भक्त उपस्थित रहे।

# गेहूं खरीद : लक्ष्य के समीप भी नहीं पहुंच पाईं क्रय एजेंसियां

संवाददाता, गोंडा

▸▸ 49 हजार एमटी था लक्ष्य,13 हजार मीट्रिक टन ही हो पाई खरीद

**2547** किसानों ने अपने गेहूं को सरकारी केंद्रों पर बेचा है

**अमृत विचार** : गेहूं खरीद सत्र 2025- 26 का समापन रविवार को हो गया, लेकिन खरीद एजेंसियां इस बार लक्ष्य के समीप भी नहीं पहुंच पाई। शासन की ओर से जो लक्ष्य मिला था वह एजेंसियों के लिए एवरेस्ट बन गया। जिले में 26.62 प्रतिशत गेहूं की ही खरीद हो पाई है। गेहूं खरीद सत्र 2025 -26 का शुभारंभ 17 मार्च से हुआ था जो 15 जून तक चला। न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना के तहत गेहूं किसानों से 2425 रुपये प्रति क्विंटल के भाव से खरीदा गया है। जो विगत साल से 150 रुपये अधिक था।

इस बार जिले को 49 हजार मीट्रिक टन गेहूं खरीद का लक्ष्य दिया गया था। गेहूं खरीदने की जिम्मेदारी 6 एजेंसियों खाद्य विभाग, यूपीएसस, पीसीयू, भारतीय खाद्य निगम, मंडी समिति, पीसीएफ को दी गयी थी लेकिन यह एजेंसियां लक्ष्य के करीब नहीं पहुंच सकी। तमाम भाग दौड़ के बावजूद जिले मे सिर्फ 13043 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद ही हो सकी जो लक्ष्य के सापेक्ष महज 26 फीसदी ही है।

**व्यापारियों ने समर्थन मूल्य से अधिक कीमत देकर खरीदा गेहूं** : जानकारों की मानें तो इस बार सरकार की तरफ से घोषित किए गए न्यूनतम समर्थन मूल्य से खुले बाजार में भाव अधिक रहा। यही कारण रहा कि किसानों ने सरकारी केंद्रों का रूख नहीं किया। व्यापारियों के पास ही अपना गेंहू बेचने में किसानों को फायदे या सौदा लगा। किसानों को सरकारी केंद्रों तक लाने के लिए अधिकारियों ने दौड़ धूप तो खूब की लेकिन किसानों को सरकारी केंद्र पर नहीं ला सके।



मंडी स्थित सरकारी क्रय केंद्र पर रखा गेहूं। अमृत विचार

**सिर्फ 2547 किसानों ने सरकारी केंद्रों पर बेंचा गेहूं** : जिले में करीब पांच लाख किसान गेंहू की खेती करते हैं लेकिन इस बार उनका सरकारी केंद्रों से मोहभंग रहा। सत्र समापन होने तक पूरे जिले में 2547 किसानों ने अपने गेहूं को सरकारी केंद्रो पर बेचा है। गेहूं खरीद से जुड़े अधिकारियों ने पहले दावा किया था कि वह लक्ष्य के नजदीक पहुंच जायेंगे लेकिन यह दावा धरातल पर नहीं उतर सका।

> न्यूनतम मूल्य समर्थन योजना 2025- 26 का समापन हो गया है। सभी केंद्र बन्द हो गए हैं। जिले में 26.62 फ़ीसदी गेहूं की ही खरीद हो पाई है। किसानों के घर जाकर भी गेहूं खरीदा गया है ।जनपद के 2547 किसानों ने सरकारी केंद्रो पर गेहूं बेचा है। जो खरीद हुई है उसमें से 60 फ़ीसदी गेहूं मोबाइल परचेज से ही किया गया है। फिलहाल सभी क्रय केंद्र बंद हो गए हैं और खरीद सत्र का समापन हो गया है।
>
> **-प्रज्ञा मिश्रा,** जिला खाद्य विपणन अधिकारी

# जनपद में 81.87 प्रतिशत की ही हो पाई केवाईसी

## टेंशन में पूर्ति महकमा, जिले में प्रचलित है 24.14 लाख राशन कार्ड की यूनिट

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार** : जनपद में राशन कार्ड के यूनिटों का केवाईसी किया जा रहा है।अभी तक जनपद में 81.87 प्रतिशत यूनिट का केवाईसी हो पायी है, जिससे शासन ने नाराजगी जताई है। जिला पूर्ति की ओर से सभी क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी व पूर्ति निरीक्षक को नोटिस जारी कर सभी यूनिटों का केवाईसी को लेकर चेतावनी दी गई है। नोटिस मिलने से कोटेदारों व पूर्ति निरीक्षकों में हड़कंप मचा हुआ है।



केवाईसी को लेकर कोटेदार से जानकारी लेते क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी से शिव प्रकाश तिवारी। अमृत विचार

शासन की ओर से जितने राशन कार्ड प्रचलित हैं उनकी सभी यूनिटों का केवाईसी का कार्य एक वर्ष से अधिक समय से किया जा रहा है, लेकिन केवाईसी का कार्य पूरा नहीं हो पा रहा है, जिसको लेकर शासन की ओर से कई बार नाराजगी जताई जा चुकी है। जिले में करीब 6 लाख राशन कार्ड अंत्योदय व पात्र गृहस्थी के चलन में हैं। इन राशन कार्ड में करीब 2414491 यूनिट है। पूर्ति विभाग के अफसर लगातार कोटेदारों को केवाईसी करने के लिए निर्देश जारी कर रहे हैं, लेकिन केवाईसी की गति बढ़ नहीं रही है। केवाईसी न किये जाने वाली यूनिट में कई ऐसे लोग हैं जो बाहर रह रहे हैं कुछ लोगों का आधार कार्ड अपडेट नहीं है जिसकी वजह से केवाईसी करने में समस्या आ रही है। सरकार लगातार केवाईसी किए जाने के लेकर आदेश जारी कर रही है। अभी केवाईसी किए जाने की स्थिति प्रदेश स्तर पर देखा जाए तो जिले की ठीक नहीं है। ऐसे में पूर्ति विभाग राशन कार्ड में प्रचलित यूनिटों का जिनका अभी तक केवाईसी नहीं हो पाया है, उनके सत्यापन करने की भी कार्य योजना बना रहा है। सत्यापन के दौरान यदि केवाईसी न किए जाने का उचित कारण नहीं मिलता है तो उसे यूनिट को राशन कार्ड से डिलीट कर दिया जाएगा। उचित कारण में मसलन जैसे आधार अपडेट ना होना, ऐसे व्यक्ति जो बाहर रह रहे हैं आदि है।

जिले में राशन कार्ड के चाहत में प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में लोग जिला आपूर्ति कार्यालय का चक्कर काट रहे हैं। इनमें से अधिकतर लोग पात्र हैं, गरीब हैं, लेकिन जिले का लक्ष्य पूरा होने की वजह से इनका राशन कार्ड जारी नहीं हो पा रहा है। केवाईसी करने का मंसूबा भी राशन कार्ड आवेदक को देखते हुए बनाया गया था लेकिन केवाईसी भी सही तरीके से नहीं हो पा रही है। केवाईसी होने में सबसे बड़ी बाधा नेटवर्क का ना होना है।

▸▸ डीएसओ ने जारी किया क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी व पूर्ति निरीक्षकों को नोटिस

> जनपद में करीब 81.87 फीसदी यूनिट का केवाईसी हो गया है। केवाईसी धीमी गति से हो रही है। सभी पूर्ति निरीक्षकों को नोटिस जारी किया गया है। जल्द ही केवाईसी शत प्रतिशत किए जाने को लेकर चेतावनी भी दी गई है। जल्दी शेष बची यूनिटों का सत्यापन कराया जा सकता है। कोटेदारों को भी आवश्यक दिशानिर्देश दिया गया है।
>
> **-कुंवर दिनेश प्रताप सिंह,** जिला आपूर्ति अधिकारी

## सार-संक्षेप

### बीडीओ ने किया गौ आश्रय केंद्र का निरीक्षण



गौ आश्रय केंद्र का निरीक्षण करते बीडीओ। अमृत विचार

**कटरा बाजार, गोंडा, अमृत विचार** : बुधवार को खंड विकास अधिकारी राम लगन वर्मा ने क्षेत्र के ग्राम पंचायत ने नकहा में स्थित गौ आश्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। बीडीओ ने बताया की जिलाधिकारी महोदया के निर्देश के क्रम में ग्राम पंचायत में नकहा में पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर शिव प्रकाश मौर्य के साथ में नकहा गया केंद्र का भ्रमण किया जहां पर व्यवस्था सही मिली। उन्होंने बताया कि सभी गौवंश स्वस्थ हैं व उनको खाने के लिए चरनी में भूषा के साथ हरा चारा दिया गया था। पानी का भी उचित प्रबंध है।

### मॉरीशस में सेमिनार के लिए भारतीय दल रवाना



**गोण्डा** : सुदूर अफ्रीका महाद्वीप में स्थित मारीशस की अकादमिक यात्रा के लिए लखनऊ से 30 भारतीय प्रोफ़ेसर का एक दल बुधवार को रवाना हुआ। अंतरराष्ट्रीय अवधी अकादमी, लखनऊ, भारत, आर्य महासभा, मॉरीशस एवं हिंदी साहित्य अकादमी, मारीशस के संयुक्त तत्वावधान में महात्मा गांधी के कालजयी दृष्टिकोण की पुनर्कल्पना 21वीं सदी के परिप्रेक्ष्य में विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के अलग-अलग हिस्सों से जा रहे मनीषी विचार- विमर्श करेंगें। गोण्डा से एल.बी.एस. कॉलेज के हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. शैलेंद्र नाथ मिश्र और उसी विभाग के प्रोफेसर जयशंकर तिवारी भी सेमिनार में सम्मिलित हो रहे हैं ।लखनऊ के चारबाग रेलवे स्टेशन पर अंतरराष्ट्रीय अवधी अकादमी के संस्थापक निदेशक डॉ. गंगा प्रसाद शर्मा 'गुणशेखर' ने यात्रियों के दल को सुखद यात्रा और सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं। इस यात्रा से जहाँ एक ओर भारत और मॉरीशस के संबंध मधुर एवं सुदृढ़ होंगे वहीं समकालीन वैश्विक परिवेश में विश्व शांति हेतु गांधी दर्शन की प्रासंगिकता समझी जा सकेगी। अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी के आयोजन सचिव प्रो. अनिल कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि इस आयोजन में मॉरीशस से स्थानीय समन्वयक के रूप में हिंदी साहित्य अकादमी के संस्थापक अध्यक्ष प्रो. डॉ. हेमराज सुंदर जी और डॉ. जयचंद लाल बिहारी जी योगदान दे रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि मारीशस के राष्ट्रपति और भारतीय उच्चायोग, मारीशस से भी यात्रियों का दल शिष्टाचार भेंट करेगा।

### पैरामेडिकल प्रवेश परीक्षा में 31 परीक्षार्थी अनुपस्थित



परीक्षार्थियों की जांच करते शिक्षक। अमृत विचार

**गोंडा** : अटल बिहारी बाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित संयुक्त पैरामेडिकल प्रवेश परीक्षा का जिले में पहली बार आयोजन किया गया। परीक्षा सकुशल व सुचितापूर्ण रही। प्रवेश परीक्षा से 31 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। इस परीक्षा के सफल संचालन के लिए श्री लाल बहादुर शास्त्री डिग्री कालेज के विभागाध्यक्ष भौतिकी प्रो जितेंद्र सिंह व असिस्टेंट प्रोफेसर अंग्रेजी डॉ वंदना भारतीय को अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्वविद्यालय की तरफ से सिटी कोऑर्डिनेटर नियुक्त किया गया था। सिटी कोऑर्डिनेटर प्रो. जितेंद्र सिंह ने बताया कि अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी उत्तर प्रदेश से संबद्ध समस्त सरकारी व प्राइवेट पैरामेडिकल महाविद्यालयों तथा एसजीपीजीआई एमएस लखनऊ, केजीएमयू लखनऊ एवं यूपीयूएमएस सैफ़ई के लिए संयुक्त पैरामेडिकल प्रवेश परीक्षा में प्रवेश के लिए जिले के श्री गांधी विद्यालय इंटर कालेज रेलवे हॉस्पिटल बलरामपुर रोड को परीक्षा केंद्र बनाया गया था ।परीक्षा केंद्र पर अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी द्वारा दो -दो विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ कुँवर जय सिंह व डॉ अभिजीत मौर्य, केंद्र व्यवस्थापक व प्रधानाचार्य मेजर राजेश द्विवेदी नियुक्त किए गए थे। प्रो जितेंद्र सिंह ने बताया कि परीक्षार्थियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति के पश्चात सी सी टी वी निगरानी में सिटी समन्वयकों, विश्वविद्यालय प्रतिनिधियों, केंद्र व्यवस्थापक , एच डी एफ़ सी बैंक के प्रतिनिधियों व परीक्षार्थियों आदि के सहयोग से परीक्षा सकुशल संपन्न हुई। इस परीक्षा में 382 में से 351 ने परीक्षा में प्रतिभाग किया। 31 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### रंजिश में युवक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

**उमरी बेगमगंज, गोंडा** : मंगलवार को परविन्दर कुमार दूबे पुत्र रामजग दूबे निवासी उमरी जेठासी दुबे पुरवा ने एक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि प्रतिवादी नन्हे चौहान व राहुल चौहान ने पहले तो उसकी मेड़ काटने की बात कही और फिर पुरानी दुश्मनी को लेकर गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर उन्होंने लाठी, मुक्का, ईंट और पत्थर से दौड़ा-दौड़ाकर पीटना शुरू कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित ने आरोप लगाया कि पूर्व में भी इनके द्वारा कई बार मारपीट की घटनाएं की जा चुकी हैं, लेकिन पुलिस द्वारा समय रहते सख्त कार्रवाई न होने से उनके हौसले बुलंद हो गए हैं और वे बार-बार इसी तरह की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप राय ने जानकारी देते हुए बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है।

### बाइक सवार महिला समेत तीन लोग घायल

**नवाबगंज** : दुल्लापुर के ऊंचे पुरवा निवासी संतषी देवी उम्र करीब 50 वर्ष बुधवार की सायं करीब चार बजे अपने बेटे विनय निषाद के साथ मोटरसाइकिल से बाजार जा रहीं थीं। गोंडा -अयोध्या मार्ग पर कटी तिराहा से आगे एक ढाबा के पास सामने से आ रहे साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बाइक अनियंत्रित होकर साइकिल से टकरा कर सड़क पर गिर गई। जिससे बाइक पर सवार संतोषी देवी, बाइक चालक विनय निषाद तथा साइकिल सवार श्याम सुंदर निवासी बाबा लाल शहीद घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस एंबुलेंस से तीनों घायलों को सीएचसी पर भर्ती कराया गया जहां पर महिला संतोषी देवी की गंभीर हालत को देखते हुए डाक्टर ने अयोध्या मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

# खड़े ट्रक में घुसी बाइक, युवक की मौत

▸▸ गोंडा से लखनऊ जा रहा था युवक, जरवल में हुआ हादसा

**करनैलगंज, अमृत विचार**: लखनऊ-गोंडा मार्ग पर जरवल रोड थाना क्षेत्र के कुड़वा ब्रिज के पास मंगलवार देर रात एक बाइक सवार युवक खड़े ट्रक में पीछे से घुस गया। इस हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

नगर कोतवाली क्षेत्र के चौक बाजार निवासी सुरेश कुमार गुप्ता (30) पुत्र राम मनोहर गुप्ता मंगललार की रात बाइक से लखनऊ जा रहा था। रात करीब 10 बजे वह जनरल बाजार के समीप सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गया। जोरदार टक्कर में मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया कि फिलहाल कोई तहरीर नहीं मिली है, विधिक कार्रवाई जारी है।

### अमेठी में सड़क हादसे में गोंडा के युवक की मौत



**उमरी बेगमगंज**: ग्राम पंचायत ऐली परसौली निवासी सरवन(45) पुत्र श्यामलाल की अमेठी जनपद में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। सरवन रोजी-रोटी के चक्कर में पिछले कई सालों से परिवार सहित दिल्ली में रहकर काम करता था। करीब एक सप्ताह पहले वह काम के सिलसिले में अमेठी गया था। सरवन मंगलवार शाम को सब्जी लेने के लिए बाजार गया था। रास्ते में उसने अपने भाई को फोन मिला दिया और उससे बात करने लगा। भाई से फोन पर बात हो रही थी कि उसे अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दी और वह गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं अचानक फोन बंद से उसके परिवार में हड़कंप मच गया। काफी देर बाद जब फोन लगा तो पता चला कि सरवन सड़क हादसे में घायल हो गया है। इलाज के लिए उसे अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान ही उसने दम तोड़ दिया। गांव के रहने वाले सुरजीत सिंह ने सरवन के मौत की पुष्टि की है।

# अघोषित बिजली कटौती से अधिवक्ताओं में आक्रोश

**गोंडा, अमृत विचार** : अघोषित बिजली कटौती को लेकर अधिवक्ताओं में भी काफी आक्रोश है। बार एसोसिएशन की ओर से अघोषित विद्युत कटौती को लेकर बैठक की गई तथा विरोध में सामूहिक अवकाश पर अधिवक्ता रहे। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम बुझारथ द्विवेदी ने कहा कि गर्मी चरम पर है। विद्युत विभाग की लापरवाही से बिजली कटौती हो रही है, जिससे आम आदमी परेशान है, यदि विद्युत विभाग की कार्य प्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो जल्दी व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा, जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। संचालन बार एसोसिएशन के महामंत्री संजय कुमार सिंह ने किया। इस दौरान माधव राज मिश्रा, बिंदेश्वरी प्रसाद दुबे, अजीत श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार पांडे, भगवती प्रसाद पांडे, अनिल सिंह, सुनील कुमार पांडे, अशोक कुमार तिवारी, अवधेश कुमार शुक्ला, महेंद्र मोहन मिश्र, डीपी ओझा, केसरी प्रसाद, दीनानाथ उपाध्याय ,आलोक कुमार मिश्रा, अवध राज सिंह, हिमांशु शुक्ला, पंकज सिंह, शिवम त्रिपाठी, रवि शंकर पांडे , मनोज कुमार सिंह समेत काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

# घाघरा पुल की मरम्मत से दूसरे दिन भी लगा जाम, सैकड़ों वाहन फंसे



करनैलगंज में लगी वाहनों की कतार। अमृत विचार

**करनैलगंज, अमृत विचार**: घाघरा नदी पर बने संजय सेतु की मरम्मत कार्य के चलते बुधवार को करनैलगंज क्षेत्र में फिर जाम की स्थिति बनी रही। पुल की मरम्मत को लेकर भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित है, जिससे करनैलगंज में सैकड़ों ट्रक व डंपर फंसे रहे और सड़क किनारे खड़े होकर शाम को रास्ता खुलने का इंतजार करते रहे।

मरम्मत कार्य के चलते सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक पुल पर भारी वाहनों की आवाजाही पर रोक है। करनैलगंज कस्बे में ही बैरिकेडिंग कर पुलिस कर्मी ट्रक व डंपर जैसे बड़े वाहनों को रोक रहे हैं। उन्हें अयोध्या की तरफ वैकल्पिक मार्ग से जाने की सलाह दी जा रही है। सिर्फ छोटे वाहन, एंबुलेंस व रोडवेज की बसों को ही पुल पार करने की अनुमति है। बुधवार को मरम्मत कार्य का दूसरा दिन था, जब गोंडा, अयोध्या, कटरा बाजार और हुजूरपुर मार्गों पर भारी संख्या में वाहन खड़े नजर आए। खासकर निर्माण कार्यों में प्रयुक्त गिट्टी और मौरंग से लदे ट्रकों की आवाजाही थमने से स्थानीय बाजार में निर्माण सामग्री की कीमतें बढ़ गई हैं। साथ ही ट्रांसपोर्ट वाहनों का भाड़ा भी बढ़ गया है। स्थानीय व्यापारियों के अनुसार, यदि मरम्मत कार्य में देरी होती है तो हालात और बिगड़ सकते हैं।

**तैयारी** | कजरीतीज मेले से पहले पूरा होगा सुंदरीकरण कार्य, श्रद्धालुओं को मिलेंगी सुविधाएं

# कटरा घाट का हो रहा कायाकल्प, सरयू तट बनेगा धार्मिक पर्यटन का नया केंद्र

रमेश पाण्डेय, करनैलगंज

**अमृत विचार** : धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत को समेटे सरयू तट स्थित ऐतिहासिक कटरा घाट का नगर पालिका करनैलगंज कायाकल्प करा रहा है। शासन से स्वीकृत करीब 1.86 करोड़ रुपये की लागत से घाट को भव्य रूप देने का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। कजरी तीज मेले से पहले इसे पूरी तरह से श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक और आकर्षक बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



कटरा घाट का हो रहा सुंदरीकरण। अमृत विचार

करनैलगंज तहसील मुख्यालय से तीन किलोमीटर की दूरी पर स्थित इस घाट का वर्षों से जीर्णोद्धार नहीं हो पाया था। जबकि यहां सालभर धार्मिक आयोजन होते हैं और लाखों श्रद्धालु दर्शन व स्नान के लिए पहुंचते हैं। अब विधायक अजय सिंह के प्रयासों से घाट को नया स्वरूप देने का सपना साकार होने जा रहा है। सुंदरीकरण कार्य में घाट की सीढ़ियों का निर्माण, इंटरलॉकिंग, लाल पत्थर से सजावट, पहुंच मार्ग का चौड़ीकरण, विश्राम स्थल, प्रकाश व्यवस्था, शुद्ध पेयजल, बेंच तथा मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण शामिल है।

कटरा घाट पर प्रतिवर्ष कजरी तीज, छठ पूजा, कार्तिक पूर्णिमा, पितृ विसर्जन, रामनवमी, बसंत पंचमी और गंगा स्नान जैसे दर्जनों धार्मिक पर्वों का आयोजन होता है। इनमें सबसे बड़ा आयोजन कजरी तीज का होता है, जिसमें करीब 15 लाख श्रद्धालु और कांवड़िये भाग लेते हैं। इसके बावजूद घाट पर अब तक मूलभूत सुविधाएं न होने से श्रद्धालुओं को असुविधा होती थी। सरयू तट स्थित श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार के लिए आने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अब बैठने की समुचित व्यवस्था की गई है। शवदाह गृह बनाए जाने की योजना भी नगर पालिका की ओर से तैयार की जा रही है।

### जल्द मिलेगा धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा

नगर पालिका चेयरमैन रामलली मोदनवाल के प्रतिनिधि रामजीलाल मोदनवाल ने बताया कि घाट को धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की योजना के तहत कार्य किया जा रहा है। प्रयास है कि आगामी कजरीतीज मेले से पहले घाट पूरी तरह से श्रद्धालुओं के स्वागत को तैयार हो। इससे न केवल स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी, बल्कि क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

आपदर्थे धनं रक्षेद् दारान् रक्षेद् धनैरपि।
आत्मानं सततं रक्षेद् दारैरपि धनैरपि ॥

विपत्ति के समय के लिए धन की रक्षा करनी चाहिए। धन से अधिक रक्षा पत्नी की करनी चाहिए। किन्तु अपनी रक्षा का प्रश्न सम्मुख आने पर धन और पत्नी का बलिदान भी करना पड़े तो नहीं चूकना चाहिए।

## संपादकीय

# नया मोड़

इजराइल और ईरान के युद्ध ने मध्य पूर्व में तनाव बढ़ा दिया है। दोनों ओर से लगातार हमले जारी हैं। संघर्ष ने बुधवार को नया मोड़ ले लिया जब ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने अमेरिका और इजराइल को लेकर चेतावनी दी कि युद्ध शुरू होता है। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा ईरान से बिना शर्त समर्पण की मांग के बाद आया। ईरान की ओर से बुधवार को इजराइल के ऊपर हाइपरसोनिक मिसाइल से हमला किया गया। ट्रंप के बयान ने ईरान के साथ-साथ वैश्विक नेताओं के बीच भी खलबली मचा दी। खामेनेई की नई टिप्पणियों से क्षेत्रीय चिंताएं और बढ़ने की संभावना है। इस युद्ध की वजह से ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु समझौता अधर में लटक गया है और परमाणु संकट के कूटनीतिक समाधान की संभावना लगभग समाप्त हो गई। इजराइल के विदेश मंत्री ने कहा कि ईरान के साथ कोई बातचीत नहीं होगी और ऑपरेशन राइजिंग लॉयन तब तक जारी रहेगा, जब तक कि यह अपने उद्देश्यों को प्राप्त नहीं कर लेता। मीडिया के अनुसार, अमेरिका मध्य पूर्व में अपने और अधिक लड़ाकू विमानों की तैनाती कर रहा है और पहले से तैनात विमानों की तैनाती की अवधि को बढ़ा रहा है। ट्रंप प्रशासन अब ईरान के भूमिगत परमाणु हथियारों को निष्क्रिय करने के सभी विकल्पों पर विचार कर रहा है।

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाने की बातें करते रहे हैं। 2000 के दशक की शुरुआत से ही ईरान का परमाणु कार्यक्रम इजराइल की सामरिक चिंता का विषय रहा है। अब जबकि इस क्षेत्र का सबसे लंबे समय से चला आ रहा टकराव इस तरह से बढ़ता जा रहा है, तो इससे पूरे मध्य पूर्व की प्रगति, समृद्धि, और साझेदारियां खतरे में पड़ गई हैं। बड़े पैमाने पर युद्ध की आशंका बढ़ रही है जो पूरे मध्य पूर्व को अपनी चपेट में ले सकती है और वैश्विक भू-राजनीतिक संतुलन को अस्थिर कर सकती है। यानी यह संघर्ष पश्चिम एशिया को एक गंभीर युद्ध की ओर धकेल सकता है। ट्रंप इजरायल-ईरान संघर्ष में सहभागिता पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। हालांकि इस पर ट्रंप के करीबी सलाहकारों के बीच पूरी तरह से सहमति नहीं बन पाई है। अब युद्ध में अमेरिका के शामिल होने का जोखिम बढ़ गया है। ऐसे में यदि ईरान फारस की खाड़ी में अमेरिकी ठिकानों पर कार्रवाई करता है, तो इससे सुरक्षा और आर्थिक तबाही मच सकती है। इसलिए ईरान एवं इजराइल के बीच युद्ध विराम की तत्काल जरूरत है।

# जियोपॉलिटिक्स में उलझ गई विरल धातु की आपूर्ति



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग आईसीएमआर

> कहने में संकोच नहीं कि विरल धातुओं के बारे में जिस तरीके से अन्य देशों द्वारा की गई रिसर्च संबंधी जानकारी यूरोपियन और अमरीकन जर्नल्स से ऑनलाइन उपलब्ध है वैसी किसी भारतीय स्रोत से तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाती।

भारत को विरल धातुओं की आपूर्ति में चीन द्वारा रोक लगाने से पैदा हुई संकटपूर्ण स्थिति को हम वरदान में क्यों नहीं बदल पा रहे हैं? तकनीकी विकास के मामले में वेस्टर्न इंस्टिट्यूशंस और ऑटोमोबाइल मैन्युफेक्चर करने वालों की रिसर्च एंड डेवलपमेंट पर ही हम कब तक निर्भर रहते रहेंगे? क्या हमारा तकनीक तंत्र वैकल्पिक तकनीकों का आविष्कार और विकास करने में सक्षम नहीं है? मनुष्य द्वारा की गई प्रौद्योगिकी प्रगति का बड़ा अंश कंपोजिट्स और विरल धातुओं के बढ़ते इस्तेमाल पर टिका हुआ है जिसके कारण मौजूदा हालात भू-राजननीतिक हितों को लेकर प्रतियोगी हो चुके हैं। इन्हें पृथ्वी के आर्कटिक क्षेत्र, निकट के ग्रहों और एस्टेरॉयड्स से प्राप्त करने के लिए तकनीकी कौशल विकसित करने की बात एक अरसे से चल रही है। विरल धातुओं की खोज तो मुश्किल नहीं, लेकिन इनके एक्सट्रैक्शन और प्यूरिफिकेशन के लिए विशेष इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत होती है।

अबुधाबी स्थित इंटरनेशनल रिन्यूएबल एनर्जी एजेंसी के मुख्यालय द्वारा सन 2025 में प्रकाशित रिपोर्ट जियोपॉलिटिक्स ऑफ़ द एनर्जी ट्रांजीशनः क्रिटिकल मैटेरियल्स, में कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तार से दस विरल भू-पदार्थों के बारे में चर्चा है। इसमें ट्रेड, सिक्यूरिटी एंड इंटरडिपेंडेंस अध्याय में आशंका व्यक्त की गई है विरल धातुओं को लेकर आपूर्तिकारों और खरीदारों के बीच विवाद और सामरिक टकराव भी हो सकता है।

कहने में संकोच नहीं कि विरल धातुओं के बारे में जिस तरीके से अन्य देशों द्वारा की गई रिसर्च संबंधी जानकारी यूरोपियन और अमरीकन जर्नल्स से ऑनलाइन उपलब्ध है वैसी किसी भारतीय स्रोत से तुरंत उपलब्ध नहीं हो पाती। अमरीकन नेशनल एकेडेमी ऑफ़ साइंसेज की प्रोसीडिंग्स के 19 मई 2015 के अंक में प्रकाशित पर्चा -ऑन द मटेरियल बेसिस ऑफ मॉडर्न सोसाइटी, विरल धातुओं पर मानव की निर्भरता के बारे में उपयोगी जानकारी देता है लेकिन भारत की किसी भी स्रोत से ऐसी जानकारी फ्री या पब्लिक डोमेन में नहीं है। नेचर और साइंस पत्रिका में इस बारे में ऐतिहासिक रूप से पिछले 100 वर्षों का डाटा उपलब्ध है। बेंगलुरु

> दुनिया में दूसरे विश्वयुद्ध के समय जर्मनी ने जिन टेक्नोलॉजीज का विकास किया इन पर पश्चिम की शक्तियों ने अपना कब्ज़ा कर लिया था। इसके बाद सेमी-कंडक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक्स का आगाज़ होने से पहले की जो टेक्नोलॉजी हैं वह जर्मन आधारित ही है, बेशक यह किसी भी फील्ड में है।

स्थित इंडियन एकेडेमी ऑफ़ साइंसेज की पत्रिका करंट साइंस में भी कुछ समीक्षा पर्चे और शोध-पत्र उपलब्ध हैं, लेकिन संख्या कम है। विरल धातुओं पर शोध में अग्रणी इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र और टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च के वैज्ञानिकों ने भी सैंकड़ों पर्चों का प्रकाशन किया है जिन्हें संबंधित संस्थान की वेबसाइट से एक्सेस किया जा सकता है। विरल धातुओं पर रिसर्च और डेवलपमेंट संबंधी पर्चों के प्रकाशन के मामले में वैश्विक स्तर पर भारत का सातवां स्थान होने के बावजूद संकट क्यों हैं?

सीएसआईआर के तिरुअनंतपुरम स्थित नेशनल इंस्टिट्यूट फॉर इंटरडिसिप्लिनरी साइंस एंड टेक्नोलॉजी के विज्ञानियों आरएस विष्णुमाया, पी. निशि और एस मिनी ने वेब ऑफ साइंस पर उपलब्ध सन 1987 से 2013 के दौरान इस एकल विषय के आधार पर भारत में दुर्लभ पृथ्वी अनुसंधान के विकास और वृद्धि के पर्चों का संख्यात्मक विश्लेषण करके एक अध्ययन साइंटोमीट्रिक्स ऑफ़ रेयर अर्थ्स रिसर्च इन इंडिया, प्रस्तुत किया है जिसे करंट साइंस जर्नल ने 10 अप्रैल 2016 के अंक में प्रकाशित किया। भारत के नामी शोध संस्थानों से जिन दसेक टॉप ऑथर्स के नाम इस लेख में दिए गए हैं उनके ऑथर्स ने न्यूनतम 51 से लेकर 102 तक पर्चों का प्रकाशन इस अवधि में किया जो पर्याप्त संकेत दे रहा है कि भारत में शोध के मामले में प्रतिभा की कमी नहीं है। विरल धातुओं के व्यवहार को अनेक स्थितियों और परिस्थितियों में अनेक पहलुओं से परखा-तौला जाता है। विरल धातुओं की इंडस्ट्रियल प्रोसेसिंग करने के लिए केरल स्थित रेयर अर्थ्स लिमिटेड रिसर्च सेण्टर अग्रणी संस्था है। रेयर अर्थ मिनरल्स की एक्सट्रैक्शन और प्रोसेसिंग विधियों पर भारत में सन 1950 में तब काम शुरू हुआ जब प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरु ने केरल के अलवाए में इंडियन रेयर अर्थ्स फैक्ट्री का उद्घाटन किया था। यूनिवर्सिटीज के केमिस्ट्री डिपार्टमेंट्स और नेशनल केमिकल लेबोरेटरी, पूना का भी रिसर्च में योगदान रहा है। चीन से भी पहले काम शुरू करने वाला भारत विरल धातुओं के खनन और एक्सट्रैक्शन के मामले में कैसे पीछे छूट गया, इस पर आश्चर्य होता है।

दुनिया में दूसरे विश्वयुद्ध के समय जर्मनी ने जिन टेक्नोलॉजीज का विकास किया इन पर पश्चिम की शक्तियों ने अपना कब्ज़ा कर लिया था। इसके बाद सेमी-कंडक्टर्स और इलेक्ट्रॉनिक्स का आगाज़ होने से पहले की जो टेक्नोलॉजी हैं वह जर्मन आधारित ही है, बेशक यह किसी भी फील्ड में है। अगर वेस्टर्न वर्ल्ड ने समानांतर टेक्नोलॉजीज का विकास किया भी तो, इनमें से अन्वेषण किए जाने के बाद अनेक जर्मन टेक्नोलॉजीज से आइडियाज लेकर काम किया गया था। टेक्नोलॉजी के मामले में चीन नवनीत टेक्नोलॉजीज तो बना पा रहा है लेकिन इसके नाम कितनी इन्वेंशन और डिस्कवरी दर्ज हैं? इसकी ज्यादातर टेक्नोलॉजी और प्रोडक्ट्स हाइब्रिड हैं जिनके सूत्र पश्चिमी देशों की एडवांस्ड लैबोरेट्रीज और जनसाहित्य से चुराए गए हैं। लेकिन नियति ऐसी है कि एडवांस्ड रिसर्च और प्रोडक्ट डेवलपमेंट के लिए कच्चा माल चीन सप्लाई करता है जिसमें विरल एलिमेंट्स पर उसका एकाधिकार है। विरल धातुओं की ट्रेडिंग को चीन अब कूटनीतिक अस्त्र के रूप में इस्तेमाल करता है। चीन का इरादा विरल धातुओं के ड्यूएल या स्ट्रेटेजिक यूज़ को काफी हद तक रोकना है।

इंटैलिजेंस टैलेंट का इस्तेमाल करके प्रोडक्ट डेवलपमेंट में चीन अगर दुनिया का लीडर बन सकता है तो भारत क्यों नहीं? रेयर अर्थ एलिमेंट्स के बारे में हमारे इंटेलिजेंस एंड इनफार्मेशन गैदरिंग कमतर नहीं है। हमारी इंडस्ट्री ने इस क्षेत्र में सन 1960 के बाद निवेश नहीं किया और न ही भारत के इंडस्ट्रियल रिसर्च एंड डेवलपमेंट के क्षेत्र में अव्वल संस्थाओं द्वारा उपलब्ध टेलेंट का इस्तेमाल हुआ। इसीलिए प्रतिभा पलायन भी हुआ।

यूनिवर्सिटी रिसर्च एंड डेवलपमेंट सिस्टम तो इसलिए अलग-थलग पड़ रहा क्योंकि इसे सन 1995 तक बड़ी रिसर्च परियोजनाओं के लिए सपोर्ट नहीं मिला। यूनिवर्सिटी सिस्टम में जिसने भी रेयर अर्थ्स को लेकर रिसर्च किया वह सिर्फ व्यक्तिगत रूचि के कारण ही। इस क्षेत्र सब कुछ सीएसआईआर ही करना चाहता था, इसलिए साइंटिफिक और इंडस्ट्रियल रिसर्च के सरकारी फंडिंग का बड़ा हिस्सा शिक्षा मंत्रालय को न मिलकर डिपार्टमेंट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी को मिलता रहा। विरल धातुओं के लिए चीन पर निर्भरता हटाने के लिए इनकी आपूर्ति अन्यत्र से किए जाने से समस्या का समाधान नहीं होगा। वैकल्पिक टेक्नोलॉजी के विकास के मामले में रूस से सबक लेना चाहिए जिसकी कोई भी टेक्नोलॉजी और डिजाईन वेस्टर्न टेक्नोलॉजी और डिजाईन से मेल नहीं खाती जैसे कि उनके नवीनतम फाइटर जेट्स का ऑपरेशनल कोड अमरीका के एफ-35 से बिलकुल अलग तरीके का हो सकता है, बेशक दोनों का फंक्शन एक जैसा है।

चीन द्वारा भारत को विरल पदार्थों की आपूर्ति बंद किए जाने के प्रतिकार स्वरुप केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने स्थायी चुम्बकों, वोल्टेज ट्रांसफार्मरों और सुपर कैपेसिटर सहित महत्वपूर्ण घटकों की एक मसौदा सूची तैयार की है, जिनके स्थानीय विनिर्माण के लिए एक पालिसी फ्लोट की गयी है। चुनौती का जवाव देने के लिए सीईए ने उद्योग के स्टेकहोल्डर्स अथवा हितधारकों से उन क्षेत्रों की पहचान करने को कहा है, जिनके लिए भारत वर्तमान में विरल धातुओं का आयात करता है। यह एक एडमिनिस्ट्रेटिव पहल है। सीईए की छोटे स्तर की कार्रवाई से ऊंचा उठकर भारत को दीर्घकालिक कार्रवाई करने की जरूरत है। रेयर अर्थ एलिमेंट्स के महत्व को सन 1980 में ही आंकना चाहिए था जब रिसर्च से उपजी जानकारी का इस्तेमाल प्रोडक्ट बनाने में होने लगा था।

## प्रसंगवश

# बच्चों और युवाओं में तेज़ी से बढ़ता बहरापन

जीवनशैली में नित-नए आ रहे बदलावों तथा शिक्षा कार्यों के लिए ऑनलाइन रहने की दलील ने बच्चों को मोबाइल-लेपटॉप-ईयरफोन का आदी बना दिया है। तेज आवाज का संगीत व तरह-तरह के कंसर्ट बच्चों को लुभाते हैं। विज्ञान के अनुसार, हमारे कानों के सुनने की क्षमता निर्धारित है। हमारे कानों के लिए 40 से 60 डेसिबल सुनने की क्षमता निर्धारित की है जो सही है, लेकिन इससे ऊपर यानी 85 से 100 डेसिबल साउंड कानों के लिए खतरनाक है। यूं तो बहरापन उम्र के साथ आता है लेकिन पिछले कुछ दशकों में कम सुनाई देने यानी बहरेपन की समस्या तेजी से युवाओं और बच्चों को अपना शिकार बना रही है और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने इस पर चिंता जाहिर की है।



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

आंकड़ों की बात करें तो पिछले दशकों में दुनिया में 3.4 करोड़ से अधिक बच्चों में कम सुनाई देने की क्षमता के केस सामने आए हैं। यह दुनिया की एक भयावह एवं चुनौतीपूर्ण समस्या की ओर बढ़ने का संकेत है, एक पूरी पीढ़ी के बहरे होने की चुनौती को खड़ा कर रहा है। जिस तरह से आजकल के युवा एवं बच्चे हेडफोन और इयरफोन का ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं, उससे उनके कान तेज आवाज के संपर्क में लगातार रहते हैं और इससे कान की नाजुक मांसपेशियों को नुकसान पहुंच रहा है एवं बहरेपन की समस्या उग्र से उग्रतर होती जा रही है।अभिभावक बच्चों को इस संकट की भयावहता से अवगत कराएं तथा समय-समय पर उनके कानों का चेकअप कराते रहें। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए।

एक्सपर्ट के मुताबिक, घंटों तक हेडफोन लगाए रखना और म्यूजिक सुनना कानों के साथ-साथ दिल के लिए भी बिल्कुल अच्छा नहीं है। इससे न केवल दिल की धड़कन तेज हो जाती है, बल्कि दिल को काफी नुकसान भी उठाना पड़ता है। हेडफोन या ईयरफोन से निकलने वाली इलेक्ट्रोमैग्नेटिक वेव दिमाग पर बुरा प्रभाव डालती हैं। इसकी वजह से सिरदर्द और माइग्रेन की समस्या पैदा हो जाती है। बहुत से लोग नींद में बाधा, नींद न आना, अनिद्रा या यहां तक कि स्लीप एपनिया से भी पीड़ित हो जाते हैं। इयरफोन सीधे कान में लगाया जाता है, जो एयर पैसेज में बाधा डालता है। ये बाधा बैक्टीरिया के विकास सहित अलग-अलग तरह के कानों के इन्फेक्शन का कारण बन सकती है। हेडफोन का लंबे समय तक इस्तेमाल किसी व्यक्ति की सोशल लाइफ और मेंटल हेल्थ की क्षमता को प्रभावित कर सकता है। कई बार ज्यादा चिंता और तनाव का भी कारण बन सकता है।

दरअसल, सबसे बड़ा संकट यह है कि आज मोबाइल फोन एक आवश्यक बुराई बन चुका है। आज नई पीढ़ी इस संबंध में मां-बाप की नसीहत पर ध्यान कम ही देती है। ऐसे में स्कूल-कालेजों में शिक्षकों व सामाजिक अभियानों से जुड़े लोगों को जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। विभिन्न सूचना माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों से बच्चों को जागरूक करने के लिये मुहिम चलाने का कुछ लाभ जरूर मिल सकता है। प्रयास किया जाए कि न टाले जा सकने वाले कार्यक्रमों को कम आवाज के साथ सुना जाए। लेकिन विडंबना यह है कि हरदम कानों पर मोबाइल व ईयरफोन तथा बड्स आदि लगाना स्टेटस सिंबल बन गया। व्यक्ति खुद व्यस्त होने का दिखावा करता रहता है। कोशिश हो रचनात्मक तरीके से उनकी इस आदत को बदलने का प्रयास किया जाए।

बच्चों को लेकर अभिभावकों व शिक्षकों की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है, क्योंकि उनके लंबे जीवन पर बहरेपन का संकट मंडराने का खतरा बढ़ता ही जा रहा है। आधुनिक सुनने के उपकरणों एवं तेज़ आवाज़ से कान की नसों और हियरिंग सेल्स को नुकसान हो सकता है, जिससे बहरापन भी हो सकता है। एक समय था जब कम सुनाई देने की शिक़ायत बुजुर्ग किया करते थे, लेकिन बदलती जीवनशैली के कारण कम उम्र में भी लोगों में यह समस्या होने लगी है। स्वस्थ जीवनशैली अपनाने से सुनने की क्षमता को बेहतर बनाया जा सकता है। वैसे भी महानगरों व भीड़भाड़ वाले इलाकों में ध्वनि प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। जिसके खतरों को लेकर समाज में जागरूकता के प्रचार-प्रसार की सख्त जरूरत होती है।

# ऊर्जा सुरक्षा के लिए रणनीति से काम लेना होगा



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

> भारत ईरान का पारंपरिक सहयोगी रहा है और 2018 तक भारत अपने कुल कच्चे तेल का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात करता था।

वर्तमान वैश्विक राजनीति में अमेरिका की परमाणु हथियारों पर नियंत्रण की रणनीति, केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह अमेरिका के भू-राजनीतिक प्रभुत्व और आर्थिक हितों को भी सुरक्षित रखने का माध्यम है। अमेरिका ने हमेशा यह प्रयास किया है कि अन्य देश, विशेषकर पश्चिम एशिया जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में, परमाणु हथियारों की दिशा में न बढ़ें। इसी रणनीति के तहत अमेरिका ईरान के परमाणु कार्यक्रम को रोकने की हर संभव कोशिश कर रहा है।

2024 में अमेरिकी विदेश विभाग ने एक बार फिर ईरान पर आरोप लगाए कि वह शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा के नाम पर हथियार निर्माण की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आंकड़ों के अनुसार अमेरिका के पास वर्तमान में करीब 5,244 परमाणु हथियार हैं, जिनमें से लगभग 1,744 हथियार तैनात अवस्था में हैं। इसके मुकाबले ईरान अभी तक केवल उच्च संवर्धित यूरेनियम के स्तर पर पहुंचा है।

ईरान का परमाणु कार्यक्रम अमेरिका और विशेषकर इज़राइल के लिए बड़ा सिरदर्द है। इज़राइल जो खुद एक अनौपचारिक परमाणु शक्ति है, ईरान को क्षेत्रीय संतुलन के लिए खतरा मानता है। ऐसा इसलिए क्योंकि ईरान ने बीते वर्षों में लेबनान की हिज़्बुल्लाह, यमन के हूथी विद्रोहियों और गाजा के हमास को हथियार और वित्तीय सहायता दी है। यदि ईरान के पास परमाणु हथियार होंगे, तो इज़राइल की सुरक्षा और पश्चिम एशिया की स्थिरता दोनों पर बड़ा खतरा मंडराएगा।

अमेरिका के लिए ईरान को रोकना सिर्फ सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा नहीं है, बल्कि इससे अमेरिका को आर्थिक और सामरिक लाभ भी होते हैं। पहला लाभ यह है कि अमेरिकी रक्षा उद्योग को इसका सीधा फायदा मिलता है। वर्ष 2023 में अमेरिका ने सऊदी अरब को 3.5 बिलियन डालर का एयर डिफेंस सिस्टम बेचा। इससे लॉकहीड मार्टिन, रेथॉन, जनरल डायनेमिक्स जैसी कंपनियों की आय में भारी बढ़ोतरी हुई। दूसरी बात यह है कि अमेरिका अब विश्व का सबसे बड़ा तेल उत्पादक बन गया है। ऐसे में जैसे ही पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ता है, वैश्विक तेल और गैस की कीमतें ऊपर जाती हैं, जिससे अमेरिकी ऊर्जा कंपनियों को जबरदस्त लाभ होता है। तीसरा लाभ यह है कि वैश्विक अस्थिरता की स्थिति में निवेशक अमेरिकी डॉलर को 'सेफ हेवन' मानते हैं, जिससे डॉलर मजबूत होता है और अमेरिकी बांड की मांग में वृद्धि होती है।

अब सवाल उठता है कि भारत पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है। भारत ईरान का पारंपरिक सहयोगी रहा है और 2018 तक भारत अपने कुल कच्चे तेल का लगभग 10 प्रतिशत हिस्सा ईरान से आयात करता था। ईरान भारत को रियायती दर पर तेल देता था, जिसमें लंबा क्रेडिट पीरियड और सस्ता ट्रांसपोर्ट शुल्क शामिल होता था। लेकिन 2019 के बाद से अमेरिकी प्रतिबंधों के दबाव में भारत ने ईरान से आयात बंद कर दिया। इससे भारत को दोहरा नुकसान हुआ-एक ओर ऊर्जा की लागत बढ़ी, दूसरी ओर भारत की चाबहार पोर्ट परियोजना की गति धीमी पड़ गई। यह पोर्ट भारत की अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक सीधी पहुंच का एक रणनीतिक माध्यम था।

भारत, जो अपनी 85 प्रतिशत ऊर्जा ज़रूरतों के लिए आयात पर निर्भर है, उसके लिए स्थिति बेहद चिंताजनक हो सकती है। इसका असर महंगाई, चालू खाता घाटा, रुपये की विनिमय दर और सरकार के वित्तीय घाटे पर पड़ सकता है। महंगे तेल से परिवहन लागत में वृद्धि होगी, जिससे खाद्य पदार्थों और निर्माण सामग्रियों की कीमतें बढ़ेंगी। इससे रिज़र्व बैंक को ब्याज दरों में कटौती करने में हिचक होगी और मुद्रास्फीति काबू से बाहर हो सकती है। दूसरी ओर, रुपये की कमजोरी से आयात और महंगा हो जाएगा। इससे सरकार पर सब्सिडी देने का दबाव बढ़ेगा और राजकोषीय घाटा बढ़ेगा।

भारत को चाहिए कि कूटनीतिक रूप से संतुलन बनाकर अमेरिका, इज़राइल और ईरान तीनों के साथ संवाद बनाए रखना ताकि भारत की रणनीतिक स्वायत्तता सुरक्षित रह सके।वह संयुक्त राष्ट्र, ब्रिक्स और शंघाई सहयोग संगठन जैसे मंचों पर इस विषय पर संतुलित और शांतिपूर्ण समाधान की पैरवी करे। इसके साथ ही ऊर्जा की वैकल्पिक रणनीतियों जैसे हाइड्रोजन, सोलर और ग्रीन गैस की दिशा में निवेश को तेज़ करना होगा ताकि दीर्घकालिक ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। भारत को इस जटिल स्थिति में सूझबूझ और रणनीति से काम लेना होगा ताकि वह अपनी ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता और वैश्विक भूमिका को संतुलित कर सके।

## सोशल फोरम

# वर्तमान राष्ट्र राज्य का मुद्दा

जब हम अपना निर्धारित काम पूरी योग्यता और निष्ठा से करने के बजाय अगले चुनाव के मद्देनज़र संबंधित लोगों को ख़ुश करने और ख़ुश रखने की नीयत से काम करने लगते हैं। तब समष्टि का अहित होता है। होते होते पूरी व्यवस्था चरमरा जाती है। व्यवस्था चरमराने पर सबसे अधिक पीड़ित होते हैं ग़रीब और कमज़ोर। और समष्टि का सबसे बड़ा हिस्सा वही बनाते हैं। यह तो निरंकुश व्यष्टिवाद है, न राष्ट्रवाद है, न समाजवाद। तब हम राष्ट्रवादी नहीं, तत्वतः राष्ट्र के दुश्मन हैं। समाजवादी नहीं, तत्वतः पूंजीवाद के चाकर पेटी बूर्जुआ हैं। समष्टि का उत्थान उसकी हर इकाई के उत्थान के बिना असंभव है। और सब का समंजित उत्थान ही राष्ट्र का उत्थान है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

ऐसा उत्थान तब तक नहीं हो सकता जब तक वंचितों के उत्थान को प्राथमिकता न दी जाए। और आर्थिक रूप से समर्थ तबक़ा तब तक समर्थ नहीं रह सकता जब तक उसे वंचितों के श्रम का न्यायपूर्ण सहयोग न प्राप्त हो। श्रम का न्यायपूर्ण सहयोग तभी प्राप्त हो सकता है जब उसका उचित मूल्य मिले। और इस तरह सृजित सरप्लस का उपयोग अधिक से अधिक वंचितों को श्रम का अवसर प्रदान करने में, उद्योग की नई-नई इकाइयां लगाने में हो। आर्थिक उपक्रमों का विस्तार समर्थ और वंचित दोनों तबक़ों के समुचित लाभ और उसके एक अंश के समुचित निवेश के बिना असंभव है। इस तरह दोनों तबक़ों की ऊर्ध्वमुखी और क्षैतिज दोनों तरह की प्रगति सबके न्यायपूर्ण सहयोग से ही संभव है। सबकी प्रगति में ही समष्टि की प्रगति निहित है। यही लोकतांत्रिक समाजवाद है।

इस तरह संतुलित राष्ट्रवाद और संतुलित समाजवाद में कोई अंतर्विरोध नहीं। दोनों परस्पर पूरक हैं। किंतु दोनों ऐसे दुश्मन का पीछा करते हैं जिसका अस्तित्व ही नहीं। शायद इसलिए कि असली मुद्दे का सामना करने की कुव्वत दोनों में से किसी में नहीं है। असली मुद्दा क्या है? समष्टि की हर इकाई का संतुलित विकास और सामंजस्यपूर्ण, सस्टेनेबल ख़ुशहाली। क्या यह एक यूटोपिया है? अगर यूटोपिया है तो फ़िलहाल कुछ नहीं हो सकता। जो जैसे चल रहा है, वैसे ही चलता रहेगा।

**-फेसबुक वॉल से**

# अंग्रेजों ने 137 वर्ष पूर्व बना दी थी नैनीताल के लिए रोप-वे की योजना



प्रयाग पांडे
वरिष्ठ पत्रकार

> कर्नल बैरन ने अपने पत्र में लिखा कि नैनीताल के 'बड़े फायदे' के लिए उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं है। इस मामले में लंबी लिखा-पढ़ी हुई।

अंग्रेजों के प्रकृति प्रेम एवं औपनिवेशिक शासकों की तात्कालिक आवश्यकताओं के चलते आज से करीब 182 साल पहले कुछ यूरोपीय नागरिकों की स्वतंत्र पहल से नैनीताल नामक वर्तमान नगर की बसावट शुरू हुई। नैनीताल को एक आदर्श हिल स्टेशन के रूप में आबाद और विकसित करने के पीछे अंग्रेजों का प्रकृति प्रेम के साथ लालच भी था और जरूरत भी। इसमें कोई दो राय नहीं कि नैनीताल के प्रति अंग्रेजों के मन में एक विशेष आत्मीयता का भाव था। आत्मीयता के इस रिश्ते को उन्होंने नैनीताल के साथ ईमानदारी से निभाया भी।

नैनीताल को अंग्रेजों ने एक निश्चित जनसंख्या के लिए बसाया। अंग्रेज नैनीताल के भंगुर पर्यावरण से बखूबी वाकिफ थे। उनकी हरेक योजनाएं दीर्घकालिक नजरिए से बनती थीं। अंग्रेजों ने आज से 137 साल पहले नैनीताल को रोप-वे से जोड़ने के बारे में सोच लिया था।

प्रारंभिक काल में नैनीताल आने-जाने के लिए सबसे बड़ी समस्या रास्तों की थी। आवागमन की समस्या से निजात पाने के लिए मई,1887 में मिस्टर हन्ना नामक एक अंग्रेज ने यातायात और सामान लाने, ले जाने के लिए नैनीताल से कालाढूंगी की ओर तीन हजार फीट लंबे रोप-वे के निर्माण का सुझाव दिया। ब्रिटिश प्रशासन ने इस प्रस्ताव पर अपनी सैद्धांतिक सहमति दे दी। इस कार्य को संपादित करने के लिए 1888 के प्रारंभिक दिनों में 'नैनीताल रोप -वे कंपनी लिमिटेड' बन गई। अगस्त,1888 में मिस्टर हन्ना ने रोप-वे के लिए 9900 रुपये की शुरुआती योजना बना ली थी। योजना के सभी पक्षों की जांच-परख के बाद नगर पालिका की सार्वजनिक निर्माण समिति ने इस योजना को स्वीकृति प्रदान कर दी। इसके बाद नगर पालिका के अधिकारियों ने प्रस्तावित संपूर्ण रोप-वे मार्ग का स्वयं स्थलीय मुआयना किया। 8 अक्टूबर,1888 को नगर पालिका कमेटी की बैठक में भी इस योजना को स्वीकृति दे दी गई। अंतिम स्वीकृति के लिए योजना को कुमाऊं के वरिष्ठ सहायक कमिश्नर को भेज दिया गया।

प्रस्तावित रोप-वे के तार स्लीपी हॉल एवं लौंगडेल से होते हुए जाने थे। 30 नवंबर, 1888 को नगर पालिका, नैनीताल के तत्कालीन उपाध्यक्ष जे. ओकशॉट ने कुमाऊं के वरिष्ठ सहायक आयुक्त को रोप-वे के तारों को ले जाने के लिए स्लीपी हॉल और लौंगडेल की जमीन के निश्चित हिस्सों को 'अनिवार्य अधिग्रहण एक्ट-एक्स-1870' की धारा-12 के अंतर्गत 650/-में अधिगृहित करने का प्रस्ताव भेजा।

इधर नगर पालिका ने मिस्टर हन्ना से कहा कि वे इस योजना का ठेका दस हजार रुपये में खुद ही ले लें। नगर पालिका ने मिस्टर हन्ना को योजना की लागत राशि का अग्रिम भुगतान करने की भी पेशकश कर दी। नगर पालिका का तर्क था कि दार्जिलिंग में दस हजार रुपये की लागत से एक हजार फीट लंबी रोप-वे लाइन डाली गई है, जबकि मिस्टर हन्ना उतनी ही राशि में तीन हजार फीट लंबी रोप-वे बनाने जा रहे हैं। नगर पालिका ने रोप-वे योजना के लिए सरकार से नारायण नगर, चोरखेत और सडियाताल में जमीन मांगी। इसी दरम्यान पीडब्ल्यूडी के अधिशासी अभियंता एफ.बी.हेंसलोव ने मिस्टर हन्ना की रोप-वे योजना पर अपनी विस्तृत आख्या दी थी।

अभी यह प्रस्ताव कुमाऊं के वरिष्ठ सहायक आयुक्त के विचाराधीन था। प्रस्ताव के अनुमोदन के बाद जमीन पर काम शुरू हो पाता कि 6 मई,1888 को हरमिटेज, स्लीपी हॉल और क्रेग कॉटेज के तत्कालीन स्वामी कर्नल डब्ल्यू. बैरन और लौंगडेल के तत्कालीन मालिक कुंवर रणजीत सिंह ने इस योजना पर अपनी आपत्ति दर्ज करा दी। कर्नल डब्ल्यू. बैरन का कहना था कि उन्होंने हाल ही में हरमिटेज को दोमंजिला किया है। प्रस्तावित रोप-वे उनके बरामदे से दृष्टिगोचर होगी,जिससे उनकी निजता भंग होने की आशंका है।

कर्नल बैरन ने अपने पत्र में लिखा कि नैनीताल के 'बड़े फायदे' के लिए उनकी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना उचित नहीं है। इस मामले में लंबी लिखा-पढ़ी हुई। अंततः यह मामला नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज के तत्कालीन लेफ्टिनेंट गवर्नर के दरबार तक जा पहुंचा। प्रोविंसेज के गवर्नर ने कर्नल डब्ल्यू. बैरन और कुंवर रणजीत सिंह की आपत्तियों का संज्ञान लिया। इस बारे में नॉर्थ वेस्टर्न प्रोविंसेज एंड अवध के सचिव आर. स्मीटन ने 18 मई,1888 को कुमाऊं के कमिश्नर को पत्र भेजा। पत्र में कहा गया कि लेफ्टिनेंट गवर्नर किसी भी नागरिक के निजी अधिकारों के हनन के पक्ष में नहीं हैं। कर्नल डब्ल्यू. बैरन और कुंवर रणजीत सिंह की आपत्तियों के मद्देनजर रोप-वे के लिए वैकल्पिक मार्ग खोजा जाए। जिसमें किसी की निजी भूमि नहीं आ रही हो या किसी को भी कम से कम नुकसान हो। इसके बाद रोप -वे की यह योजना हवा में ही अटक कर रह गई। 1947 में अंग्रेज अपने वतन लौट गए।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- विवेक सक्सेना***
05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# जिलाधिकारी ने बाढ़ पूर्व तैयारियों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निर्देश

## बाढ़ शरणालयों को व्यवस्थित करने, नाव और नाविकों की सूची तैयार करने के भी निर्देश

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जनपद में संभावित बाढ़ से पूर्व की जा रही तैयारियों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि दौरान-ए-बाढ़ पीड़ितों को वितरित किये जाने वाले खाद्यान्न, पशुओं के लिए भूसे आदि की व्यवस्था के लिए समय पूर्व ही सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली जायें। वर्चुअल माध्यम से बैठक में प्रतिभाग कर रहे उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पड़ोसी राष्ट्र नेपाल में होने वाली वर्षा के बारे में अपडेट रहें। एसडीएम व बीडीओ को निर्देश दिया कि पूर्व की बांढ़ में प्रभावित होने वाले मजरों का अनिवार्य रूप से स्थलीय निरीक्षण करें तथा ग्राम के लोगों से वार्ताकर के राहत व बचाव कार्यों के संचालन हेतु प्रभावी कार्ययोजना तैयार कर लें।


कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक करतीं जिलाधिकारी। अमृत विचार

डीएम ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि बाढ़ से प्रभावित होने वाले ग्रामों एवं मजरों के प्रमुख लोगों, ग्राम प्रधान, पंचायत सचिवों, स्वास्थ्य, आईसीडीएस, ग्राम्य विकास विभाग के ग्राम स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों के व्हाट्सअप नम्बरों का ग्रुप बना लें तथा आपदा के समय किसी भी स्तर पर संवादहीनता की स्थिति उत्पन्न न होने पाये। डीएम ने कहा कि दैवीय आपदा में न्यून से न्यूनतम जानी व माली नुकसान हो इसके लिए ज़रूरी है कि हमारी तैयारियां व बैकअप प्लान हमारे पास उपलब्ध हो।

डीएम ने कहा कि वन क्षेत्रों के आस-पास के दुरूह क्षेत्रों जहां पर चहलवा व सुजौली सहित अन्य संवेदनशील ग्राम पंचायतों के मजरों के लिए के लिए अलग से बुकलेट तैयार कर ली जाय। तटबन्धों की सुरक्षा के दृष्टि से डीएम ने निर्देश दिया कि प्रत्येक 500-500 मीटर के लिए टीमें गठित कर तटबन्धों के रेन कट व रैट होल को भरवा दिया जाय तथा पूरी सघनता के साथ तटबन्धों का निरीक्षण कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाय।

डीएम ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में उपलब्ध नावों का सत्यापन करा लिया जाय तथा पूर्व में आयी बाढ़ के अनुभव के आधार पर नावों, मोटर बोट इत्यादि की आवश्यकता का आंकलन कर लिया जाय। डीएम ने कहा कि ऐसे स्थान जहां पर तेज बहाव के साथ पानी बहता है वहां पर लाईफ जैकेट के साथ बड़ी नावों का संचालन किया जाय। डीएम ने निर्देश दिया कि नावों के संचालन के नाविकों की सूची तथा उनके मोबाइल नम्बर संकलित कर लिए जाएं। क्षेत्रों में मौजूद आपदा मित्रों को भी एक्शन मोड पर रखा जाए तथा उनको भी बचाव व राहत कार्यों के लिए मोटीवेट किया जाए।

डीएम ने यह भी निर्देश दिया कि बाढ़ राहत केन्द्रों एवं शरणालयों का भी समय पूर्व आवश्यक मरम्मत एवं रंगाई पुताई करा दी जाए। ऐसे स्थानों पर प्रसाधन, पेयजल एवं प्रकाश के भी माकूल बन्दोबस्त अवश्य किये जाएं।

बैठक के दौरान उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा द्वारा बताया गया कि मिहींपुरवा में पशुओं का टीकाकरण कम हुआ है। इस सम्बन्ध में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया गया कि मिहींपुरवा सहित जनपद के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में शत प्रतिशत पशुओं का टीकाकरण एवं उपचार सुनिश्चित करायें। खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना तथा विभिन्न प्रकार की पेंशन योजना के लिए अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों के आवेदन कराएं। बैठक का संचालन अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी राज कुमार, मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डॉ. राजेश उपाध्याय तथा खण्ड विकास अधिकारीगण मौजूद रहे।

# सड़क हादसों में बालक समेत 4 लोगों की हुई मौत

संवाददाता, बहराइच




**अमृत विचार।** जिले में सड़क हादसों में बालक समेत चार लोगों की मौत हो गई और तीन माह के मासूम को मामूली चोट आई। सीतापुर के मृतक दम्पत्ति
बीमार बालक का झाड़ फूंक कराने जहांगीराबाद जा रहे थे।

प्राप्त सूचना के अनुसार मंगलवार की रात बहराइच - लखनऊ हाइवे के जरवल के पास सड़क किनारे खड़े दुर्घटना ग्रस्त वाहन से बाइक सवार गोण्डा की नगर कोतवाली के मोहल्ला सुभाष नगर महराजगंज निवासी सुरेश गुप्ता (30) पुत्र राम मनोहर टकरा गया और सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल को सीएचसी मुस्तफाबाद ले जाया गया, जहां पर चिकिस्तक ने परीक्षण के बाद ययुवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक व्यवसायिक कार्य से लखनऊ जा रहा था।

उधर, नगर के रेलवे स्टेशन के गुलामअली पुरा मोड़ के पास मंगलवार की शाम तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से दरगाह थाने के गुलामअली पुरा निवासी शिवा (11) पुत्र प्रमोद गम्भीर रूप से घायल हो गया। घायल बालक को मेडिकल कालेज पहुंचाया गया।जहां चिकिस्तक ने हालत नाजुक देख उसे ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। बालक की लखनऊ ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने जानकारी एकत्र कर फ्रीगंज निवासी बाइक सवार अरमान के विरुद्ध तहरीर दी है।

दूसरी ओर, सीतापुर जिले के थाना थानगांव निवासी 40 वर्षीय सुमेरी अपनी 35 वर्षीय पत्नी सुनीता व तीन माह के बेटे छोटू को लेकर बाइक से जहांगीराबाद इलाके के कटरा स्थित किसी बाबा के यहां जा रहे थे। इसी दौरान रेउसा - जहगीराबाद के बीच तेज़ रफ़्तार कार ने ठोकर मार दी जिससे सुमेरी की मौके पर ही मौत हो गयी। वही सुनीता को बहराइच शहर के मेडिकल कॉलेज लाया गया। जहाँ पर इलाज के दौरान देर रात सुनीता की भी मौत हो गयी। तीन माह के मासूम छोटू को भी चोटें आई है।मृतक दम्पत्ति बीमार मासूम बालक का झाड़ फूंक कराने जा रहे थे। बालक की अस्पताल में ही भर्ती कराया गया। कोतवाली नगर के प्रभारी राकेश सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है जांच पड़ताल की जा रही है। इस घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

## सार-संक्षेप

### कल कतर्नियाघाट आएंगे केंद्रीय वन मंत्री

**बहराइच, अमृत विचार।** मंत्री, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (वन्यजीव प्रभाग) भारत सरकार भूपेन्द्र यादव 20 जून को कतर्नियाघाट आएंगे। इसकी जानकारी प्रभारी अधिकारी वीवीआईपी/नगर मजिस्ट्रेट ने दी। मंत्री भूपेन्द्र यादव 20 जून को मध्यान्ह 12:00 बजे कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार पहुंचकर नौका विहार करेंगे तथा घड़ियाल के एक वर्षीय शावकों को नदी में छोड़कर घड़ियाल प्रजाति संरक्षण कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे। अपरान्ह 1:00 बजे फील्ड डायरेक्टर द्वारा कतर्नियाघाट पर प्रस्तुति, एसटीपीएफ के साथ वार्ता तथा संभावित किट वितरण कार्यक्रम में मंत्री द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। वन मंत्री अपरान्ह 3:00 बजे कतर्नियाघाट से लखनऊ के लिए प्रस्थान कर जायेंगे। दूसरी तरफ प्रदेश के राज्यमंत्री, वन, पर्यावरण, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के.पी. मलिक का 20 जून 2025 को जनपद आगमन का भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित है। श्री मलिक मध्यान्ह 12:00 बजे कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार पहुंचकर केन्द्रीय वन वन मंत्री के साथ घड़ियाल के एक वर्षीय बच्चों को नदी में छोड़कर घड़ियाल प्रजाति संरक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। श्री मलिक अपरान्ह 3:00 बजे लखीमपुर के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

### माफिया गब्बर के खिलाफ एक और मुकदमा

**बहराइच, अमृत विचार।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के रायपुर राजा मोहल्ला निवासी देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गब्बर सिंह के खिलाफ गंभीर धाराओं में एक और मुकदमा कोतवाली देहात थाने पर दर्ज कराया गया है। आरोप है कि उन्होंने सार्वजनिक रास्ते को अवरुद्ध कर दिया और रंगदारी न देने पर जान से मार डालने की धमकी दी है। उनके खिलाफ जिले में कई मामले दर्ज हैं। करीब ढाई साल से वह जेल में था। गब्बर सिंह यूपी के टॉप 50 माफिया में शामिल है। गब्बर सिंह अभी जमानत पर हैं।

### फंदे से लटका मिला महिला का शव, दहेज प्रताड़ना का आरोप

**खैरीघाट, बहराइच, अमृत विचार।** सेमरिया गांव के एक घर में फंदे से लटकता हुआ एक महिला का शव मिला। यह महिला तीन बच्चों की मां है खबर पाकर पहुंचे मायके वालों ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाया है पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ललुही गांव निवासी राममिलन पुत्र राम अधार ने बुधवार सुबह करीब छः बजे पुलिस को सूचना दी कि उनकी बेटी सविता का शव उसकी ससुराल सेमरिया गांव में फंदे से लटका मिला है। पिता के मुताबिक सविता उम्र करीब 25 वर्ष की शादी राजेश गौतम पुत्र बरातीलाल निवासी सेमरिया के साथ करीब पांच वर्ष पूर्व हुई थी। मृतका अपने पीछे तीन मासूम बेटी को छोड़ गई है। खबर यह भी है कि सविता देवी एक दिन पूर्व अपने मायके से ससुराल आई थीं। पति बेंगलुरु में मजदूरी करता है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर वैधानिक कार्रवाई पूरी की। फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य संकलन किया। प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट मिलने पर मौत का कारण स्पष्ट होगा।.

### डीएम जिला सड़क सुरक्षा समिति की आज करेंगी बैठक

**बहराइच अमृत विचार।** अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग व जिला सड़क सुरक्षा समिति के सचिव ने बताया कि जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में 19 जून अपरान्ह 4 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आहूत की गयी है। उन्होंने अपेक्षा की है कि सभी सम्बन्धित अधिकारी वांछित सूचनाओं के साथ ससमय बैठक में प्रतिभाग करें।

### जनपद में 20 जून से प्रारम्भ होगा खाद्यान्न का वितरण

**बहराइच ,अमृत विचार।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद के समस्त अन्त्योदय अन्न योजना तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को माह जून 2025 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजनान्तर्गत नियमित वितरण का कार्य 20 जून से 10 जुलाई 2025 तक होगा। डीएसओ ने बताया कि वितरण की अन्तिम तिथि 10 जुलाई 2025 को आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुएं प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं को मोबाइल ओ.टी.पी. वेरीफिकेशन के माध्यम से खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। समस्त उचित दर विक्रेताओं को सचेत किया गया है कि वितरण अवधि में निर्धारित चौहद्दी में ही कार्डधारकों से ई-पास मशीन पर अंगूठा लगवाकर तत्समय ही लाभार्थी को मानक के अनुसार खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित करें। यदि किसी विक्रेता के विरूद्ध अनियमितता की शिकायत प्राप्त होती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

### घाघरा घाट पुल का मरम्मत कार्य पूर्ण, आवागमन निर्बाध

**जरवलरोड, बहराइच।** राष्ट्रीय राजमार्ग-927 पर स्थित घाघरा नदी के क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत का कार्य आज 18 जून 2025 को अपराह्न 5 बजे पूरी तरह संपन्न हो गया। बीते दो दिनों से युद्ध स्तर पर जारी मरम्मत कार्य के दौरान प्रशासन एवं पुलिस की मुस्तैदी के कारण यातायात सुचारू रूप से संचालित होता रहा। उल्लेखनीय है कि अमृत विचार समाचार पत्र द्वारा दिनांक 17 जून को प्रकाशित खबर के बाद एनएचएआई ने तत्परता दिखाते हुए मरम्मत कार्य प्रारंभ किया था। पुल के क्षतिग्रस्त एक्सपेंशन जॉइंट्स को प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया गया।मरम्मत कार्य के सफल संचालन में जनपद बहराइच एवं बाराबंकी की पुलिस की भूमिका सराहनीय रही, जिन्होंने मौके पर बड़े वाहनों का रूट डायवर्जन यातायात को नियंत्रित करने और आमजन को सुगमता से आवागमन सुनिश्चित कराने में पूरा सहयोग दिया। इस दौरान जरवलरोड थाना प्रभारी निरीक्षक श्री संतोष कुमार सिंह निरंतर निगरानी करते रहे। थाना प्रभारी ने जानकारी दी कि पुल का मरम्मत कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो गया है। अब सभी प्रकार के वाहन निर्बाध रूप से सुगमता के साथ फर्राटा भरते हुए पुल पार कर रहे हैं। स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और वाहन चालकों ने एनएचएआई, पुलिस प्रशासन तथा अमृत विचार की सजगता और समन्वय को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस तेजी से हुए कार्य ने बड़ी राहत दी है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की कैद

संवाददाता, बहराइच

**अदालत से**
- अभियुक्त पर लगाया 71000 का अर्थ दंड
- 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

**अमृत विचार।** न्यायालय पीठासीन अधिकारी दीपकान्त मणि अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो) ने नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 10 साल की सजा सुनाई है साथ में 73000 का अर्थदंड भी लगाया है।

वादी ने पुलिस को सूचना दी थी कि उसकी 17 वर्षीया बेटी उसकी ननिहाल में रहकर इण्टर में पढ़ती थी। 28 जून 2015 को सुबह करीब 9 बजे वह स्कूल गयी थी। विपक्षी अशोक व दद्दन साजिश करके उसे बहला फुसलाकर भगा ले गये। शाम तक जब लड़की नहीं आई। वह पूछताछ करते हुए अमलेश के यहां गया तो वह भड़क गया व गाली देने लगा तभी कमलेश, शालू, सीतापती मारपीट पर उतारू हो गये तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में थाना पयागपुर में दी गयी तहरीर के आधार पर 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया था। बुधवार को दोषी अभियुक्त कमलेश को पॉक्सो एक्ट में 10 वर्ष के कारावास से दण्डित किया गया। 50,000 का अर्थ दंड भी लगाया गया। धारा 363 में 05 वर्ष का कारावास व 10,000 का अर्थदण्ड, धारा 366 में 05 वर्ष का कारावास व 10,000 का अर्थदण्ड, धारा 323 में 01 वर्ष का कारावास व 1,000 के अर्थदण्ड दंडित किया गया है।

# शक्ति केंद्र पर आयोजित हुई चौपाल सभा

कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार। 288 विधानसभा कैसरगंज में मंडल कैसरगंज के शक्ति केंद्र डिहवा शेर बहादुर सिंह में शक्ति केंद्र संयोजक रामेंद्र चौधरी के प्रतिष्ठान चौधरी ट्रैक्टर्स कैसरगंज पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विकसित भारत का अमृतकाल एवं सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण को समर्पित केंद्र की भाजपा सरकार के सफलतम 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आयोजित की गई। उत्तर बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष शिवानंद सिंह की अध्यक्षता में "मोहल्ला चौपाल" का आयोजन किया गया। चौपाल सभा में मुख्य वक्ता वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता भगवान दास सोनी ने उपस्थित जनता-जनार्दन को सम्बोधित कर उन्हें डबल इंजन वाली भाजपा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जन-कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष एवं अभियान के मंडल संयोजक विनोद कुमार वर्मा, बूथ अध्यक्ष उमा प्रताप सिंह, अखंड प्रताप सिंह, संजीव जायसवाल, प्रमोद मौर्या, राम गोपाल वर्मा, सुनील कुमार वर्मा आदि सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# आईजी देवीपाटन परिक्षेत्र ने की जेटीसी प्रशिक्षण के तैयारियों की समीक्षा की

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र द्वारा जेटीसी प्रशिक्षण की तैयारियों की समीक्षा की। इसके साथ ही पुलिस लाइन परिसर का निरीक्षण कर साफ सफाई की व्यवस्था देखी और सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।


पुलिस लाइन में अधिकारियों से वार्ता करते पुलिस महानिरीक्षक।

पुलिस महानिरीक्षक अमित पाठक देवीपाटन परिक्षेत्र ने बहराइच पुलिस लाइन में चल रहे जे.टी.सी. प्रशिक्षण व्यवस्था का निरीक्षण किया। जेटीसी/आरटीसी-2025 के लिए 1049/600 प्रशिक्षुओं की आवासीय व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र श्री पाठक द्वारा पुलिस लाइन बहराइच का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जेटीसी/आरटीसी-2025 के प्रशिक्षण का जायजा लिया, निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह उपस्थित रहे। आईजी ने प्रशिक्षण व्यवस्था से जुड़े विभिन्न स्थलों का गहन निरीक्षण किया। जिसमें भवन, लाइब्रेरी, बैरक, मेस, शौचालय, स्नानागार, जिम्नेजियम और क्लासरूम शामिल रहे। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया और आवश्यक निर्देश भी दिए। क्लासरूम के लिए भी समुचित प्रबंध किए गए हैं। भवन, मनोरंजन हाल और बैरकों, शिक्षण कक्षों आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया ताकि प्रशिक्षण के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई, विद्युत, शौचालय, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति को देखा और अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण के लिए सभी जरूरी संसाधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षक के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर व देहात, क्षेत्राधिकारी लाइन तथा अन्य अधिकारी कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मनरेगा में फर्जी मास्टर रोल के खेल में हुई कार्रवाई, पूरे कार्य का मास्टर रोल हुआ शून्य

संवाददाता, मटेरा /बहराइच

**अमृत विचार।** शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र के रायगंज में जेसीबी मशीन तथा फर्जी मास्टर रोल चलाने के मामले में बड़ी कार्यवाही की है। पूरे कार्य का मास्टर रोल शून्य करवाया गया है।

शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र में लगातार फर्जी मास्टर रोल का खेल चल रहा था। जिसमें रायगंज ग्राम पंचायत सुर्खियों में था। दो दिन पूर्व जेसीबी मशीन से तालाब खुदाई का मामला सामने आया था। जिसकी जांच चल रही थी। स्थानीय लोगों ने फर्जीवाड़े का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया था। ग्राम सचिव मोहम्मद अकदश ने बताया कि तालाब सहित नाले का मास्टर रोल शून्य करवाया जाएगा। जेसीबी मशीन चलवाना व फर्जी मास्टर रोल चढ़ाना दोनों गलत है। खंड विकास अधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव से जानकारी के लिए दूरभाष पर संपर्क किया गया लेकिन फोन नहीं उठा था। ग्राम विकास अधिकारी मो० अकदस ने बताया कि ग्राम पंचायत रायगंज में मनरेगा योजनान्तर्गत जेसीबी द्वारा कार्य कराया जा रहा था जो कि मनरेगा अन्तर्गत शासनादेश व नियमों के विपरीत है। रायगंज में जेसीबी मशीन तथा फर्जी मास्टर रोल चलाने के मामले में पूरे कार्य का मास्टर रोल शून्य किया गया है।

# पूर्व विधायक के खिलाफ आईटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज

**बहराइच, अमृत विचार।** पयागपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक के खिलाफ एक युवक ने गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कराया है। मुकदमा साइबर सेल थाने पर दर्ज किया गया है। अभी मामले में जांच चल रही है।

पयागपुर थाना क्षेत्र के झाला तरहर निवासी राहुल पांडे ने थाने पर तहरी दी थी कि पूर्व विधायक मुकेश श्रीवास्तव अपने फेसबुक अकाउंट पर एक्स एमएलए होने के स्पष्ट उल्लेख के बावजूद प्रत्येक पोस्ट पर एट द रेट मुकेश श्रीवास्तव एमएलए टैग किया जा रहा है। जब भी कोई व्यक्ति टैग पर क्लिक करता है तो फेसबुक अकाउंट पर मुकेश श्रीवास्तव एमएलए लिखकर आता है। जिससे न सिर्फ जनता में भ्रम पैदा होता है बल्कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर गलत जानकारी प्रसारित करने का मामला भी बनता है जो की गंभीर अपराध है। इंटरनेट के माध्यम से झूठी पहचान बनाकर धोखाधड़ी की जा रही है यह कार्य लोकतांत्रिक व्यवस्था की गरिमा पारदर्शिता तथा नागरिकों के विश्वास के खिलाफ है। जिस पर पुलिस ने आईटी एक्ट की धारा 66 डी, 171, 419, 468, 471 के तहत मामला दर्ज किया है पुलिस ने अभी गिरफ्तार नहीं किया है।

## वर्ग पहेली-6

**बाएं से दाएं**

2.1. किसी जाति का कोई उपभेद 2. (काव्यशास्त्र) वर्णिक छंद का एक भेद।

4. वृद्ध, जो बुढ़ापे की अवस्था में हो।

5.1. प्रसिद्ध और पूजनीय 2. सबसे प्रतिष्ठित।

6.1. गुड़ अथवा चीनी का गाढ़ा घोल, चाशनी 2. घोटकर बनाया गया कोई पेय।

7.1. एक प्रकार की मछली 2. खूंटी या खूंटा।

8.1. जिसका संघटन हुआ हो 2. जो एक होकर किसी उद्देश्य की सिद्धि में लगा हो (व्यक्ति या वर्ग) 3. प्रतियोगिता

**ऊपर से नीचे**

1.1. धातु आदि पर आघात होने से झनकार की ध्वनि उत्पन्न होना 2. क्रोध आदि में हाथ-पैर पटकना 3. बकना-झकना।

3.1. परंपरा से चली आ रही 2. परंपरा के अनुसार।

6.1. अभ्यास 2. विवेचना 3. ग्रहण करना; धारण करना 4. प्रवर्तन।



### वर्ग पहेली -5 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 वी | णा | ■ | 2 नौ | ■ | 3 तू |
| 4 दो | ■ | ■ | 5 वै | त | र | णी |
| ड़ | ■ | ■ | ■ | र | ■ | क |
| 6 भा | षां | 7 त | र | ण | ■ | ■ |
| ग | ■ | न | ■ | ■ | ■ | 8 फिं |
| ■ | ■ | खै | ■ | 9 बे | तु | का |
| 10 दु | नि | या | वी | ■ | ■ | ई |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति: 19 जून, गुरुवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, अष्टमी-11.55 तक तत्पश्चात नवमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल- दक्षिण। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 11.17 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** — आज आप जो काम नहीं करना चाहते हैं वो ही आपको करना पड़ सकता है। आपको जल्दबाजी वाले स्वभाव से बचना चाहिए। व्यापार में उधारी न करें। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। तकनीकी कारणों से आपके काम में रुकावटें आ सकती हैं।

**वृष** — आज कार्यक्षेत्र में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। जीवनसाथी की सलाह को आप अत्यधिक महत्व देंगे। आप अपने मित्रों के बीच अत्यन्त लोकप्रिय रहेंगे। सभी काम योजनाबद्ध रूप से करेंगे, जिससे आपको बहुत लाभ होगा। विपरीत परिस्थितियों के बीच आप काफी अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहेगा। सभी काम मन लगाकर करेंगे। नए व्यापारिक अनुबंध हो सकते हैं। आप कारोबार में अच्छा लाभ कमा लेंगे। दाम्पत्य जीवन में खुशियां बढ़ेंगी। अपने स्वभाव को लेकर आत्मचिन्तन अवश्य करें।

**कर्क** — आज सुबह सिरदर्द की समस्या हो सकती है। धार्मिक भावनाओं से ओत-प्रोत रहेंगे। भाई-बहनों के साथ अच्छा समय बितायेंगे। आय के साधनों में वृद्धि होगी। भावनाओं में आकर निर्णय न लें। पिता की सेहत को लेकर समस्या हो सकती है।

**सिंह** — आज आप कार्यक्षेत्र में अत्यंत लोकप्रिय रहेंगे। आज मेहनत के कारण शाम को थकान और बदन दर्द का अनुभव कर सकते हैं। जीवनसाथी के साथ रोमान्टिक शाम का आनंद उठायेंगे। आप दूसरों को अनावश्यक ज्ञान देने से बचें। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे।

**कन्या** — आज आप लोगों के चहेते बने रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपको जिम्मेदारी वाला काम सौंपा जा सकता है। पर्यटन की योजना बना सकते हैं। प्रेमी जन के साथ डेट पर जाने का विचार बनायेंगे। अज्ञात लोगों पर अधिक विश्वास न करें।

**तुला** — आज आपका स्वास्थ्य बहुत अच्छा रहेगा। कारोबार के लिए आज का दिन बहुत अच्छा है। घर की साफ-सफाई और व्यवस्था पर अधिक ध्यान देंगे। शत्रुओं की योजना विफल होगी। अति उत्साह में बजट का ध्यान रखें। ससुराल पक्ष के साथ सम्बन्ध मधुर होंगे।

**वृश्चिक** — आज प्राइवेट जॉब कर रहे लोग छुट्टी ले सकते हैं। कार्यों में नवीनता आने से उत्साहित रहेंगे। जीवनसाथी पर नाराज हो सकते हैं। नए काम को लेकर जल्दबाजी न करें। पुरानी गलतियों से सीखने का अवसर मिलेगा। शाम को किसी पार्टी या आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं।

**धनु** — आज व्यावसायिक रणनीति बनाने के लिए दिन शानदार है। सोचे हुए काम पूरे होने से आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शुभ कार्यों में धन खर्च होगा। यदि आपको कोई सलाह देता है तो आपको उस पर प्रतिक्रिया देने से पहले विचार करना चाहिए।

**मकर** — आज आपको दुविधापूर्ण स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक बातों पर अधिक ध्यान न दें। आज आप स्वादिष्ट भोजन का आनंद लेंगे। बॉस आपकी काफी प्रशंसा करेंगे। मन में किसी तरह का पूर्वाग्रह न पालें।

**कुंभ** — आपको आज काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। उच्च अध्ययन के इच्छुक विद्यार्थियों को उत्तम अवसर मिल सकते हैं। परिजनों की चिंता रहेगी। अनावश्यक मुद्दों पर अपना समय व्यर्थ न करें। माइग्रेन के रोगियों को आज यात्रा से बचना चाहिए।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र में आपको उच्च पद मिल सकता है। दोपहर तक सारे महत्वपूर्ण कार्य कर लेना हितकर होगा। प्रभावशाली लोगों से मित्रतापूर्ण संबंध बनेंगे। व्यापार की समस्याएं दूर होंगी। प्रेम संबंधां का भरपूर आनंद लेंगे। शरीर में थकान महसूस हो सकती है।

## सुडोकू -13

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | | 9 | | | 5 | | 1 | |
| | | 2 | 3 | | 8 | 6 | | |
| 7 | 4 | | | 1 | | | 2 | |
| 6 | | | | 2 | | | 4 | |
| | 8 | | | | | | 5 | |
| | 2 | | | 9 | | | | 3 |
| | 9 | | | 3 | | | 8 | 1 |
| | | 1 | 4 | | 9 | 5 | | |
| | 3 | | 6 | | | 2 | | 7 |

### सुडोकू - 12 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 8 | 3 | 9 | 7 | 5 | 1 | 2 |
| 1 | 5 | 7 | 4 | 8 | 2 | 3 | 6 | 9 |
| 3 | 9 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 | 4 | 7 |
| 7 | 8 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 |
| 5 | 2 | 9 | 1 | 3 | 4 | 6 | 7 | 8 |
| 4 | 6 | 1 | 2 | 7 | 8 | 9 | 3 | 5 |
| 2 | 3 | 5 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 | 4 |
| 9 | 1 | 4 | 8 | 2 | 3 | 7 | 5 | 6 |
| 8 | 7 | 6 | 5 | 4 | 1 | 2 | 9 | 3 |

## एक नजर

### बीए षष्ठ सेमेस्टर अर्थशास्त्र की मौखिकी 20 जून को

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अर्थशास्त्र विषय के बीए षष्ठ सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा शुक्रवार को होगी। आंतरिक परीक्षक डॉ. सुनील कुमार त्रिपाठी ने बताया कि परीक्षा प्रातः 08 बजे से शुरू होगी। इस सत्र में मुख्य व सप्लीमेंट्री परीक्षा में अर्थशास्त्र विषय में परियोजना कार्य करने वाले छात्रों की मौखिक परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित वाह्य परीक्षक लेंगे। इस हेतु छात्र प्रवेश पत्र, रिकॉर्ड फाइल व अन्य आवश्यक सामग्री अपने साथ लेकर आयेंगे।

### एमए द्वितीय सेमेस्टर हिंदी की मौखिकी कल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिन्दी विषय के एमए द्वितीय सेमेस्टर की मौखिक परीक्षा शुक्रवार को होगी। आंतरिक परीक्षक डॉ. ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि परीक्षा प्रातः 10 बजे से शुरू होगी। इस सत्र में मुख्य व सप्लीमेंट्री परीक्षा में हिन्दी विषय में परियोजना कार्य करने वाले सभी विद्यार्थियों की मौखिक परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित वाह्य परीक्षक लेंगे। इस हेतु सभी विद्यार्थी प्रवेश पत्र, रिकॉर्ड फाइल व अन्य आवश्यक सामग्री अपने साथ लेकर आयेंगे।

### मंडी से युवक लापता अनहोनी की आशंका

**भदैंया, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली देहात क्षेत्र के हनुमानगंज बाजार निवासी सत्यम जयसवाल (24) मंगलवार को अमहट मंडी भुट्टा खरीदने गया था, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटा, जिससे परिजन परेशान हो उठे। परिजनों के अनुसार, सत्यम जायसवाल ठेले पर भुट्टा बेचने का काम करता था। मंगलवार सुबह वह मंडी गया और वहां से भुट्टा खरीद कर बाजार के ही एक ई-रिक्शा पर सामान रखवा दिया, लेकिन खुद लापता हो गया। शाम तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने रिश्तेदारों और जान-पहचान वालों के यहां खोजबीन की, लेकिन सत्यम का कोई सुराग नहीं मिला। थक-हार कर बुधवार को परिजन कोतवाली देहात पहुंचे और लिखित सूचना देकर किसी अनहोनी की आशंका जताई।

### मवेशी चराने गये बच्चों को दबंगों ने पीटा

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के रामगढ़ निवासी दलित श्रीनाथ ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि बुधवार की सुबह आठ बजे उनका पुत्र शनि अपने तीन साथियों के साथ बकरी चराने गया था। उसी समय वहां पर एक कुत्ता आ गया, बच्चों ने कुत्ते को डांट कर भगाना शुरू किया। तभी गांव का एक युवक आ गया और जाति सूचक शब्दों की गालियां देते हुए मारने पीटने लगा। जिससे सनी समेत चारों बच्चों को चोटें आ गईं। घायल बच्चों के परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# एक और सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय बनेगा

## प्री प्राइमरी से 12 तक की चलेंगी कक्षाएं, डीएम ने सभी एसडीएम को भूमि उपलब्ध कराने को भेजा पत्र

जिला संवाददाता, सुलतानपुर


जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय भवन।

**अमृत विचारः** जिले की शिक्षा व्यवस्था को समग्र रूप देने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया जा रहा है। सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अंतर्गत अब जिले में एक और मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय का निर्माण होगा। जहां पर प्री-प्राइमरी से 12वीं तक में 1500 बच्चे पढ़ाई करेंगे। इसके पहले चरण में बल्दीराय का पहला मॉडल विद्यालय हलियापुर में बन रहा है।

महत्वाकांक्षी योजना के दूसरे चरण में जिले को एक और मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय की सौगात मिली है। इस विद्यालय में करीब 1500 विद्यार्थियों के आधुनिकतम शैक्षणिक परिवेश में शिक्षित किए जाने के लिए उद्देश्य से 30 कक्षाओं से युक्त विद्यालय भवन के निर्माण के साथ-साथ खेल का मैदान एवं कौशल विकास के संसाधनों को भी विकसित किया जाना है। नए मॉडल विद्यालय में नई शिक्षा निति के अनुरूप प्री प्राइमरी से लेकर कक्षा एक से 12 तक अलग-अलग कक्षाओं का संचालन होगा। कक्षा 11 एवं 12 के लिए विज्ञान, कला एवं वाणिज्य विषयों के लिए अलग-अलग कक्षाएं चलेंगी। प्रत्येक कक्षा कक्ष में बच्चों को डिजिटल एजुकेशन प्लेटफार्म एवं डिजिटल लर्निंग के माध्यम से शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए स्मार्ट क्लास की स्थापना की जाएगी। डिजिटल उपकरणों की व्यवस्था के साथ आधुनिक प्रयोगशाला, कंप्यूटर लैब, डिजिटल लाइब्रेरी भी विकसित की जाएंगी।



"मुख्यमंत्री माडल कंपोजिट विद्यालय की स्थापना के लिए जमीन चयन के लिए भी एसडीएम को पत्र लिखा गया है। जन प्रतिनिधियों से भी सहयोग मांगा गया है। साथ ही डायट प्राचार्य व डीआईओएस को भी पत्र जारी कर सहयोग मांगा गया है। जमीन उपलब्ध होते ही विद्यालय निर्माण की प्रक्रिया शुरू कराई जाएगी।"
-कुमार हर्ष, जिलाधिकारी, सुलतानपुर

### पांच एकड़ जमीन की जरूरत



बीएसए उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि विद्यालय के लिए कम से पांच से लेकर 10 एकड़ तक जमीन चाहिए। चयनित भूमि निर्विवादित और निशुल्क होनी चाहिए। चयनित जमीन हाईवे या मुख्य मार्ग के आस पास, विद्यालय परिसर तक मार्ग सुगम होना चाहिए। शहर या कस्बे के आस-पास जमीन मिलने से उसका ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सकेगा। इस विद्यालय निर्माण में करीब 24 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले चरण में उच्च प्राथमिक विद्यालय हलियापुर बल्दीराय में जमीन उपलब्ध हुई है। जहां पर निर्माण कार्य जारी है।

# बिजली कटौती के खिलाफ आप और सपा का प्रदर्शन

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में बदहाल बिजली व्यवस्था और लंबी बिजली कटौती के खिलाफ आम आदमी पार्टी और समाजवादी ने बुधवार को जिले में प्रदर्शन किया। प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। आप सांसद व प्रदेश प्रभारी संजय सिंह के आवाहन पर सुलतानपुर में पार्टी कार्यकर्ता तिकोनिया पार्क में जुटे और जिला अध्यक्ष सुरेश चंद्र एडवोकेट के नेतृत्व में प्रदर्शन कर योगी सरकार की बिजली नीति के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि राज्य की जनता महंगी बिजली दरों के साथ-साथ रोजाना 10-12 घंटे की कटौती की दोहरी मार झेल रही है। चिलचिलाती धूप और भीषण गर्मी में यह हालात आम लोगों के जीवन को अस्त-व्यस्त कर रहे हैं। बच्चों की पढ़ाई, घरों की पानी व्यवस्था, छोटे व्यवसाय, किसान की फसलकृसब पर बुरा असर पड़ रहा है। सह प्रभारी मोहम्मद अख्तर ने सरकार पर बिजली बिलों के निजीकरण से जुड़े भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि प्राइवेट कंपनियां मीटर रीडिंग के नाम पर फर्जी बिल थोप रही हैं, और सरकार आंख मूंदे बैठी है। महासचिव रामविलास तिवारी, पूर्व प्रदेश सचिव अजीत श्रीवास्तव, प्रदेश कोषाध्यक्ष पूनम श्रीवास्तव, प्रदेश सचिव शहजादा शकील खान, अनिल कोरी, पूर्व जिलाध्यक्ष बृजेश प्रजापति, मकसूद अंसारी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष वसीद अहमद, जिला सचिव जितेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र जायसवाल, साहिल तिवारी, अजमल खान, मो. सुहेल, मो. कामरान, अरविंद यादव, सलीम, रुखसार अहमद, घनश्याम मौर्य, शफीक, शेर अली, अंकित कुमार, अशफाक अहमद समेत कई कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल रहे। वहीं, समाजवादी पार्टी ने भी बिजली कटौती को लेकर प्रदर्शन किया।

# क्लीन चिट रिपोर्ट रद, पुनः विवेचना का आदेश

**अदालत से**

- धोखाधड़ी के मामले में पुलिस की अन्तिम रिपोर्ट को एसीजेएम ने खारिज किया

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** थाना बल्दीराय क्षेत्र में धोखाधड़ी के केस में आरोपितों को क्लीनचिट देने वाली पुलिस की अन्तिम रिपोर्ट को एसीजेएम मुक्ता त्यागी ने खारिज कर दिया है। प्रकरण में आरोप था कि परसौली ऐजर निवसी आरोपी महन्त कुमार चौहान व टडरसा निवासी सूर्यनारायण ने कूटरचित ओपीडी चिकित्सा प्रमाण पत्र, फर्जी फेसबुक पोस्ट व भ्रामक वीडियो प्रसारित कर हत्या के गंभीर मामले से अपना नाम हटवाया और अनुचित लाभ प्राप्त किया। बल्दीराय थानाक्षेत्र के टड़रसा निवासी वादिनी अर्चना देवी ने न्यायालय में प्रस्तुत आपत्ति प्रार्थनापत्र में आरोप लगाया कि आरोपियों ने झूठे दस्तावेज व स्क्रीनशॉट के माध्यम से स्वयं को निर्दोष दर्शाया, जबकि वास्तविकता में उनकी संलिप्तता मृतका श्रद्धा सिंह की हत्या में है। प्रस्तुत साक्ष्यों में मेडिकल रिपोर्ट के फर्जी होने की पुष्टि सिविल हॉस्पिटल यमुनानगर हरियाणा द्वारा भी की गई है।

कोर्ट ने पाया कि आरोपियों के विरुद्ध प्रचुर डिजिटल एवं दस्तावेजी साक्ष्य उपलब्ध हैं, जिन्हें विवेचना में अनदेखा किया गया। न्यायालय ने पुलिस की अन्तिम रिपोर्ट को रद्द करते हुए थानाध्यक्ष बल्दीराय को आदेशित किया कि मामले की पुनः निष्पक्ष और गहन विवेचना कर न्यायालय को परिणाम से अवगत कराएं।

### पीड़िता व माता-पिता कोर्ट में हुए तलब सुनवाई आज

युवती के अपहरण व धर्म परिवर्तन करने के मामले में प्रभारी जिला जज संतोष कुमार ने बुधवार को पीड़िता व उसके माता-पिता को तलब करने का आदेश दिया है। आरोपियों की जमानत अर्जी पर गुरुवार को सुनवाई होगी। रामगंज थाने के एक गांव की 22 वर्षीय युवती की शादी बीती छह मई को तय थी। शादी से पहले बीती 24 अप्रैल को युवती गायब हो गई थी। युवती के पिता ने गांव के ही अरमान, सलमान, इमरान व मोहम्मद शहजाद के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज कराया था। जेल में निरूद्ध आरोपी इमरान की नियमित जमानत अर्जी और आरोपी अरमान की अग्रिम जमानत अर्जी पर बुधवार को सुनवाई हुई। अभियोजन पक्ष की ओर से डीजीसी क्रिमिनल राम अचल मिश्र ने कहा कि युवती को उसके माता-पिता के अभिरक्षा में दिया गया था जिसे बाद में आरोपियों ने उसका दोबारा अपहरण कर लिया। कोर्ट ने पीड़िता व उसके माता-पिता को गुरुवार के लिए तलब किया है।

### गिरफ्तारी वारंट के बावज़ूद नहीं हाजिर हुए रिटायर्ड सीओ

**संवाददाता, सुलतानपुर :** पिस्टल बरामदगी के मामले में वादी मुकदमा रहे रिटायर्ड सीओ उदय प्रताप सिंह बुधवार को कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ निशा सिंह ने रिटायर्ड सीओ के गैर हाजिर होने पर उनके खिलाफ गैर जमानतीय वारंट जारी किया है।पूर्व कोतवाल उदय प्रताप सिंह ने 16 जून 2009 को जयसिंहपुर के महमूदपुर सेमरी निवासी आनंद मिश्र को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से इटली की बनी हुई पिस्टल व पांच कारतूस बरामद किया था। कोर्ट में गवाही के लिए हाजिर न होने पर कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए गिरफ्तारी वारंट जारी किया था।

### कोर्ट ने आरोपी की गिरफ्तारी पर लगाई रोक

**संवाददाता, सुलतानपुर :** सत्र न्यायाधीश लक्ष्मी कान्त शुक्ल की अदालत ने अमेठी थानाक्षेत्र के एक गांव में हुए यौन शोषण प्रकरण में आरोपी वीर अभिमन्यु सिंह को अग्रिम जमानत दे दी है। आरोपी द्वारा आरोप पत्र दाखिल होने के पश्चात यह दूसरा अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिसे न्यायालय ने स्वीकार कर गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। बचाव पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा के मुताबिक वादिनी ने आरोपी पर वर्ष 2020 से शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण करने, धोखे से मंदिर में सिंदूर लगाकर नकली शादी करने, तथा उसके व्यक्तिगत फोटो और जानकारी वायरल करने के गंभीर आरोप लगाए थे। अधिवक्ता ने बताया कोर्ट ने पीड़िता के पुलिस को दिए गए बयान व मजिस्ट्रेट के समक्ष दिए गए बयान में विरोधाभास पाते हुए अग्रिम जमानत मंजूर कर ली है।

### चाचा-भतीजा हत्याकांड में जिरह जारी

**संवाददाता, सुलतानपुर :** मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की हत्या से जुड़े मामले में बुधवार को वादी मुकदमा दुर्गेश यादव से बचाव पक्ष ने जिरह की। बचाव पक्ष के वकील संतोष पांडेय ने बताया कोर्ट ने शेष जिरह के लिए 20 जून की तारीख तय की है।। अमेठी जिले के मुसाफिरखाना के भद्दौर निवासी संग्रह अमीन सुरेश यादव व उनके भतीजे बृजेश यादव की 27 फरवरी 2023 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में जलालुद्दीन, संजय यादव प्रधान, मनोज यादव, डब्बू यादव, मुइनुद्दीन, मुकेश यादव, राहुल यादव, अभय यादव, अंकित यादव, मनीष उर्फ कल्लू, हरीफूल शुक्ल, वसीर समेत कुल 13 आरोपियों के खिलाफ हत्या सहित गंभीर आरोपों में चार्जशीट दाखिल हुई थी। मामला अभियोजन साक्ष्य में विचाराधीन है।

### फर्जी दस्तावेजों से नियुक्ति के मामले में सुनवाई 26 जून को

अमेठी जिले के गौरीगंज थाना क्षेत्र में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर सहायक अध्यापक पद पर नियुक्ति प्राप्त करने के एक बहुचर्चित प्रकरण में आरोपी अखिलेश कुमार यादव ने अग्रिम जमानत के लिए सेशन कोर्ट में याचिका दाखिल की है। यह मामला वर्ष 2019 में खण्ड शिक्षा अधिकारी शिवबहादुर मौर्य द्वारा दर्ज कराया गया था, जिसमें कुल 16 आरोपियों के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत अन्य आरोप में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। अभियोजन पक्ष के डीजीसी क्रिमिनल रामअचल मिश्र के मुताबिक आरोपियों ने फर्जी प्रमाणपत्रों के आधार पर नौकरी प्राप्त की थी, जिसकी जांच में अभिलेख अप्रमाणित पाए गए। सुनवाई का अवसर दिए जाने पर भी आरोपियों द्वारा कोई संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दिया गया। प्रकरण में आरोपी अखिलेश कुमार यादव, उम्र लगभग 35 वर्ष, निवासी पिपरा कला, थाना खेजुरी, जिला बलिया, वर्तमान में प्राथमिक विद्यालय किशुनी, विकासखंड शुकुल बाजार, अमेठी में तैनात हैं। उन्होंने अपने अग्रिम जमानत प्रार्थना पत्र में दावा किया है कि वे निर्दोष हैं और उन्हें झूठे आरोप में फंसाया गया है। विचाराधीन याचिका पर सुनवाई की तिथि 26 जून निर्धारित की गई है।

# स्कूल में सिगरेट पीने वाला शिक्षक निलंबित

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**सख्ती**

- बीईओ बल्दीराय की आख्या पर बेसिक शिक्षा अधिकारी ने की अनुशासनात्मक कार्रवाई
- दूबेपुर बीईओ को सौंपी गई थी जांच, 15 दिन में रिपोर्ट तलब
- कंपोजिट विद्यालय अशरफपुर बल्दीराय से जुड़ा मामला

**अमृत विचारः** जिले के कंपोजिट विद्यालय अशरफपुर बल्दीराय में तैनात एक सहायक अध्यापक को विद्यालय में ही बैठकर सिगरेट पीने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई खंड शिक्षाधिकारी बल्दीराय की आख्या पर बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेंद्र गुप्ता ने की है।

बीईओ दूबेपुर की ओर से दी गई आख्या में बताया गया कि आठ मई को नागेंद्र प्रताप सिंह सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय अशरफपुर, विकास क्षेत्र बल्दीराय को विद्यालय में धूम्रपान करने के संबंध में स्पष्टीकरण उपलब्ध कराए जाने के लिए निर्देशित किया गया था। किंतु उनके द्वारा कोई स्पष्टीकरण व साक्ष्य नहीं दिया गया। 21 मई को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए नागेंद्र प्रताप सिंह से स्पष्टीकरण मांगा गया। स्पष्टीकरण में उन्होंने विद्यालय में धूम्रपान के संबंध में कुछ न बताते हुए अनावश्यक तर्क दिया गया। बीएसए ने बताया कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है और नागेंद्र प्रताप सिंह द्वारा विद्यालय में बैठकर धूम्रपान किया जा रहा है, जो इनके आचरण के प्रतिकूल है। इस प्रकार नागेंद्र प्रताप सिंह शिक्षक आचरण नियमावली के प्रतिकूल कार्य करने के आरोपी पाए गए। जिसकी वजह से उन्हें निलंबित करते हुए जांच बैठाई गई है। बीईओ दूबेपुर को जांच अधिकारी बनाते हुए 15 दिन के अंदर रिपोर्ट तलब की गई है। शिक्षा विभाग द्वारा की गई यह कार्रवाई अनुशासनहीनता के खिलाफ स्पष्ट संदेश मानी जा रही है कि विद्यालय में शिक्षक का व्यवहार मर्यादित और आदर्श होना चाहिए।

### बीज भंडार की दुकान पर संयुक्त टीम का छापा

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** शासन के निर्देश पर लंभुआ कस्बे में एक बीज भंडार पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट रिदम आनंद तथा जिला कृषि रक्षा अधिकारी दीपचंद चौरसिया की संयुक्त टीम ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया। बीज भंडार पर लगभग ढाई घंटे तक गौरव एग्रो बीज भंडार का अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि बीज भंडार पर काफी मात्रा में खेतों में डालने वाली एक्सपायरी दवाएं मिली जिस पर स्टीकर लगाकर डेट बढ़ाई गई थी। उन्होंने कहा कि दुकानदार द्वारा किसानों को यही दवाएं बेची जा रही थी जो फसलों के लिए नुकसानदायक है। किसान को पैसा खर्च करने के बावजूद उसका फायदा ना मिलता। एक्सपायरी दवाएं सील करके कोतवाली में जमा करा दी गई है। उक्त जांच रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौपी जायेगी अनुमति मिलते ही दुकान के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप


शहीद स्मारक सेवा समिति की ओर से वितरित किया गया शरबत। अमृत विचार

### रानी लक्ष्मीबाई की स्मृति में किया गया शरबत वितरण

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्वतंत्रता संग्राम की वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस के अवसर पर शहीद स्मारक सेवा संस्था के तत्वावधान में स्वशासी राज्य चिकित्सालय सुलतानपुर (जिला अस्पताल) परिसर में विशाल दही शरबत वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सीएमएस डॉ. आरके मिश्रा, आरके यादव, डॉ. सुधाकर सिंह सहित अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा फीता काटकर किया गया। इसके बाद लगभग 3500 राहगीरों, तीमारदारों और मरीजों को ठंडे दही शरबत का वितरण किया गया, जिससे सभी को गर्मी में राहत मिली। कार्यक्रम में लगभग 70 से 80 युवा स्वयंसेवकों ने सेवा भाव से भाग लिया और आयोजन को सफल बनाया। वितरण कार्य में सियाराम भैया, नितीश तिवारी, सभासद सुधीर तिवारी, करतार केशव यादव, सैय्यद अहमद, प्रदोष त्रिपाठी, राममूर्ति, चंद्र प्रकाश यादव, आरके पांडेय, राजदेव, अजय तिवारी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने अपना समय, श्रम और आर्थिक योगदान देकर सक्रिय भूमिका निभाई।

### सीएम उद्यमी योजना के लाभार्थियों को सौंपी ऑटो की चाभी

**सुल्तानपुर, अमृत विचार :** अमहट स्थित आरडीएस ऑटोमोबाइल शोरूम पर मंगलवार को उत्तर प्रदेश सीएम उद्यमी योजना के तहत बिना ब्याज के तीन लाभा र्थियों को ऑटो लोन वितरित किया गया। बड़ौदा युपी बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक महेश कुमार झा ने ऑटो संचालकों को चाभी सौपी।


लाभार्थी को ऑटो की चाभी सौंपते प्रबंधक।

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सीएम उद्यमी योजना के तहत 18 से 40 वर्ष के लोगों को उद्योग करने के लिए उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक लाभार्थियों के साथ खड़ी है।डीआरएम रवि श्रीवास्तव,जिला उपायुक्त उद्योग, नेहा सिंह, उद्योग विभाग के अरुण कुमार सिंह, ग्रामीण बैंक के सहायक प्रबंधक नंदन, ऑटोमोबाइल की प्रबंधक शशि सिंह आदि मौजूद रहे। अतुल ऑटो के इंडिया हेड मनोज जोशी ने बताया कि 5 साल की गारंटी के साथ इस ऑटो की 5 साल गारंटी है। एक बार फुल चार्ज करने पर 200 किलोमीटर से अधिक की रेंज देती है।गाड़ी में डबल बैटरी लिथियम की दी गई है। जो मॉडर्न और इंटरनेशनल टेक्नोलॉजी पर आधारित है। उत्तर प्रदेश सरकार की इस योजना से युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं।

### सड़क जाम करने वालों से वसूला जुर्माना

**संवाददाता, सुलतानपुर, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में अतिक्रमण और ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका परिषद सुल्तानपुर ने यातायात पुलिस के सहयोग से बुधवार को बड़ा अभियान चलाया। इस दौरान गभाड़िया पुल से तहसील तक, कुड़वार नाका, घंटाघर से आगरा मिष्ठान भंडार तक के मार्गों पर पटरियों पर सामान फैलाकर दुकान लगाने वाले पथ विक्रेताओं और दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान 7 दुकानदारों से कुल 6000 रुपये का जुर्माना वसूला गया, वहीं 5 लोगों का सामान जब्त कर लिया गया। अभियान में नगर पालिका की टीम ने सभी दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी कि दुकान की सामग्री दुकान के अंदर ही रखें और किसी भी हालत में सड़क की पटरियों पर सामान फैलाकर जाम ना लगाएं। इसके साथ ही पथ विक्रेताओं को निर्देशित किया गया कि वे केवल निर्धारित वेंडिंग जोन में ही दुकान लगाएं, अन्यथा जुर्माना, सामान जब्ती के साथ-साथ विधिक कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। नगर पालिका ने यह भी स्पष्ट किया कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अभियान नियमित रूप से चलता रहेगा।

# आर्केस्ट्रा में हुड़दंग से मना किया तो पिता-पुत्र को पीटा

- एक नामजद समेत 4 लोगों पर मुकदमा दर्ज

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के ग्राम कटघरा में आर्केस्ट्रा कार्यक्रम के दौरान हुड़दंग मचाना एक युवक को इतना नागवार गुज़रा कि उसने अगले दिन पिता-पुत्र दोनों की पिटाई कर दी।

घटना 16 मई की रात की है। गांव निवासी राजन दूबे अपने तीन साथियों के साथ गांव में चल रहे आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में हुड़दंग मचा रहा था। जब प्रेम प्रकाश निषाद ने उसे ऐसा करने से रोका, तो राजन व उसके साथियों ने उसकी लात-घूंसे से पिटाई कर दी और मौके से फरार हो गए। मंगलवार सुबह जब प्रेम प्रकाश अपने घर पर मौजूद नहीं था, तभी राजन दूबे अपने उन्हीं साथियों के साथ वापस आया और प्रेम प्रकाश के पिता हरिवंश निषाद पर डंडे और सरिया से हमला कर दिया। हमला कर वे लोग धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। प्रेम प्रकाश जब घर लौटा तो पिता की हालत देख वह उन्हें लेकर थाने पहुंचा और तहरीर देकर राजन दूबे समेत तीन अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस हमलावरों की तलाश में जुटी है।

### ग्राम पंचायत की जमीन के कब्जे को लेकर दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल

**अखंडनगर, सुलतानपुर, अमृत विचार :** स्थानीय थाना क्षेत्र के ताजुद्दीनपुर गांव के मजरा हमजापुर में रविवार सुबह ग्राम पंचायत की बचत की जमीन के कब्जे को लेकर दो परिवारों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट की नौबत आ गई। इस झगड़े में अखिलेश मिश्रा के पुत्र शुभम मिश्रा (25) तथा शिवजोर पाल के पुत्र रामप्रकाश पाल और बहू शीला पाल (30) को चोटें आईं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेजा, जहां से गंभीर रूप से घायल शुभम मिश्रा व शीला पाल को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल सुलतानपुर रेफर कर दिया गया। थाना प्रभारी दीपक कुशवाहा निरीक्षक ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से तहरीर दी गई है, जिसके आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है।

# प्रशिक्षण शिविर में कैदियों ने सीखा योग

संवाददाता, सुलतानपुर


जिला कारागार में कैदियों को योग सिखाते सुनील दत्त तिवारी। अमृत विचार

- जिला कारागार में योग प्रशिक्षण शिविर का किया गया आयोजन

**अमृत विचारः** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अंतर्गत जिला कारागार में निरुद्ध कैदियों के लिए योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य कैदियों को मानसिक शांति, स्वास्थ्य लाभ तथा सकारात्मक जीवनशैली की ओर प्रेरित करना था।

मास्टर ट्रेनर सुनील दत्त तिवारी द्वारा योग प्रशिक्षण कराया गया। उन्होंने कैदियों को विभिन्न योग क्रियाओं जैसे भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, ओम नाद, यौगिक जॉगिंग, सूक्ष्म व्यायाम, वज्रासन, पद्मासन, उत्थित पद्मासन, गोमुखासन, शशांकासन, मंडूकासन, सिंहासन, हास्यासन, भुजंगासन और हस्त उत्तानासन का अभ्यास कराया। योग गुरु सुनील दत्त तिवारी द्वारा शिविर में योग की उपयोगिता, शरीर और मन पर इसके प्रभाव तथा नियमित अभ्यास के लाभों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। उन्होंने आहार-विहार, यानी संतुलित भोजन और स्वस्थ जीवनशैली के विषय में भी जानकारी दी, जिससे बंदी बेहतर जीवन की दिशा में कदम बढ़ा सकें। जिला कारागार प्रशासन द्वारा इस पहल की सराहना की गई और इसे कैदियों के शारीरिक स्वास्थ्य सुधार हेतु एक महत्वपूर्ण कदम बताया गया। इस दौरान कैदियों में विशेष उत्साह और सहभागिता देखी गई।

**आयोजन** | कांग्रेस का संविधान बचाओ सम्मेलन संपन्न, बूथ स्तर तक संगठन खड़ा करने का संकल्प

# राहुल के नेतृत्व में लड़ेंगे संविधान बचाने की लड़ाई

जिला संवाददाता, सुलतानपुर


कांग्रेस के संविधान बचाओ सम्मेलन को संबोधित करते राजेश तिवारी।

**अमृत विचारः** कांग्रेस पार्टी ने उत्तर प्रदेश में अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के तहत सुलतानपुर विधानसभा में "संविधान बचाओ सम्मेलन" का आयोजन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को राहुल गांधी के नेतृत्व में संविधान बचाने की लड़ाई में जुटने का आह्वान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, छत्तीसगढ़ राज्य के पूर्व मंत्री व कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव प्रभारी राजेश तिवारी ने कहा कि "देश के संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस मजबूती से खड़ी है।" उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने और जमीनी संगठन को मजबूत करने की जरूरत है। सम्मेलन में उपस्थित पूर्व मंत्री मुईद अहमद, किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश सिंह, निवर्तमान राष्ट्रीय मीडिया कोआर्डिनेटर राजेश तिवारी ने सहित अन्य वक्ताओं ने जनहित के मुद्दों और कांग्रेस की रीति-नीति को कार्यकर्ताओं के बीच साझा किया। कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा और शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता अब हर बूथ तक पहुंचेगा। यहां पूर्व प्रधान संघ जिला अध्यक्ष जफर खान ने अपने दर्जनों समर्थकों सहित बसपा छोड़कर कांग्रेस में भागीदारी की। वहीं पूर्व महिला जिला अध्यक्ष कुसुम लता मिश्रा भी दर्जनों महिलाओं के साथ पहुंचीं, जिससे कार्यक्रम में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी दिखी। कार्यक्रम का संचालन सभासद संजय कप्तान ने किया।

# बाइक का प्लग निकालने पर युवक को पीटा, चार पर केस

**दोस्तपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः** बाइक की प्लग निकालने की मामूली बात को लेकर एक युवक की बेरहमी से पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को जिला अस्पताल अंबेडकरनगर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम बबुरीपुर पेहरहिया निवासी रामनाथ व विवेक सोमवार की रात करीब दस बजे गंगापुर भुलिया गए थे। दोनों ने वहां अपनी बाइक खड़ी कर भोजन करने चले गए। इसी दौरान बबुरीपुर निवासी अजीत ने विवेक की बाइक का प्लग खोल लिया। भोजन के बाद जब विवेक ने अजीत से बाइक का प्लग मांगा, तो अजीत बहाने से उसे एक स्थान पर ले गया, जहां पहले से ही अजीत, अमरजीत, अंकित व संतराम मौजूद थे। वहां पहुंचते ही चारों ने मिलकर लात-घूंसों और डंडों से विवेक की बुरी तरह पिटाई कर दी। घटना के बाद रामनाथ किसी तरह घायल अवस्था में विवेक को लेकर सीएचसी दोस्तपुर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने विवेक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल अंबेडकरनगर रेफर कर दिया। रामनाथ की तहरीर पर पुलिस ने अजीत, अमरजीत, अंकित व संतराम के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**जे0बी0एस0 कॉलेज ऑफ लॉ, मालिनपुर राम सनेही घाट, बाराबंकी**

**एल0एल0बी0 (विधि) त्रिवर्षीय एवं पंचवर्षीय पाठ्यक्रम में स्ववित्तपोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है -**

प्राचार्य 01 पद ।
प्रवक्ता विधि (त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम– 09 पद।
प्रवक्ता विधि (पंचवर्षीय) पाठ्यक्रम– 05 पद। प्रवक्ता अर्थशास्त्र, प्राचीन इतिहास, मनोविज्ञान, राजनीति शास्त्र, अंग्रेजी एवं समाज शास्त्र प्रत्येक विषय में प्रवक्ता 01– 01 पद।
योग्यता एवं वेतनमान– **यू0जी0सी0, बी0सी0आई0, एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।**
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 कार्य दिवस के अन्दर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की प्रमाणित छायाप्रति के साथ विद्यालय के पते पर सम्पर्क करें।

**प्रबंधक**
मो0नं0–8743958360

## एक नजर

### गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री ने जनता दरबार में सुनी फरियाद

**गोरखपुर, अमृत विचार।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में प्रदेश के विभिन्न जिलों से सैकड़ों की संख्या में आए फरियादियों ने अपनी-अपनी समस्याएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष रखीं। मुख्यमंत्री ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश जारी किए। मुख्यमंत्री ने फरियादियों से एक-एक कर मुलाकात की।

### पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना का मिला लाभ

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** खुनियांव स्टेट बैंक आफ इंडिया बैंक की रमवापुरकली शाखा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत एक परिवार को बड़ी राहत मिली है। मृतक कांति देवी के नॉमिनी, पति राम गिरीश को बीमा क्लेम के रूप में 2 लाख रुपए मिले हैं। शाखा प्रबंधक ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक व वित्तीय साक्षरता केन्द्र के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूकता कैंप लगा कर लोगों को जागरूक कर बीमा एवं बैंकिंग सुविधाओं के बारे मे जानकारी दी जा रही है। इस मौके पर स्टेट बैंक आफ इंडिया के शाखा प्रबंधक अशोक कुमार एवं आरोह फाउंडेशन के वित्तीय सलाहकार धर्मेंद्र यादव मौजूद रहे।

### जीडीए की बैठक

**गोरखपुर, अमृत विचार।** गोरखपुर विकास प्राधिकरण बोर्ड की 128 वीं बैठक जीडीए अध्यक्ष/मंडलायुक्त अनिल ढिंगरा की अध्यक्षता में मंडलायुक्त सभागार में हुई। बैठक में डीएम कृष्णा करुणेश, जीडीए उपाध्यक्ष आनंद वर्धन, नगर आयुक्त गौरव सिंह सोगरवाल, जीडीए सचिव पुष्प राज सिंह, जीडीए ओएसडी प्रखर उत्तम व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# शिकायतों का करें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण : डीएम

## बैठक में की आईजीआरएस के प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण प्रक्रिया की समीक्षा, दिया निर्देश

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** आईजीआरएस के प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. की अध्यक्षता एवं सीडीओ बलराम सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आयुष अग्रवाल की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में हुई।



निरीक्षण करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

डीएम ने निर्देश दिया कि निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट होना चाहिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि भूमि विवाद से सम्बन्धित प्रकरण में थानाध्यक्ष को न भेजें। उपजिलाधिकारी राजस्व निरीक्षक के साथ जायें। सभी उपजिलाधिकारी राजस्व के प्रकरणों को गम्भीरता से लेकर निर्धारित समय में निस्तारित कराना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही सभी शिकायतों का समय एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। डीएम ने कहा कि सरकारी जमीन पर किसी का भी कब्जा नहीं होना चाहिए नहीं तो सम्बंधित लेखपाल पर कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर समस्त उपजिलाधिकारी, समस्त तहसीलदार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रजत कुमार चौरसिया, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, जिला पूर्ति अधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी नगर पालिका/नगर पंचायत, खण्ड विकास अधिकारी आदि उपस्थित थे।

### एएनएम और कार्यकत्री कार्य में लाएं सुधार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने दानोकुईया, केन्द्र जिगिना बुजुर्ग, विकास खण्ड मिठवल पर आयोजित बीएचएनडी दिवस का निरीक्षण किया। डीएम ने एएनएम से गर्भवती महिलाओं की सभी प्रकार की जांच के बारे में जानकारी प्राप्त की। गर्भवती महिलाओं की एचआरपी जांच के लिए एएनएम के पास स्ट्रिप उपलब्ध नहीं था जिससे खून की जांच नहीं हो पा रही थी। इस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये एएनएम को नोटिस निर्गत करने के साथ अग्रिम आदेश तक वेतन रोकने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकत्री को कार्य में सुधार लाने के साथ रजिस्टर ठीक करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा गर्भवती महिला से वार्ता कर बीएचएनडी दिवस पर दी जाने वाली जानकारी के बारे में पूछताछ किया। डीएम ने सैम-मैम बच्चों के रजिस्टर का अवलोकन किया तथा सैम मैम बच्चों को पोषाहार वितरण के बारे में जानकारी ली।

# कक्षाएं शुरू हुए बिना अवधी डिप्लोमा की परीक्षा तिथि घोषित

**अवध विवि**

संवाददाता, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अवधी और भोजपुरी में ऑनलाइन पीजी डिप्लोमा कार्यक्रम चला रहा है। इसमें नेपाल के दो दर्जन से अधिक छात्रों सहित विभिन्न सरकारी नौकरियों में कार्यरत लोग पंजीकृत हैं। अवध विश्वविद्यालय का सत्र नियमित न होने के कारण पीजी डिप्लोमा के छात्रों की कक्षाएं भी शुरू नहीं हो सकी हैं और परीक्षा तिथि मनमाने ढंग से एक और दो जुलाई घोषित कर दी गई है। इस संदर्भ में छात्रों द्वारा कुलपति, परीक्षा नियंत्रक और विभागाध्यक्ष से लिखित (मेल और मैसेज द्वारा) अनुरोध किया गया था कि चूंकि विवि ने जून के द्वितीय सप्ताह तक परीक्षा कार्यक्रम नहीं दिया है, अतः परीक्षा की तिथि तय करने में इग्नू, नेट तथा अन्य परीक्षाओं की तिथि से इतर परीक्षा तिथि 10 जुलाई के बाद रखी जाए। इसके बाद भी परीक्षा की तिथि एक जुलाई रखी गई है। इस कारण बहुत से विद्यार्थियों के परीक्षा से वंचित रह जाने की आशंका है। ऐसी स्थिति में परीक्षार्थियों की आर्थिक हानि के साथ एक वर्ष के समय की भी हानि होगी।

# इन ट्रेनों के समय में परिवर्तन

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा निम्नलिखित गाड़ियों के टर्मिनल में परिवर्तन किया गया है। परिवर्तन के फलस्वरूप इन गाड़ियों के निम्न स्टेशनों पर आगमन/छूटने का समय निम्नवत रहेगा।

**आगमन/छूटने का समय :** न्यू जलपाईगुड़ी से 19 अगस्त, से चलने वाली 12523 न्यू जलपाईगुड़ी-नई दिल्ली एक्सप्रेस नई दिल्ली के स्थान पर आनन्द विहार टर्मिनस स्टेशन पर अपनी यात्रा समाप्त करेगी। यह गाड़ी आनन्द विहार टर्मिनस 11.55 बजे पहुंचेगी।

नई दिल्ली से 20 अगस्त, से चलने वाली 12524 नई दिल्ली-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस नई दिल्ली के स्थान पर आनन्द विहार टर्मिनस से चलाई जायेगी।



यह गाड़ी आनन्द विहार टर्मिनस से 15.20 बजे प्रस्थान करेगी। अमृतसर से 17 अगस्त से चलने वाली 12204 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग आदर्शनगर दिल्ली-नई दिल्ली-तिलक ब्रिज-साहिबाबाद के स्थान पर परिवर्तित मार्ग आदर्शनगर दिल्ली-दिल्ली शाहदरा-साहिबाबाद के रास्ते चलाई जायेगी। फलस्वरूप यह गाड़ी दिल्ली स्टेशन पर 10.50 बजे पहुंचकर 11.05 बजे छूटेगी तथा यह गाड़ी नई दिल्ली स्टेशन पर नही रुकेगी। सहरसा से 18 अगस्त से चलने वाली 12203 सहरसा-अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग साहिबाबाद-तिलक ब्रिज- नई दिल्ली-आदर्शनगर-दिल्ली के स्थान पर परिवर्तित मार्ग साहिबाबाद-दिल्ली सहादरा-दिल्ली-आदर्शनगर दिल्ली के रास्ते चलाई जायेगी। फलस्वरूप यह गाड़ी दिल्ली स्टेशन पर 13.55 बजे पहुंचकर 14.10 बजे छूटेगी तथा यह गाड़ी नई दिल्ली स्टेशन पर नही रुकेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेनों की संचालन अवधि में विस्तार

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा पूर्व से चल रही निम्नलिखित विशेष गाड़ियों के संचलन अवधि में विस्तार किया गया है।

**अवधि विस्तार :** 06529 सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु-गोमती नगर ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 23 जून से 25 अगस्त, तक किया गया है। 06530 गोमती नगर-सर एम. विश्वेश्वरय्या टर्मिनल, बेंगलुरु विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 27 जून से 29 अगस्त तक किया गया है। 07323 श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि जं.-बनारस विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 05 से 26 जुलाई तक किया गया है। 07324 बनारस-श्री सिद्धारूढ़ा स्वामीजी हुब्बल्लि जं. विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 08 से 29 जुलाई, तक किया गया है। 07327 बेलगावि-मऊ जं. विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 06 जुलाई से 31 अगस्त, तक किया गया है। 07328 मऊ जं.-बेलगावि ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक विशेष गाड़ी के संचलन अवधि का विस्तार 09 जुलाई से 03 सितम्बर, तक किया गया है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

## सार-संक्षेप

### एमपीपी के छात्रों ने कम लागत में बनाया बाइक लोडर



बाइक लोडर के साथ महाराणा प्रताप पॉलिटेक्निक के छात्र। अमृत विचार

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महाराणा प्रताप पॉलिटेक्निक के मैकेनिकल प्रोडक्शन (ईवनिंग) के छात्रों ने सत्र 2024-2025 में एक अनोखा और किफायती बाइक लोडर वाहन तैयार किया है। इस इनोवेटिव प्रोजेक्ट को 6वें सेमेस्टर के छात्रों ने तैयार किया है, जिसका उद्देश्य ग्रामीण परिवहन और छोटे व्यापारियों के लिए कम लागत में माल ढोने वाला वाहन उपलब्ध कराना है। यह बाइक लोडर खास तौर पर पल्सर बाइक के इंजन, लोहे की फ्रेमिंग, डिफरेंशियल रियर एक्सल, रिवर्स गियर सिस्टम और लीफ स्प्रिंग सस्पेंशन से बनाया गया है। इस प्रोजेक्ट में मुख्य योगदान अलोक पासवान, गिरजेश प्रजापति, दुर्गेश मौर्य, अमित राज, सचिन कुमार, और सनी शर्मा सहित 41 छात्रों की टीम का रहा है। इस संबंध में शिक्षकों ने बताया कि परियोजना को मार्गदर्शन मिला प्रोजेक्ट गाइड भानु प्रताप सिंह तथा अनुभवी शिक्षकों हरिदास माधवेंद्र राज रमेश, सत्यवान और दीपक विभागाध्यक्ष बैजनाथ वर्मा एवं प्राचार्य डॉ. अनिल प्रकाश सिंह तथा राजीव कुमार चौरसिया ने इस नवाचार को प्रेरणादायक बताते हुए छात्रों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### एसयू में सौ फीसदी नामांकन की जिम्मेदारी आवंटित

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सिद्धार्थ यूनिवर्सिटी में शत-प्रतिशत प्रवेश के लिए इस बार संबंधित विषय के विभागाध्यक्षों को जिम्मेदारी दी गई है। अभी तक विश्वविद्यालय के सभी विभागों में शत-प्रतिशत प्रवेश नहीं हो पाए हैं। पिछले वर्ष से परिसर में बीएससी की भी पढ़ाई शुरू हो गई है। विवि व उससे संबद्ध महाविद्यालय में इस बार समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश करवाया जा रहा है। इसके लिए जगह-जगह हेल्प डेस्क बनाई गई है, लेकिन अभी तक विश्वविद्यालय के सभी विभागों में शत-प्रतिशत प्रवेश नहीं हो पाया है। एस यू में बीए, बीएससी, बीकॉम, एमए, एमकॉम, एमबीए व एमएससी की पढ़ाई होती है। इसमें प्रवेश के लिए अभी से विभागाध्यक्ष जुट गए हैं। इस वर्ष सीट की अपेक्षा अधिक आवेदन आए तो छात्र-छात्राओं की प्रवेश परीक्षा भी कराई जाएगी। समर्थ पोर्टल पर अब तक विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए 30 जून तक अंतिम तिथि निर्धारित थी, लेकिन छात्र हित को ध्यान देते हुए राजभवन से इसको बढ़ाकर 31 जुलाई तक निर्धारित कर दिया गया है।

### ककरही संपर्क मार्ग पर जलभराव से गुजरने को लोग विवश



मार्ग पर जलभराव के बीच से गुजरते राहगीर। अमृत विचार

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जोगिया ब्लाक क्षेत्र के ककरही गांव जाने वाली सड़क पर बारिश होने से जलभराव हो गया है। इसके चलते ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। लोगों को घर पहुंचने के लिए गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ रहा है। सड़क पर जलभराव की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कई बार प्रधान सहित ब्लाक के अधिकारियों से गुहार लगाई। लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका है। ग्रामीणों का कहना है कि वह पिछले कई महीनों से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन किसी ने ध्यान नही दिया। ककरही गांव के मार्ग पर बारिश होते ही जलभराव की स्थित बन जाती है। ग्रामीण वीरेंद्र, विनोद, रमाकांत, अखिलेश, सुभाष, जितेंद्र, सुरेश, किसलवती, नीलम आदि का कहना है कि जलभराव की समस्या से मुक्ति दिलाने के लिए कई बार ग्राम प्रधान से कहा गया है। लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला। ग्रामीणों ने इस समस्या की ओर ब्लॉक के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया है।

### आश्वासन देकर पुलिस ने हटवाया जाम, दर्ज की रिपोर्ट

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जोगिया कोतवाली क्षेत्र के बांसी-बस्ती मार्ग पर स्थित सनई चौराहा के पास कुछ लोगों ने जाम लगा दिया। हालांकि, जोगिया पुलिस ने पांच मिनट में ही जाम हटवा दिया। इस मामले में पुलिस ने ज्ञात और अज्ञात लोगों पर केस दर्ज करजांच शुरू कर दी है। बांसी-बस्ती मार्ग पर स्थित सनई चौराहा के पास एक पुल के रास्ते कई गांवों का बारिश पानी निकलता है। वहां पर मकान निर्माण होने से जलनिकासी प्रभावित होने की बात को लेकर कुछ लोगों ने मंगलवार को बांसी-बस्ती मार्ग पर जाम लगा दिया था। एसओ जोगिया अनूप कुमार मिश्र टीम के साथ मौके पर पहुचे और जाम समाप्त करवाया। पुलिस ने इस मामले में ज्ञात और अज्ञात पर केस दर्ज कर लिया। बुधवार को जब ग्रामीणों को मुकदमा लिखे जाने की बात पता चली तो वे हैरान रह गये। उनका कहना है कि आंदोलन शुरु होने से पहले ही उन्होंने पुलिस के आश्वासन पर अपना कार्यक्रम वापस ले लिया, बाद में उसी पुलिस ने उन पर मुकदमा भी दर्ज कर दिया।

### निजीकरण से जनता व बिजली निगम दोनों की हानि

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश विद्युत संघर्ष समिति के आह्वान पर बुधवार को भी डुमरियागंज क्षेत्र के बैदोलागढ़ स्थित विद्युत डिवीजन कार्यालय के बाहर पदाधिकारियों द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया। उन्होंने सरकार से बिजली निगम के प्रस्तावित निजीकरण के फैसले को जनविरोधी व श्रमिक वर्ग के खिलाफ बताते हुए इसे जनहित में वापस लेने की मांग की। धरना को सम्बोधित करते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष सुमन कुमार नीरज ने कहा कि सरकार निजीकरण के माध्यम से पूंजीपतियों को लाभ और श्रमिकों व आम जनता को बदहाल करने पर तुली हुई है। उन्होंने कहा कि पूंजीपतियों के दबाव में वह सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियों को एक एक कर बेच रही है। लेकिन बिजली निगम का निजीकरण बर्दाशत नहीं किया जाएगा। निजीकरण का फैसला अन्याय पूर्ण है। अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की इस नीति से निगम के कर्मचारियों और जनता दोनों का नुकसान होगा। ऐसे में यदि सरकार ने उनकी मांगों पर गौर नहीं किया तो वे अपने आंदोलन को और तेज करेंगे। धरने के दौरान नीरज कुमार कुशवाहा, अजय वर्मा, नवनीत कुशवाहा, पवन, शुषांत शर्मा, शैलेंद्र शचिवाल आदि मौजूद रहे।

# बेल्लमपल्ली स्टेशन पर नहीं रुकेंगी ये ट्रेनें

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल के बल्हारशाह-काजीपेट खण्ड पर स्थित रेचनी रोड-बेल्लमपल्ली स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन निर्माण के परिप्रेक्ष्य में बेल्लमपल्ली यार्ड में प्री-नॉन इन्टलॉक एवं नॉन-इन्टरलॉक कार्य के कारण बेल्लमपल्ली स्टेशन पर ठहराव का स्थगन निम्नवत् किया गया है।

**ठहराव का स्थगन :** 21 जून को 16093 चेन्नई सेन्ट्रल-लखनऊ जं. एक्सप्रेस का ठहराव बेल्लमपल्ली स्टेशन पर नहीं रहेगा। 20 जून, को 12522 एरणाकुलम-बरेली एक्सप्रेस का ठहराव बेल्लमपल्ली स्टेशन पर नहीं रहेगा। सिकन्दराबाद से 21 एवं 22 जून को चलने वाली 12791 सिकन्दराबाद-दानापुर एक्सप्रेस का ठहराव बेल्लमपल्ली स्टेशन पर नही रहेगा।

हुब्बल्लि से 21 जून को चलने वाली 07323 हुब्बल्लि-बनारस विशेष गाड़ी का ठहराव बेल्लमपल्ली स्टेशन पर स्थगित कर सिरपुर कागजनगर स्टेशन पर प्रदान किया जायेगा। यह गाड़ी सिरपुर कागजनगर स्टेशन पर 10.54 बजे पहुंचकर 10.55 बजे छूटेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# अज्ञात वाहन ने बच्ची को रौंदा

**कुशीनगर, अमृत विचार:** जिले के पटहेरवा थाना क्षेत्र मे बुधवार सुबह फोर लेन ओवरब्रिज पर अज्ञात वाहन ने एक बच्ची को कुचल दिया जिससे उसकी मौत हो गयी।

पुलिस के अनुसा, बुधवार की सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग 28 पर एक बच्ची का शव मिलने की सूचना मिली थी। स्थानीय लोगों से शव की पहचान करने की कोशिश की गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम की तैयारी शुरू कर दी थी तभी बच्ची के पिता मुकीम मौके पर पहुंचे और शव की पहचान की। इस संबंध में पटहेरवा थाना प्रभारी विनय कुमार मिश्रा ने बताया कि बच्ची के पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# तीसरी लाइन का कार्य अंतिम चरण में

**गोरखपुर, अमृत विचार।** यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुये इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं रेल सम्पर्क को मजबूत किया जा रहा है।

इस रेलवे के मुख्य रेल मार्ग पर गोरखपुर जं.-कुसम्ही (14 किमी.), छपरा कचहरी-छपरा (2.0 किमी.) तथा गोंडा कचहरी-करनैलगंज 23.65 किमी. स्टेशनों के मध्य तीसरी लाइन का कार्य पूर्व में ही पूरा कर कमीशन किया जा चुका है तथा करनैलगंज-घाघरा घाट के मध्य तीसरी लाइन का कार्य अंतिम चरण में है। तीसरी लाइन के निर्माण से लाइन क्षमता में वृद्धि होगी एवं मांग के अनुरूप अधिक संख्या में ट्रेनें तीव्र गति से चलाई जा सकेंगी। यात्री गाड़ियों का संचलन और अधिक सुचारु रूप से होगा, समय पालन में सुधार होगा। इसके साथ ही इस रेल खंड पर चलने वाली मालगाड़ियों के संचलन समय में भी कमी आयेगी, जो व्यापारियों/उद्यमियों के लिये उपयोगी सिद्ध होगा। वर्तमान वित्त वर्ष 2025-26 में पूर्वोत्तर रेलवे पर दोहरीकरण तथा तीसरी एवं चौथी लाइन के लिये कुल 773 किमी. की 06 परियोजनाओं का फाइनल लोकेशन सर्वे (एफ.एल.एस.) का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में फाइनल लोकेशन सर्वे (एफ.एल.एस.) के अन्तर्गत सीतापुर सिटी-बुढ़वल जं. {चौका घाट} तीसरी एवं चौथी लाइन (103 किमी.); गोंडा (मैजापुर}-मगहर तीसरी एवं चौथी लाइन (145 किमी.)] कुसम्ही-छपरा ग्रामीण तीसरी एवं चौथी लाइन, छपरा जं. को बाईपास करते हुए टेकनिवास-छपरा ग्रामीण सम्मिलित (170 किमी.), औंड़िहार-वाराणसी तीसरी लाइन (35 किमी.), गोंडा- नकहा जगंल वाया आनन्दनगर दोहरीकरण 215 किमी. तथा मथुरा-कासगंज दोहरीकरण 105 किमी. खंड हैं। यह परियोजनायें क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास के लिये उपयोगी होंगी तथा इससे कृषि, व्यापार, वाणिज्य, शिक्षा, पर्यटन,

स्वास्थ्य सेवा आदि जैसे कई क्षेत्रों को बढ़ावा मिलेगा। इन परियोजनाओं से यात्रियों की आवाजाही सुगम होगी तथा यात्री ट्रेनों के परिचालन को बढ़ाने में मदद मिलेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# आरपीएफ ने 12 नाबालिगों को चाइल्ड लाइन को सौंपा

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे सुरक्षा बल, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा, रेल सम्पत्ति की सुरक्षा, अवैध सामानों की धर-पकड़, यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है।

इसी क्रम में 17 जून को रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट गोरखपुर व बचपन बचाओ आंदोलन के सदस्य ने गाड़ी सं. 15707 से 12 नाबालिग लड़के उम्र लगभग 15, 14, 15, 15, 15, 14, 17, 17, 16, 16, 16, 15 वर्ष को लावारिस हालत में पाया, जिन्हें चाइल्ड लाइन गोरखपुर को सुपुर्द किया गया। 16 जून को रेलवे सुरक्षा बल कप्तानगंज को गाड़ी सं. 15557 में 01 नाबालिग लड़का उम्र करीब 14 वर्ष लावारिस हालत में मिला, जिसे 17 जून को चाइल्ड लाइन कुशीनगर के सुपुर्द किया गया। इसी दिन रेलवे सुरक्षा बल व राजकीय रेल पुलिस सीवान द्वारा प्लेटफार्म सं.-01 के भोजनालय के सामने 01 शातिर चोर को चोरी के 01 अदद सोने के आभूषण के साथ गिरफ्तार किया गया। इसी दिन रेलवे सुरक्षा बल पीलीभीत द्वारा शाहगढ़ स्टेशन पर खड़े कोचों के 10 किलोग्राम कॉपर वायर के साथ 01 शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया। 17 जून को ही रेलवे सुरक्षा बल गोरखपुर को गाड़ी सं. 15707 के कोच सं. एस-05 में यात्री का छूटा 01 पिट्ठू बैग मिला जिसे गोरखपुर पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर बैग को सुपुर्द किया गया। 17 जून को रेलवे सुरक्षा बल स्कोर्ट पार्टी को गाड़ी सं. 15069 के कोच सं. बी-02 के बर्थ सं.-32 पर यात्री का छूटा 01 मोबाइल मिला, जिसे ऐशबाग पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर सत्यापन के बाद मोबाइल को सुपुर्द किया गया।

17 जून को ही रेलवे सुरक्षा बल गोण्डा को गाड़ी सं. 05131 के सामान्य कोच में महिला यात्री का छूटा 01 पिट्ठू बैग मिला, जिसे गोण्डा पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर सत्यापन के बाद पिटठू बैग को सुपुर्द किया गया। 17 जून को रेलवे सुरक्षा बल प्रयागराज रामबाग को गाड़ी सं. 12333 के कोच संख्या बी-4 के बर्थ संख्या 07 पर यात्री का छूटा 01 पिटठू बैग मिला, जिसे प्रयागराज रामबाग पोस्ट पर जमा किया गया। यात्री के पोस्ट पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के बाद पिटठू बैग को सुपुर्द किया गया। 17 जून को रेलवे सुरक्षा बल रूद्रपुर सिटी को गाड़ी सं. 13020 से यात्री का 01 मोबाइल मिला, जिसे रूद्रपुर सिटी चौकी पर जमा किया गया। यात्री के चौकी पर उपस्थित होने पर उचित पहचान व सत्यापन के बाद मोबाइल को सुपुर्द किया गया। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# अज्ञात युवती ने गंडक नहर में लगायी छलांग

संवाददाता, कुशीनगर

**अमृत विचार :** बुधवार को दोपहर में विशुनपुरा थाना क्षेत्र के गंडक नहर में नेटूआ बीर बाबा स्थान के पास एक 20 वर्षीया युवती अचानक छलांग लगा दी। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस गोताखोर की मदद से ढूंढने में जुटी रही। काफी प्रयास के बाद युवती को ढूंढ निकाला।

पुलिस के अनुसार कुछ बच्चे गंडक नहर के किनारे अपनी बकरियों को चरा रहे थे कि लगभग 20 बर्षीया युवती दौड़ती हुई आई और गंडक नहर में छलांग लगा दी। जब तक लोग कुछ समझते तब तक वह नहर के पानी में डूब गई। वहां उपस्थित बच्चों ने शोर मचाया तो लोग मौके की ओर दौड़े और पुलिस को सूचित किया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों के मदद से युवती को देर शाम तक ढूंढ लिया। वह युवती कहां कि रहने वाली है। इस बात का अब तक पता नहीं चल पाया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक विशुनपुरा राजू सिंह ने बताया कि युवती को ढूंढ लिया गया हैं। पहचान करने की कोशिश की जा रही है। लेकिन अब तक सफलता नहीं मिली है।

**मिलेगी सौगात** बेहतरीन कनेक्टिविटी से सुनहरा हो जाएगा पूर्वी यूपी के विकास का नक्शा

# गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे से खुलेगा विकास का नया द्वार

संवाददाता, गोरखपुर

**अमृत विचार।** गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे शानदार रोड कनेक्टिविटी की सौगात देते हुए पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास का नया द्वार खोलने को तैयार है। इस प्रोजेक्ट पर काम शुरू होने के साथ ही रफ्तारपूर्ण यातायात सुगमता, उद्योग और इसके जरिये रोजगार को लेकर सरकार ने जो पूर्वानुमान लगाए थे, वे साकार भी होने लगे हैं। लिंक एक्सप्रेसवे की बेहतरीन कनेक्टिविटी से पूर्वी उत्तर प्रदेश के विकास का नक्शा और सुनहरा होना तय माना जा रहा है।



**7283** करोड़ से अधिक आयी लागत

**91.35** किमी की दूरी 1 घंटे में होगी तय

### गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे : एक नजर में

- प्रारंभ बिंदु : जैतपुर (गोरखपुर)
- अंतिम बिंदु : सालारपुर (आजमगढ़) -पूर्णत : प्रवेश नियंत्रित फोरलेन (सिक्सलेन में विस्तारणीय)
- 2 टोल प्लाजा, 3 रैम्प प्लाजा,
- 7 फ्लाईओवर, 16 वेहिकुलर अंडरपास, 50 लाइट वेहिकुलर अंडरपास, 35 पेडेस्ट्रीयन अंडरपास, 7 दीर्घ सेतु 27 लघु सेतु, 389 पुलिया।

किसी भी क्षेत्र के समग्र विकास की पहली शर्त होती है बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर और कनेक्टिविटी। इसमें भी सबसे महत्वपूर्ण है रोड इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी कनेक्टिविटी। विकास के इस शर्त से वाकिफ योगी सरकार का रोड इंफ्रास्ट्रक्चर सुदृढ़ करने पर सतत जोर है। गोरखपुर पूर्वी उत्तर प्रदेश का प्रमुख केंद्र है और चारो तरफ फोरलेन सड़कों की कनेक्टिविटी से यह विकास के नए मॉडल के रूप में विकसित हो रहा है। 91 किमी से अधिक लंबाई वाला यह एक्सप्रेसवे आजमगढ़ में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़कर लखनऊ व वहां से अन्य महानगरों की राह सुगम करेगा। यातायात सुगमता का सकारात्मक असर उद्योग पर भी पड़ेगा। उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) के अनुसार गोरखपुर, संतकबीरनगर, अंबेडकरनगर और आजमगढ़ जिले में पड़ने वाले एक्सप्रेसवे के निर्माण पर 7283 करोड़ 28 लाख रुपये की लागत आई है। इसमें भूमि अधिग्रहण की लागत भी शामिल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में से एक गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे गोरखपुर बाईपास एनएच- 27 ग्राम जैतपुर के पास से प्रारंभ होकर पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर जनपद आजमगढ़ के सालारपुर में समाप्त हो रहा है। इस एक्सप्रेसवे से गोरखपुर क्षेत्र, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के माध्यम से लखनऊ, आगरा एवं दिल्ली तक त्वरित एवं सुगम यातायात कॉरिडोर से जुड़ रहा है। प्रवेश नियंत्रित मार्ग होने के कारण गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे की कुल 91.35 किमी की दूरी एक घंटे से कम समय में पूरी की जा सकती है। लिंक एक्सप्रेसवे से होकर, आजमगढ़ में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे होते हुए लोगों को गोरखपुर से लखनऊ पहुंचने में महज साढ़े तीन घंटे का समय लगेगा।

# जेसीबी से पोखरे की खोदाई का आरोप

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** जिले के बर्डपुर ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत पकड़ी उर्फ मुंडिला में पोखरे की खोदाई जेसीबी मशीन से कराने का आरोप मनरेगा मजदूरों ने लगाया है। इससे मजदूरों को काम नहीं मिल पा रहा है।

खबर के अनुसार बताया जाता है कि ग्राम पंचायत पकड़ी उर्फ मुंडिला में पोखरी की खोदाई का स्टीमेट लगभग 18 लाख 38 हजार तथा मुंडिला गांव के पश्चिम पोखरी की खोदाई का स्टीमेट लगभग 18 लाख 38 हजार दोनों पोखरों का स्टीमेट लगभग सेम बनाया गया है। उक्त पोखरों की कार्य में जेसीबी मशीन के प्रयोग का आरोप मजदूरों ने लगाया है। लोगों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

# भारत की नाक में दम करने वाले एंडरसन पहली बार नहीं दिखेंगे

## भारत-इंग्लैंड मुकाबले में 2006 से लगातार बल्लेबाजों को किया है परेशान, जेम्स एंडरसन टेस्ट क्रिकेट को कह चुके हैं अलविदा

नई दिल्ली, एजेंसी

शुभमन गिल की अगुआई वाले अपेक्षाकृत अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को जेम्स एंडरसन का नाम इंग्लैंड की टीम में नहीं देखकर राहत मिली होगी। क्योंकि पिछले दो दशक में यह तेज गेंदबाज निरंतर रूप से भारत-इंग्लैंड प्रतिद्वंद्विता का हिस्सा रहा है। भारत के खिलाफ 2006 में एंडरसन की पहली श्रृंखला से लेकर 2024 में आखिरी श्रृंखला तक इस महान तेज गेंदबाज ने भारतीय बल्लेबाजों को हमेशा परेशान किया। वर्ष 2000 के दशक के अंत में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ उनका संघर्ष हो या पिछले दशक में विराट कोहली के साथ कहीं अधिक रोमांचक मुकाबला, ये सभी यादें लोगों के दिमाग में ताजा हैं। कोहली और एंडरसन दोनों अब टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके हैं।

जोफ्रा आर्चर और मार्क वुड चोटिल हैं जिससे इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स लीड्स में गेंदबाजी की शुरुआत के लिए रिकॉर्ड 704 टेस्ट विकेट चटकाने वाले एंडरसन से गेंदबाजी कराने की कल्पना कर सकते हैं। अगर एंडरसन अपनी विदाई के 12 महीने बाद काउंटी क्रिकेट में वापसी करके संघर्षरत लंकाशर को उबार सकते हैं तो भरोसा करें कि वह इंग्लैंड के कमजोर आक्रमण के लिए भी ऐसा कर सकते हैं। ऐसा होने की संभावना नहीं है लेकिन अपने 21 साल के करियर में अपने प्रदर्शन के दम पर एंडरसन ने भारत-इंग्लैंड क्रिकेट इतिहास में खुद को अमर कर लिया है। दोनों टीम के बीच टेस्ट श्रृंखला की ट्रॉफी को उनका और सचिन तेंदुलकर का नाम दिया गया है। एंडरसन ने तेंदुलकर को टेस्ट क्रिकेट में नौ बार आउट किया है।

एंडरसन ना केवल उम्र को चुनौती देते हुए लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहे बल्कि उनके करियर की खासियत लगातार सटीक गेंदबाजी और गेंद को दोनों तरफ स्विंग करने की क्षमता पर बेहतरीन नियंत्रण रहा। एंडरसन 2014 की श्रृंखला में कोहली की ऑफ स्टंप के आसपास की कमजोरी का फायदा उठाने में सफल रहे जबकि चार साल बाद कोहली ने अपनी मानसिक कमजोरी पर काबू पाकर लंबे प्रारूप में दुनिया के सबसे सफल तेज गेंदबाज पर 'दबदबा' बनाया। शुक्रवार को लोकेश राहुल और यशस्वी जायसवाल की संभावित भारतीय सलामी जोड़ी के सामने एक चुनौती कम होगी कि उन्हें नई ड्यूक्स गेंद के साथ एंडरसन गेंदबाजी नहीं कर रहे होंगे। भारत के खिलाफ 39 टेस्ट मैच में एंडरसन ने 25.47 की शानदार औसत से 149 विकेट चटकाए। भारत में सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों को संघर्ष करना पड़ा लेकिन एंडरसन ने अपने कौशल की बदौलत विपरीत परिस्थितियों में 17 टेस्ट मैच में 44 विकेट लिए। इंग्लैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज निक नाइट ने कहा कि कोहली और रोहित शर्मा की गैरमौजूदगी में भारतीय बल्लेबाजी क्रम एंडरसन को मैदान से बाहर देखकर खुश होगा लेकिन इंग्लैंड ने भविष्य को देखते हुए सही फैसला किया। नाइट ने पीटीआई से कहा इंग्लैंड अब आगे बढ़ेगा।


भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान शुभमन गिल, शार्दुल ठाकुर और नितीश कुमार रेड्डी लीड्स अभ्यास सत्र के दौरान। ● एजेंसी

**2000** के दशक के अंत में महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के साथ उनका संघर्ष हो या पिछले दशक में विराट कोहली के साथ कहीं अधिक रोमांचक मुकाबला

## टेस्ट कप्तान के तौर पर पहली श्रृंखला का लुत्फ उठा रहे हैं गिल

**लीड्स, एजेंसी :** पहली बार टेस्ट सीरीज में भारत की अगुआई करने की तैयारी कर रहे शुभमन गिल इंग्लैंड के लगातार बदलते मौसम की चुनौती का सामना कर रहे हैं। सीनियर बल्लेबाज लोकेश राहुल भी इन परिस्थितियों में खेलने को लेकर उतने ही उत्साहित हैं। शुक्रवार को हेडिंग्ले में शुरू हो रही पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला भारतीय क्रिकेट में पीढ़ीगत बदलाव का प्रतीक है जिसमें गिल को नया टेस्ट कप्तान बनाया गया है। रोहित शर्मा, विराट कोहली और रविचंद्रन अश्विन जैसे अनुभवी खिलाड़ी अब टेस्ट टीम का हिस्सा नहीं हैं। इन सभी ने संन्यास की घोषणा कर दी है। सीनियर खिलाड़ियों में रविंद्र जडेजा, जसप्रीत बुमराह, राहुल, ऋषभ पंत (उप कप्तान) टीम में बने हुए हैं जो नए नेतृत्व समूह के साथ अनुभव का मिश्रण प्रदान करते हैं। बीसीसीआई द्वारा 'एक्स' पर साझा किए गए एक वीडियो में कप्तान गिल सहित कई भारतीय खिलाड़ियों ने साझा किया कि जब वे इंग्लैंड में खेलने के बारे में सोचते हैं तो उनके दिमाग में क्या आता है। गिल ने कहा ड्यूक बॉल, यह नंबर एक है। मौसम जो हमेशा बदलता रहता है, वह रोमांचक और कठिन है। और दर्शकों का माहौल। राहुल ने कहा यहां टेस्ट क्रिकेट खेलना मुझे उत्साहित करता है। यहां की गर्मियां स्वदेश की गर्मियों से अलग है, यह कुछ ऐसा है जिसमें मुझे क्रिकेट खेलने में मजा आता है। जब सूरज निकलता है तो क्रिकेट खेलना बहुत अच्छा लगता है। तीसरी बात है रेस्तरां और खाने के विकल्प। स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर ने इसे सरल रखते हुए कहा स्विंग और सीम, भारत यहां काफी मैच जीत रहा है। शुक्रवार को पहले टेस्ट में पदार्पण के दावेदार माने जा रहे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज साई सुदर्शन ने कहा मौसम, हॉट चॉकलेट, ड्यूक गेंद। आठ साल बाद संभावित वापसी के लिए तैयार करुण नायर ने कहा जज्बा, टेस्ट और संस्कृति। तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने कहा मैं कहूंगा ड्यूक गेंद, मौसम, कॉफी। बस शहर में घूमें और कॉफी का आनंद लें। युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा सुंदर, लॉर्ड्स और घर। ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने कहा, एक तो यहां हरियाली है, कॉफी है, और बेशक मौसम।


लीड्स में अभ्यास सत्र के दौरान बल्लेबाजी करते हुए ऋषभ पंत। ● एजेंसी

## शुभमन चौथे और मैं पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करूंगा : पंत

**लीड्स :** भारत के उप कप्तान ऋषभ पंत ने बुधवार को पुष्टि की कि शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे जबकि वह कप्तान के बाद पांचवें नंबर पर खेलेंगे। विराट कोहली के संन्यास के बाद भारत को चौथे नंबर पर नया बल्लेबाज ढूंढना होगा और गिल अब इस महत्वपर्ण स्थान पर बल्लेबाजी करेंगे। पंत ने कहा मुझे लगता है कि अब भी इस बात पर चर्चा चल रही है कि तीसरे नंबर पर कौन खेलेगा। लेकिन चौथे और पांचवें नंबर पर निश्चित रूप से फैसला हो चुका है। मुझे लगता है कि शुभमन चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे और मैं पांचवें नंबर पर ही खेलूंगा और बाकी हम इस पर चर्चा करते रहेंगे। पंत ने कहा कि मैदान के अंदर और बाहर गिल के साथ उनके संबंध बहुत अच्छे हैं। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि मैदान के बाहर मेरा और शुभमन का रिश्ता बहुत अच्छा है। अगर आप मैदान के बाहर अच्छे दोस्त हैं तो यह रिश्ता आखिरकार मैदान पर भी कायम रहता है। इस बात पर मेरा हमेशा विश्वास रहा है। इंग्लैंड भी अपने संन्यास ले चुके दिग्गज तेज गेंदबाजों जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के बिना खेलेगा।

## पहले दिन तेज गेंदबाजों को मदद करेगी पिच

लीड्स, एजेंसी

लीड्स के मैदान प्रमुख रिचर्ड रॉबिन्सन ने कहा है कि यहां असामान्य रूप से शुष्क मौसम और इंग्लैंड की आक्रामक खेल शैली ने शुक्रवार से भारत के खिलाफ शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए 'अच्छी सतह' की उम्मीदें बढ़ा दी हैं।

लीड्स आमतौर पर किसी श्रृंखला के बीच में टेस्ट मैच की मेजबानी करता है, लेकिन यहां शुरुआती मैच के आयोजन ने बहुत अधिक ध्यान आकर्षित किया है। रॉबिन्सन 'ईएसपीएनक्रिकइन्फो' से कहा वे (इंग्लैंड) बस एक अच्छी सतह चाहते हैं, ताकि हम गेंद की लाइन पर हिट कर सकें। वे यही चाहते हैं। रॉबिन्सन को उम्मीद है कि शुरुआती दिन पिच तेज गेंदबाजों की मदद करेगी, लेकिन अपेक्षित गर्मी के कारण सपाट हो जाएगी। पिच ना केवल इंग्लैंड की बैजबॉल शैली (हर हाल में आक्रामक होकर खेलने की शैली) के अनुकूल होगी बल्कि यह अनुभवहीन भारतीय बल्लेबाजी क्रम को भी मुकाबले में बने रहने का अधिक मौका देगी। रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम में लोकेश राहुल सबसे सीनियर खिलाड़ी होंगे। जिन्हें एसईएनए (दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया) देशों में अपने साधारण रिकॉर्ड को देखते हुए काफी कुछ साबित करना होगा।

बल्लेबाजी क्रम में यशस्वी जायसवाल भी शामिल हैं, जो सीनियर टीम के साथ इंग्लैंड के अपने पहले दौरे पर आए हैं। करुण नायर ने पिछली बार 2017 में टेस्ट मैच खेला था। भारतीय टीम सोमवार को यहां पहुंची जबकि इंग्लैंड ने हेडिंग्ले में एक प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया जहां दिन के दौरान पिच को ढककर रखा गया था। भारत ने पिछले दो दशक में यहां बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेला है। टीम को 2021 में यहां अपने पिछले मैच में पारी की हार का सामना करना पड़ा था।


भारतीय तेज गेंदबाज नवदीप सैनी। ● एजेंसी

## भारतीय टीम में बहुत गहराई : कार्स

**लीड्स :** इंग्लैंड के तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स का मानना है कि विराट कोहली और रोहित शर्मा के हाल ही में संन्यास लेने के बावजूद पांच मैच की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम कड़ी चुनौती पेश करेगी क्योंकि टीम में 'बहुत गहराई' है।

कोहली और रोहित ने पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की थी जिसके बाद भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए शुभमन गिल को नया कप्तान नियुक्त किया। कार्स ने बुधवार को यहां कहा जाहिर है आप जानते हैं कि कोहली और रोहित की अनुपस्थिति उनके बल्लेबाजी क्रम के लिए बहुत बड़ी क्षति है।

## सूर्यकुमार हर्निया के उपचार के लिए इंग्लैंड रवाना

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव 'स्पोर्ट्स हर्निया' से संबंधित चोट के इलाज के लिए विशेषज्ञ से परामर्श लेने इंग्लैंड गए हैं और यदि आवश्यक हुआ तो उनकी सर्जरी भी हो सकती है। तैंतीस वर्षीय सूर्यकुमार ने मुंबई इंडियंस के लिए आईपीएल में शानदार प्रदर्शन करते हुए 700 से अधिक रन बनाए और इसके तुरंत बाद मुंबई प्रीमियर लीग टी20 टूर्नामेंट में भी खेले। यह ज्ञात नहीं है कि क्या मुंबई टी20 लीग के दौरान उनका दर्द बढ़ गया था क्योंकि सूर्यकुमार तीन महीने तक लगातार यात्रा कर रहे थे और खेल रहे थे। इस क्रिकेटर के एक करीबी सूत्र ने नाम नहीं छापने की शर्त पर पीटीआई को बताया सूर्या पेट के निचले हिस्से में दाहिनी तरफ स्पोर्ट्स हर्निया से पीड़ित हैं।



## बीसीसीआई की याचिका खारिज

**मुंबई, एजेंसी :** मुंबई उच्च न्यायालय ने अब बंद हो चुकी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी कोच्चि टस्कर्स केरल के पक्ष में 538 करोड़ रुपये से अधिक के मध्यस्थ के फैसले को चुनौती देने वाली बीसीसीआई की याचिकाओं को खारिज कर दिया।

न्यायमूर्ति आर चागला ने मंगलवार को आदेश में कहा कि मध्यस्थ के फैसले में कोई 'स्पष्ट अवैधता' नहीं है जिसके लिए अदालत के हस्तक्षेप की आवश्यकता हो। अदालत ने बीसीसीआई से इस राशि का भुगतान करने को कहा है।

## भारत पूरी तैयारी के साथ आया है : जो रूट

लीड्स, एजेंसी

विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास के बाद आए खालीपन के बावजूद इंग्लैंड के शीर्ष बल्लेबाज जो रूट का मानना है कि दौरे पर आई भारतीय टीम ने आगामी टेस्ट सीरीज के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। रूट की यह राय हालांकि उनके कुछ हमवतन खिलाड़ियों के विचारों से अलग है।

दोनों टीम शुक्रवार से हेडिंग्ले में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में हिस्सा लेंगी। पिछले महीने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने वाले रोहित और कोहली की अनुपस्थिति में शुभमन गिल भारतीय टीम की कमान संभालेंगे जिसमें युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का मिश्रण है। चौंतीस वर्षीय रूट ने बुधवार को 'स्काई स्पोर्ट्स' के कमेंटेटर और टीम के अपने पूर्व साथी स्टुअर्ट ब्रॉड से कहा, आप केवल उत्साहित हो सकते हैं। ये वे श्रृंखलाएं हैं जिनके लिए आप खेलते हैं। हमारे सामने जो अवसर हैं वे शानदार हैं। उन्होंने कहा आप जानते हैं कि एशेज आ रही है और आपसे इसके बारे में पूछा जाएगा। लोग भारत श्रृंखला में होने वाली घटनाओं को इससे जोड़कर देखेंगे लेकिन आपको एक शानदार टीम के खिलाफ काम करना होगा। रूट ने कहा, आप सभी प्रारूपों में एक टीम के रूप में भारत की प्रगति को देखें और उन्होंने सभी विभागों में काम किया है- शानदार तेज गेंदबाजी आक्रमण, प्रतिभाशाली बल्लेबाज और एक बहुत ही मजबूत स्पिन आक्रमण। उन्होंने कहा वे दुनिया में कहीं भी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हैं लेकिन घरेलू मैदान पर हमारा रिकॉर्ड शानदार है जो इस श्रृंखला को प्रतिस्पर्धी बनाता है। हम इस श्रृंखला में आत्मविश्वास के साथ उतरेंगे लेकिन साथ ही उनके लिए बहुत सम्मान के साथ भी उतरेंगे।


इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट। ● एजेंसी

## विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की ब्रांड दूत बनीं कंगना रनौत

**नई दिल्ली :** अभिनेत्री सह राजनीतिज्ञ कंगना रनौत को बुधवार को सितंबर-अक्टूबर में यहां होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का ब्रांड दूत नियुक्त किया गया। 'फैशन' और 'क्वीन' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय के लिए प्रशंसा बटोरने वाली 39 वर्षीय कंगना वर्तमान लोकसभा में हिमाचल प्रदेश के मंडी निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं।



कंगना ने भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा भारत के पैरा एथलीट हर दिन क्या संभव है, इसे फिर से लिख रहे हैं। मैं उनका समर्थन करने और उनकी अविश्वसनीय उपलब्धियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद करने के लिए बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं। पैरा खेल केवल प्रतिस्पर्धा के बारे में नहीं है- यह साहस के बारे में हैं और मुझे हमारे चैंपियन खिलाड़ियों के पीछे खड़े होने पर गर्व है। पीसीआई के अध्यक्ष देवेंद्र झझारिया ने कहा भारत के खिलाड़ियों के प्रति उनका जुनून, प्रभाव और प्रतिबद्धता उन्हें नयी दिल्ली 2025 विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एक आदर्श दूत बनाती है।

## पाकिस्तान के खिलाफ अभियान की शुरुआत करेगी भारत

● महिला टी20 विश्व कप 2026 के पहले मैच में 14 जून को पाकिस्तान के खिलाफ होगा मुकाबला

दुबई, एजेंसी

भारतीय महिला क्रिकेट टीम आईसीसी महिला टी20 विश्व कप 2026 के अपने पहले मैच में 14 जून को एजबेस्टन में चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) और मेजबान इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने बुधवार को टूर्नामेंट का पूरा कार्यक्रम घोषित किया जिसमें 12 टीमें भाग लेंगी।

अगले साल होने वाला यह टूर्नामेंट 24 दिन तक चलेगा जिसकी शुरुआत 12 जून से होगी और समापन पांच जुलाई को होगा। टूर्नामेंट के 33 मुकाबले इंग्लैंड के सात स्थानों पर खेले जाएंगे। टूर्नामेंट का पहला मैच 12 जून को एजबेस्टन में मेजबान इंग्लैंड और श्रीलंका के बीच होगा जबकि भारत और पाकिस्तान अपने अभियान की शुरुआत एजबेस्टन में ही करेंगे। एजबेस्टन के अलावा मैच हैम्पशायर बाउल, हेडिंग्ले, ओल्ड ट्रैफर्ड, द ओवल, ब्रिस्टल काउंटी मैदान और लॉर्ड्स पर खेले जाएंगे। दो सेमीफाइनल 30 जून और दो जुलाई को ओवल में होंगे जबकि फाइनल पांच जुलाई को लॉर्ड्स में होगा।

टूर्नामेंट की 12 टीम को छह-छह के दो ग्रुप में रखा गया है। ग्रुप एक में छह बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया, पिछले चरण की उपविजेता दक्षिण अफ्रीका, भारत, पाकिस्तान और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं। वहीं ग्रुप दो में गत विजेता न्यूजीलैंड, वेस्टइंडीज, श्रीलंका, मेजबान इंग्लैंड और दो क्वालीफाइंग टीम शामिल हैं। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। पाकिस्तान के खिलाफ अपने शुरुआती मुकाबले के बाद भारतीय टीम 17 जून को क्वालीफाइंग टीम के खिलाफ अपने मुकाबले के लिए हेडिंग्ले जाएगी और उसके बाद टीम का सामना 21 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में दक्षिण अफ्रीका से होगा। भारत 25 जून को ओल्ड ट्रैफर्ड में ग्रुप एक की दूसरी क्वालीफाइंग टीम का सामना करेगा।


भारतीय महिला क्रिकेट टीम। ● एजेंसी (फाइल फोटो)

**महिला टी20 विश्व कप**

| | |
|---|---|
| 12 | जून को इंग्लैंड में आगाज |
| 05 | जून को समापन होगा |
| 24 | दिन चलेंगे मुकाबले |
| 33 | मैच कुल खेले जाएंगे |
| 07 | मैदानों पर होंगी टक्कर |
| 12 | टीमों को दो ग्रुप में बांटा गया |

### एक नजर

## दो बार की विंबलडन चैंपियन पेत्रा क्वितोवा को वाइल्ड कार्ड मिला



**लंदन :** दो बार की चैंपियन पेत्रा क्वितोवा विंबलडन में वापसी कर रही हैं। उन्हें इस साल के टेनिस टूर्नामेंट के लिए बुधवार को वाइल्ड कार्ड दिया गया। क्वितोवा 2011 और 2014 की विंबलडन चैंपियन हैं। वह पिछली बार 2023 में इस ग्रास कोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में खेलीं थी। पिछले साल विंबलडन टूर्नामेंट के दौरान वह पहली बार मां बनी। कोर्ट से 17 महीने दूर रहने के बाद क्वितोवा ने फरवरी में टेक्सास के ऑस्टिन में डब्ल्यूटीए टूर में वापसी की और वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 572वें स्थान पर हैं। चेक गणराज्य की क्वितोवा बुधवार को मुख्य ड्रॉ में एकल वाइल्ड कार्ड पाने वाली एकमात्र गैर ब्रिटिश खिलाड़ी रहीं। महिला ड्रॉ के लिए वाइल्ड कार्ड पाने वाली अन्य सात खिलाड़ियों में हीथर वॉटसन, हैरियट डार्ट और जोडी बुरेज शामिल हैं। पुरुष वर्ग में डैन इवान्स सहित सात ब्रिटिश खिलाड़ियों को वाइल्ड कार्ड दिया गया हे। पुरुष वर्ग में एक वाइल्ड कार्ड की घोषणा बाद में की जाएगी।

## सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट ने सचिन तेंदुलकर को ब्रांड दूत बनाया

**नयी दिल्ली :** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म रेडिट ने बुधवार को महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को अपना ब्रांड दूत नियुक्त करने की घोषणा की। कंपनी ने एक बयान में कहा कि खेल प्रशंसकों को अब 'रेडिट कम्यूनिटी' में तेंदुलकर के साथ जुड़ने के विशेष अवसर मिलेंगे। अपने आधिकारिक रेडिट प्रोफाइल के माध्यम से महान बल्लेबाज तेंदुलकर अपने व्यक्तिगत विचार, मैच की जानकारी और विशेष सामग्री साझा करेंगे। बयान में कहा गया है आने वाले महीनों में तेंदुलकर भारत के साथ-साथ दुनिया भर के अन्य बाजारों में रेडिट के लिए एक नए मार्केटिंग अभियान में भी दिखाई देंगे। रेडिट के साथ अपने जुड़ाव पर तेंदुलकर ने कहा मेरे लिए क्रिकेट हमेशा मैदान पर और बाहर लोगों के साथ संबंध के बारे में रहा है। रेडिट को जानने के बाद जो बात सबसे अलग है, वह है इसका जुनून जो इसकी कम्यूनिटी को एक साथ लाता है।



## राडुकानू का पीछा करने वाले को विंबलडन के टिकट से रोका गया

**लंदन :** टेनिस खिलाड़ी ऐमा राडुकानू का पीछा करने के आरोपी ने विंबलडन के टिकट हासिल करने की कोशिश की, लेकिन ऑल इंग्लैंड क्लब की सुरक्षा प्रणाली ने उसे ऐसा करने से रोक दिया। ब्रिटिश मीडिया ने मंगलवार को यह जानकारी दी। बीबीसी और अन्य ने बताया कि उस व्यक्ति ने 30 जून से शुरू होने वाले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के लिए सार्वजनिक मतपत्र के माध्यम से टिकट के लिए आवेदन करने की कोशिश की लेकिन उसके नाम को हटा दिया गया। फरवरी में दुबई चैंपियनशिप में उस व्यक्ति ने 22 वर्षीय राडुकानू के प्रति 'अड़ियल व्यवहार' दिखाया था। जो एक मैच के दौरान भीड़ में उसे देखकर परेशान हो गई थीं। इससे एक दिन पहले उस व्यक्ति ने राडुकानू के लिए एक पत्र छोड़ा था और उसकी तस्वीर ली थी। जिससे 2021 की अमेरिकी ओपन चैंपियन परेशान हो गईं थी।

## इंटर मिलान को क्लब विश्व कप में मोंटेरे ने बराबरी पर रोका

**पासाडेना (अमेरिका) :** इंटर मिलान को क्लब विश्व कप में मंगलवार रात मोंटेरे ने 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। चैंपियंस लीग फाइनल में हार के बाद इटली की टीम इंटर मिलान का यह पहला मैच था। स्पेन के अनुभवी स्टार सर्जियो रामोस ने पहले हाफ में हेडर से शानदार गोल दागकर मोंटेरे को बढ़त दिलाई। लॉटेरो मार्टिनेज ने मध्यांतर से पहले गोल दागकर स्कोर 1-1 किया लेकिन इटली की टीम लगभग 62 प्रतिशत समय गेंद को अपने कब्जे में रखने के बावजूद दूसरा गोल नहीं कर सकी।

## शीर्ष वरीय लेवान पेंटसुलिया ने भावन कोला के हराया

**मुंबई :** जॉर्जिया के शीर्ष वरीय ग्रैंडमास्टर लेवान पेंटसुलिया ने बुधवार को यहां ऑरियनप्रो मुंबई अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट के दूसरे दौर में भावन कोला को हराया। पेंटसुलिया ने सिर्फ 33 चाल में कोला को शिकस्त देकर दबदबा बनाया। ग्रैंडमास्टर मैनुअल पेट्रोस्यान ने भी प्रकाश राम के खिलाफ आसान जीत दर्ज की जबकि ग्रैंडमास्टर लुका पेइचाद्जे ने रचित गुरनानी को हराया। हेमल वर्षण और मानस गायकवाड़ की बाजी ड्रॉ रही।

## भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बर्लिन में टूर्नामेंट के लिए रवाना

**नई दिल्ली :** भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम 21 से 25 जून तक होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए बुधवार को बर्लिन के लिए रवाना हुई। यह प्रतियोगिता इस साल के अंत में होने वाले विश्व कप की तैयारी का हिस्सा है। कप्तान अराइजीत सिंह हुंडल के नेतृत्व में भारतीय टीम आज सुबह बेंगलुरु से रवाना हुई। आमिर अली टीम के उप कप्तान हैं। टीम 21 जून को मेजबान जर्मनी के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारतीय टीम इसके बाद 22 जून को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी और राउंड रोबिन चरण के अपने अंतिम मैच में स्पेन के खिलाफ खेलेगी। सभी मैच बर्लिन में होंगे। टूर्नामेंट का समापन 25 जून को क्लासीफिकेशन मुकाबलों के साथ होगा जिसमें शीर्ष दो टीम खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

## नौसेना की नई ताकत




एडवांस एंटी सबमरीन वारफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट आईएनएस अरनाला बृहस्पतिवार को आयोजित एक समारोह में भारतीय नौसेना में शामिल हो गया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान अरनाला की कमीशनिंग में शामिल हुए। भारतीय नौसेना का मानना है कि अरनाला के उसका हिस्सा बनने से उसकी ताकत में बढ़ोतरी होगी। एजेंसी

### करोड़ों बेकसूरों की मौत के कारण

# दुनिया के पांच सबसे बड़े युद्ध

माना जाता है कि दुनिया में आधुनिक विकासवाद के साथ ही युद्ध की शुरुआत हुई। देशों के बीच क्षेत्रीय विवाद, आर्थिक प्रतिस्पर्धा, धार्मिक संघर्ष, राजनीतिक विचारधाराओं में अंतर और संसाधनों पर नियंत्रण की प्रवृत्ति ने कई बड़े युद्ध कराए जो बड़े नरसंहार का कारण बने। दुनिया के इतिहास में कई भयंकर युद्ध हुए हैं, लेकिन पांच युद्ध उनमें भाग लेने वाले देशों और मरने वालों की संख्या और प्रभाव के आधार पर सबसे बड़े सबसे विनाशकारी और ऐतिहासिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण माने जाते हैं।



### चीन-जापान युद्धः 4 करोड़ हत्याएं

7 जुलाई 1937 से 2 सितंबर 1945 तक 8 साल चले इस युद्ध के कारण जापान का चीन पर आक्रमण कर उसके क्षेत्र पर कब्जा करना और मंचूरिया पर जापानी कब्जा और नानजिंग नरसंहार थे। इसमें 2 से 4 करोड़ लोगों के मारे जाने का अनुमान है। नागरिकों पर भारी अत्याचार और जापान का बर्बर सैन्य अभियान इस युद्ध की पहचान थी।

### नेपोलियन युद्ध : करीब 6 करोड़ की जान गई

फ्रांसीसी क्रांति के बाद नेपोलियन बोनापार्ट के यूरोप पर प्रभुत्व स्थापित करने के प्रयास के चलते ये युद्ध सन् 1803 से 1815 तक 12 साल चला। अनुमान है कि इसमें 3 से 6 करोड़ लोग मारे गए। इसमें फ्रांस, ब्रिटेन, रूस, ऑस्ट्रिया, प्रशिया जैसे प्रमुख देश शामिल थे। इस युद्ध से यूरोप की राजनीतिक संरचना में बड़ा परिवर्तन हुआ।

### त्रिदशकीय युद्ध : 1 करोड़ लोगों की मौत

सन् 1618 से 1648 के बीच 30 साल तक चले युद्ध के पीछे रोमन कैथोलिक और प्रोटेस्टेंट के बीच धार्मिक संघर्ष और जर्मनी में सत्ता और क्षेत्रीय नियंत्रण को लेकर विवाद थे। इसमें करीब 1 करोड़ लोग मारे गए। युद्ध में पवित्र रोमन साम्राज्य, स्पेन, फ्रांस, स्वीडन आदि देश शामिल थे। इस युद्ध से यूरोप में स्थायी धार्मिक और राजनीतिक परिवर्तन हुआ।

### द्वितीय विश्व युद्धः 7 करोड़ लोगों की मौत

द्वितीय विश्वयुद्ध 1 सितंबर 1939 से शुरू होकर 2 सितंबर 1945 यानी करीब छह साल तक चला था। हिटलर और नाजी पार्टी की आक्रामक विस्तार नीति, जापान और इटली की साम्राज्यवादी आकांक्षाओं के अलावा विश्व इतिहास में इस सबसे बड़े युद्ध का कारण यह भी था कि प्रथम विश्वयुद्ध के बाद वर्साय संधि से जर्मनी को अत्यधिक अपमानित किया गया था। इस युद्ध में जर्मनी, जापान, इटली बनाम ब्रिटेन, अमेरिका, सोवियत संघ और फ्रांस समेत कई देश शामिल थे और करीब 7 करोड़ लोग मारे गए थे। यह युद्ध हिरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम के प्रयोग और होलोकॉस्ट में यहूदियों की हत्या के लिए भी जाना जाता है।

### प्रथम विश्व युद्धः डेढ़ करोड़ जानें गई

प्रथम विश्वयुद्ध 28 जुलाई 1914 को शुरू होकर 11 नवंबर 1918 तक करीब चार साल चला। ऑस्ट्रिया–हंगरी के राजकुमार अर्चड्युक फ्रांज फर्डिनेंड की हत्या और यूरोप में साम्राज्यवाद, राष्ट्रवाद, सैन्यवाद और गुटबंदी की नीति के चलते छिड़े इस युद्ध में करीब डेढ़ करोड़ लोग मारे गए। इसमें जर्मनी, ऑस्ट्रिया–हंगरी, ओटोमन साम्राज्य बनाम ब्रिटेन, फ्रांस, रूस, अमेरिका आदि दुनिया के प्रमुख देश शामिल थे। ये युद्ध खाइयों में लड़ाई और दुश्मन के खिलाफ जहरीली गैसों का प्रयोग के लिए भी जाना जाता है।

# ईरान की दो टूक, कभी नहीं करेंगे आत्मसमर्पण

## खामेनेई ने ट्रंप के बयानों को बेतुका बताया, कहा- ईरान का इतिहास जानने वाले उसे कभी धमकी नहीं देते

दुबई, एजेंसी

इजराइल के भीषण हमलों के बीच ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ने आत्मसमर्पण करने का अमेरिकी आह्वान बुधवार को खारिज कर दिया। अमेरिका के इस क्षेत्र में और ज्यादा युद्धक विमान भेजने की खबरों के बीच खामेनेई ने चेतावनी भी दी कि संघर्ष में अमेरिका ने सैन्य भागीदारी की तो उसे अपूरणीय क्षति होगी।

एक दिन पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक 'पोस्ट' में ईरान से बिना शर्त आत्मसमर्पण करने का आह्वान किया था। सरकारी टेलीविजन पर ईरान के सर्वोच्च नेता का वीडियो बयान प्रसारित किया गया। अपने वीडियो संदेश में खामेनेई ने ट्रंप के बयानों को धमकी भरा और बेतुका बताते हुए खारिज करते हुए कहा, बुद्धिमान व्यक्ति जो ईरान, उसके लोगों और उसके इतिहास को जानते हैं, वे इस राष्ट्र से कभी भी धमकी भरी भाषा में बात नहीं करते, क्योंकि ईरान आत्मसमर्पण करने वाला देश नहीं है। अमेरिकियों को पता होना चाहिए कि अमेरिका की किसी भी सैन्य भागीदारी से उसे निस्संदेह अपूरणीय क्षति होगी।

जिनेवा में ईरान के राजदूत अली बहरीनी ने कहा कि उनका देश इजराइल की आक्रामकता का कड़ा जवाब देगा, अगर अमेरिकी सेना इजराइल का साथ देती है तो वह अमेरिका के खिलाफ भी ऐसा ही करेगा। उन्होंने कहा कि देश शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम का संवर्धन जारी रखेगा। बहरीनी ने स्पष्ट रूप से ट्रंप की इस मांग को खारिज कर दिया कि ईरान अपने विवादित परमाणु कार्यक्रम को छोड़ दे। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाघई ने अल जजीरा इंग्लिश समाचार चैनल को दिए एक साक्षात्कार में कहा, अमेरिका का कोई भी पूर्ण युद्ध का कारण होगा। उन्होंने विस्तृत जानकारी नहीं दी, लेकिन माना जा रहा है कि पड़ोसी देशों में तैनात हजारों अमेरिकी सैनिकों को ईरान के हथियारों का निशाना बनाया जा सकता है।



इजराइल के तेल अवीव के पास रामत गण में ईरानी मिसाइल हमलों के डर से तमाम लोगों ने भूमिगत मेट्रो स्टेशन में शरण ली है।

### तेहरान पर हमले तेज, अब तक करीब 600 की मौत

इस बीच इजराइल के लड़ाकू विमानों ने यूरेनियम 'सेंट्रीफ्यूज' और मिसाइलों के कल-पुर्जे बनाने वाले केंद्रों को निशाना बनाते हुए मंगलवार देर रात ईरान की राजधानी तेहरान पर बमबारी की। इजराइली सेना ने कहा है कि उसने पश्चिमी ईरान के केरमानशाह क्षेत्र में एक अड्डे पर ईरान के पांच एएच-1 हेलीकॉप्टर को नष्ट कर दिया है। इजराइल ने बमबारी का एक वीडियो भी प्रसारित किया। ईरान ने अभी इस दावे पर कोई टिप्पणी नहीं की है। इजराइली सेना ने कहा कि उसने पश्चिमी ईरान में भी हमले किए, जिसमें मिसाइल भंडारण स्थलों और एक मिसाइल लांचर को नष्ट कर दिया गया।

### ईरान ने दागी 400 मिसाइलें

ईरान ने लगभग 400 मिसाइलें और सैकड़ों ड्रोन दागे हैं, जिनसे इजराइल में 24 लोगों की मौत हो गई और सैकड़ों घायल हुए हैं। मिसाइलों ने मध्य इजराइल में इमारतों को निशाना बनाया, जिससे भारी नुकसान हुआ। अब तक जान गंवाने वालों में 239 की पहचान असैन्य नागरिकों के रूप में और 126 की पहचान सुरक्षा कर्मियों के रूप में हुई है।



तेल अवीव पर ईरानी मिसाइल हमले के दौरान बचाव करती इजराइली वायु रक्षा प्रणाली।

### संघर्ष में हिस्सा लेने पर विचार कर रहे हैं ट्रंप

**वाशिंगटन।** ईरान और उसके परमाणु प्रतिष्ठानों के खिलाफ इजराइली अभियान में अमेरिका की संभावित भागीदारी पर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के करीबी सलाहकारों के बीच पूरी तरह सहमति नहीं बन पाई है। सीबीएस न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार ईरान के परमाणु ढांचे, विशेष रूप से फोर्डो में भूमिगत यूरेनियम संवर्धन स्थल पर हमला करने संबंधी अभियान पर ट्रंप गंभीरता से विचार कर रहे हैं।

### रूस, यूएई का तत्काल संघर्ष खत्म करने का आह्वान

**मॉस्को।** रूस और संयुक्त अरब अमीरात ने बुधवार को इजराइल और ईरान के बीच संघर्ष को तत्काल समाप्त करने तथा तेहरान के परमाणु मुद्दे को सुलझाने के लिए राजनीतिक एवं कूटनीतिक प्रयासों को तेज करने का आह्वान किया। क्रेमलिन के मुताबिक, राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूएई के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाह्यान के साथ टेलीफोन पर बातचीत में इस मुद्दे पर चर्चा की। क्रेमलिन के मुताबिक पुतिन ने कहा कि रूस इजराइल और ईरान के बीच मध्यस्थता करने को तैयार है।

### ईरान में फंसे लोगों के लिए लद्दाख में नियंत्रण कक्ष

**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के अधिकारियों ने युद्धग्रस्त ईरान में फंसे छात्रों और अन्य लोगों के परिवारों की सहायता के लिए बुधवार को यहां एक नियंत्रण कक्ष स्थापित किए जाने की घोषणा की। एक आधिकारिक आदेश में कहा गया है, जिला प्रशासन ने उपायुक्त कार्यालय में विशेष नियंत्रण कक्ष स्थापित किया है। 24 घंटे संचालित होने वाले नियंत्रण कक्ष से हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

# जी 7: ट्रंप के लौटने के बाद अहम मुद्दों पर नहीं हो सका फैसला

कनैनिस्किस (कनाडा), एजेंसी



● शीर्ष मुद्दों पर चर्चा लेकिन समझौते तक पहुंचने में नाकाम रहे नेता

जी-7 के छह नेताओं ने यूक्रेन में रूस के युद्ध और इजराइल-ईरान संघर्ष पर चर्चा की लेकिन वे इस संबंध में और कई अन्य शीर्ष मुद्दों पर अहम समझौते पर पहुंचने में नाकाम रहे। शिखर सम्मेलन में यह दिखाने की कोशिश की गई कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सम्मेलन से जल्दी विदा लेने के बावजूद विश्व के अमीर देशों के नेता वैश्विक नीति को आकार दे सकते हैं लेकिन वास्तव में ऐसा कोई समझौता नहीं हुआ जो इस बात की पुष्टि करे।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली तथा जापान के उनके समकक्ष मंगलवार को सम्मेलन के अंतिम सत्र में शामिल हुए, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की और नाटो प्रमुख मार्क रुट ने भी शिरकत की। जेलेंस्की ने कहा, हमें सहयोगी देशों के समर्थन की जरूरत है और इसलिए मैं यहां आया हूं। हम शांति समझौतों, बिना शर्त युद्ध विराम के लिए तैयार हैं। मुझे लगता है कि यह बहुत महत्वपूर्ण है लेकिन इसके लिए हमें दबाव बनाने की जरूरत है। सम्मेलन में शामिल हुए बाकी नेताओं ने ऐसी गैर-बाजार नीतियों से निपटने के लिए संयुक्त रूप से प्रयास करने पर सहमति जताई जो महत्वपूर्ण खनिजों तथा वैश्विक पहुंच को खतरे में डाल सकती हैं। उन्होंने नौकरियों और पर्यावरण पर कृत्रिम मेधा (एआई) के नकारात्मक प्रभावों को सीमित करने का भी संकल्प लिया लेकिन साथ ही प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांति की क्षमता को भी अपनाने पर जोर दिया।

### निज्जर मामले पर कार्नी ने की मोदी से बात

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि उन्हें खालिस्तान समर्थक सिख अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि यह मामला कोर्ट में विचाराधीन है। कार्नी से पूछा गया था कि क्या उन्होंने सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कनाडा की धरती पर निज्जर की हत्या के बारे में बात की थी। इस सवाल के जवाब में कार्नी ने कहा, हमने इस बारे में चर्चा की।

## एक नजर

### एक्सियोम मिशनः अब 22 को भेजा जा सकता है दल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र पर पहुंचने के लिए एक्सियोम मिशन चार अब 22 जून को भेजा जा सकता है। डॉ. सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि एक्सियोम स्पेस ने इस मिशन में इस्तेमाल किए जा रहे मॉड्यूल के बिल्कुल ठीक होने, यात्री दल के स्वास्थ्य, मौसम आदि सहित प्रमुख मापदंडों की जांच और आकलन करने के बाद प्रक्षेपण की संभावित तिथि 22 जून रखे जाने का संकेत दिया है। इसरो ने भी इसी तरह की सूचना दी है।

### काठमांडू में सोने के साथ भारतीय महिला गिरफ्तार

**काठमांडू।** काठमांडू के त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से एक भारतीय महिला को गिरफ्तार कर एक किलोग्राम से अधिक अघोषित सोना बरामद कर लिया गया। नेपाल पुलिस ने बताया कि शारजाह से आ रही एअर अरबिया की उड़ान से मंगलवार रात मीना सुरजीत सिंह खेमानी को हवाई अड्डा सुरक्षाकर्मियों ने गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से एक किलोग्राम 59 ग्राम सोना जब्त किया। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा जांच के दौरान उसके सामान से प्लास्टिक में लपेटा हुआ सोना बरामद किया गया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दक्षिणी चीन में आई बाढ़ में हजारों लोग फंसे

**बीजिंग।** दक्षिणी चीन के गुआंगडोंग प्रांत के कस्बों में बाढ़ का पानी भर जाने के बाद बचावकर्मियों ने बुधवार को लोगों को बाहर निकालने और भोजन व पानी मुहैया कराने के लिए रबड़ की नावों का इस्तेमाल किया। सरकारी प्रसारक 'सीसीटीवी' ने बताया कि भारी बारिश के बाद हुआजी काउंटी में करीब 30,000 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। काउंटी की आधी से ज्यादा सड़कें जलमग्न हो गईं और बिजली व इंटरनेट की आपूर्ति बाधित हो गई। सुइजियांग नदी के उफान पर होने से सड़कें नहरों में तब्दील हो गईं।

# विमान दुर्घटनास्थल से 70 तोले सोने के जेवर, कैश इकट्ठा कर पुलिस को सौंपा

अहमदाबाद, एजेंसी

● जोरदार धमाका और आग का गोला उठता देख घटनास्थल पर पहुंचे थे राजेश पटेल

विमान दुर्घटना के बाद बचाव कार्य में लगे लोगों में शामिल राजेश पटेल यहां से शवों और कई घायलों को एम्बुलेंस तक छोड़ने के तुरंत बाद घटनास्थल पर लौटे और सुलगते हुए मलबे से लगभग 70 तोले सोने के आभूषण, 50 हजार रुपये और कुछ अमेरिकी डॉलर इकट्ठे कर पुलिस को सौंप दिए।

दुर्घटनास्थल से 300 मीटर दूर रहने वाले पटेल ने जब जोरदार धमाका सुना और आग का गोला आसमान में उठता देखा तो वे शहर के शाहीबाग क्षेत्र में अपने रिश्तेदार द्वारा संचालित निजी अस्पताल की एक एंबुलेंस में सवार हो गए। पटेल ने बताया, बीजे मेडिकल कॉलेज के छात्रावास परिसर में विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी मिलने पर मैं अधिक से अधिक लोगों को बचाने की उम्मीद में वहां पहुंचा। हालांकि, हम पहले 15 से 20 मिनट तक घटनास्थल के करीब नहीं पहुंच सके। आग पर काबू पाने के बाद बचाव कार्य शुरू किया।

पटेल और अन्य स्वयंसेवकों के पास कोई स्ट्रेचर नहीं था, उन्होंने शवों और घायलों को एंबुलेंस तक ले जाने के लिए पुरानी साड़ियों, चादरों और बोरों का इस्तेमाल किया। अभियान पूरा होने के बाद पटेल ने विमान में सवार लोगों के सामान को बचाने का काम शुरू कर दिया। पटेल ने बताया, जले और बिखरे पड़े 10 से 15 हैंडबैग से हमने 70 तोले सोने के आभूषण, 8-10 चांदी के सामान, कुछ पासपोर्ट, भगवद्गीता की एक प्रति, 50 हजार रुपये नकद और 20 डॉलर बरामद किए। हमने उन्हें अभियान की निगरानी कर रहे एक पुलिस अधिकारी को सौंप दिया।

# तमिलनाडु सरकार को एडीजीपी के निलंबन पर सुप्रीम फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अपहरण के एक मामले में कथित संलिप्तता को लेकर तमिलनाडु के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एच एम जयराम को निलंबित करने पर राज्य सरकार को बुधवार को फटकार लगाई।

न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति मनमोहन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने जयराम को गिरफ्तार करने के हाईकोर्ट के निर्देश की भी आलोचना की और कहा, ऐसे आदेश चौंकाने वाले हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने उच्च न्यायालय के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। पीठ ने तमिलनाडु सरकार से सवाल किया कि क्या जांच में पहले ही शामिल हो चुके वरिष्ठ अधिकारी को निलंबित करना जरूरी था। याचिकाकर्ता के वकील ने अदालत को बताया कि जयराम को 16 जून को गिरफ्तार किया गया था लेकिन शीर्ष अदालत का दरवाजा खटखटाने के बाद अगले दिन शाम करीब पांच बजे उन्हें रिहा किया गया। रिहा करने के बावजूद पुलिस अधिकारी को निलंबित रखा गया और कहा गया कि हाईकोर्ट ने उनके खिलाफ निर्देश पारित किया है।

# पाकिस्तानी सेना प्रमुख मुनीर के साथ लंच करेंगे ट्रंप

वाशिंगटन, एजेंसी

● इस्लामाबाद में बताया जा रहा है पाकिस्तान की कूटनीतिक जीत

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को व्हाइट हाउस में पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर के साथ दोपहर का भोजन करेंगे। इस संबंध में व्हाइट हाउस की ओर से सूचना जारी की गई है।

सूचना के मुताबिक, राष्ट्रपति ट्रंप पाकिस्तान के सेना प्रमुख के साथ दोपहर का भोजन करेंगे। व्हाइट हाउस के कैबिनेट रूम में स्थानीय समयानुसार दोपहर एक बजे भोजन का कार्यक्रम है। ट्रंप, इजराइल-ईरान संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बीच जी7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा के कनैनिस्किस की अपनी यात्रा को बीच में ही छोड़कर मंगलवार सुबह वाशिंगटन लौट आए थे।

डॉन अखबार की खबर के अनुसार, इस्लामाबाद में अधिकारी मुनीर को व्हाइट हाउस का निमंत्रण मिलने को एक बड़ी कूटनीतिक जीत के रूप में पेश कर रहे हैं। फील्ड मार्शल मुनीर ने अमेरिकी यात्रा के दौरान भारत से क्षेत्रीय आधिपत्य थोपने का प्रयास करने के बजाये पाकिस्तान के साथ 'एक सभ्य राष्ट्र की तरह' व्यवहार करने का आग्रह किया। मुनीर को पिछले महीने पाकिस्तान सरकार ने फील्ड मार्शल रैंक पर पदोन्नत किया था।

# ईडी ने कुर्क किया 44 करोड़ का मकान

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि नोएडा स्थित एक रियल्टी कंपनी और इसके प्रवर्तकों के खिलाफ जांच के तहत दिल्ली में 44 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की एक आवासीय संपत्ति कुर्क की गई है।

मामला गृह क्रेताओं के साथ धोखाधड़ी करने से संबंधित है। यह मामला भसीन इन्फोटेक एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर और इसके निदेशक सतिंदर सिंह भसीन से संबंधित है। धनशोधन का यह मामला नोएडा पुलिस द्वारा 2015 में बीआईआईपीएल, ग्रैंड वेनिस समूह की संस्थाओं, भसीन, क्विंसी भसीन और अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी, जालसाजी और आपराधिक साजिश के आरोपों में दर्ज की गई कई प्राथमिकी से जुड़ा है।

# सुशील शुक्ल को बाल साहित्य पार्वती तिर्की को युवा पुरस्कार

नई दिल्ली, एजेंसी

● साहित्य अकादमी ने की 2025 के पुरस्कारों की घोषणा

साहित्य अकादमी ने साल 2025 के लिए हिंदी में सुशील शुक्ल को बाल साहित्य पुरस्कार तथा पार्वती तिर्की को युवा पुरस्कार देने की बुधवार को घोषणा की। सभी 24 भाषाओं में बाल साहित्य पुरस्कार और 23 भाषाओं में युवा पुरस्कार देने के लिए रचनाकारों का चयन किया गया है।

अकादमी के सचिव के. श्रीनिवास राव ने बताया कि अध्यक्ष माधव कौशिक की अध्यक्षता में अकादमी के कार्यकारी मंडल ने युवा पुरस्कार 2025 एवं बाल साहित्य पुरस्कार 2025 की घोषणा की। बैठक में 23 युवा लेखकों की पुस्तकों एवं 24 बाल साहित्यकारों के लिए 2025 के पुरस्कार अनुमोदित किए गए। उन्होंने बताया कि इन पुस्तकों को त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल ने पुरस्कार के लिए चुना है। हिंदी में शुक्ल को कहानी 'एक बटे बारह' के लिए बाल साहित्य पुरस्कार देने का फैसला किया गया है। अंग्रेजी में नितिन कुशलप्पा एमपी को 'दक्षिण, साउथ इंडियन मिथ्स एंड फैब्लस रीटोल्ड' (कहानी), उर्दू में गज़नफर इकबाल को 'कौमी सितारे' (लेख) व मैथिली में मुन्नी कामत को 'चुक्का' (कहानी) के लिए बाल साहित्य पुरस्कार दिया जाएगा। बांग्ला में त्रिदिब चट्टोपाध्याय को 'एखोनो गाये कांटा देय' (कहानी), गुजराती में कीर्तिदा ब्रह्मभट्ट को 'टिंचक' (कविता), मराठी में सुरेश सावंत को 'आभालमाया' (कविता) और पंजाबी में पाली खादिम (अमृत पाल सिंह) को 'जादू पत्ता' (उपन्यास) के लिए बाल साहित्य पुरस्कार दिया गया है।

## बड़ी उपलब्धि

### समाज की प्रगति में स्कूलों के व्यापक योगदान को मान्यता देने के लिए ब्रिटेन में आयोजित होता है पुरस्कार समारोह

# देश के 4 स्कूल विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूलों की टॉप टेन सूची में

## हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश का है एक-एक स्कूल

लंदन, एजेंसी

भारत में हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के चार स्कूलों को बुधवार को विश्व के सर्वश्रेष्ठ स्कूल पुरस्कारों के लिए विभिन्न श्रेणियों में शीर्ष 10 की सूची में नामित किया गया। यह पुरस्कार समारोह समाज की प्रगति में स्कूलों के व्यापक योगदान को मान्यता प्रदान करने के लिए ब्रिटेन में आयोजित किया जाता है। इन स्कूलों में हरियाणा, महाराष्ट्र, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश के स्कूल शामिल हैं।

विभिन्न श्रेणियों के विश्वव्यापी विजेताओं की घोषणा अक्टूबर में की जाएगी। इनमें शामिल हरियाणा के फरीदाबाद स्थित राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय-एनआईटी 5 को पोषण कार्यक्रमों, शारीरिक कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य सहायता को शिक्षा के साथ जोड़कर जोखिम के दायरे में रहने वाली लड़कियों के जीवन को बदलने के लिए चुना गया है। यह विद्यालय स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देने के लिए विश्व के सर्वश्रेष्ठ विद्यालय पुरस्कार के लिए 10 अंतिम प्रतिभागियों की सूची में है। पुणे के निकट खेड़ तालुका में स्थित जेडपी स्कूल, जालिंदर नगर को विषय मित्र प्रणाली के माध्यम से गुणवत्तापूर्ण छात्र-नेतृत्व वाली शिक्षा प्रदान करके सार्वजनिक-स्कूली शिक्षा में क्रांतिकारी बदलाव लाने के लिए मान्यता दी गई है। विषय मित्र प्रणाली एक सहकर्मी-शिक्षण मॉडल है, जहां विभिन्न आयु के छात्र एक-दूसरे को पढ़ाते और सीखते हैं।

एक्या स्कूल, जे पी नगर, बेंगलुरु में एक स्वतंत्र किंडरगार्टन, प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय है, जो मानव-केंद्रित डिजाइन प्रक्रियाओं और कौशल विकास को एकीकृत करने वाले 'डिजाइन थिंकिंग' पाठ्यक्रम के माध्यम से छात्रों को नवीन विचारक और सक्रिय समस्या समाधानकर्ता बनने के लिए सशक्त बना रहा है। दिल्ली पब्लिक स्कूल, वाराणसी को जलवायु कार्रवाई के लिए विश्व के सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार के वास्ते शीर्ष 10 की सूची में स्थान मिला है।




फरीदाबाद का आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय।

### बदलाव लाने वाले स्कूल चुने जाते हैं पुरस्कार के लिए

विश्व के सर्वश्रेष्ठ पांच स्कूल पुरस्कारों की शुरुआत सामुदायिक सहयोग, पर्यावरणीय कार्रवाई, नवाचार, प्रतिकूल परिस्थितियों पर काबू पाने और स्वस्थ जीवन को समर्थन देने के लिए ब्रिटेन आधारित 'टी4 एजुकेशन' द्वारा कोविड-19 के मद्देनजर उन स्कूलों को एक मंच देने के लिए की गई थी जो अपनी कक्षाओं और उससे पूरे जीवन को बदल रहे हैं। टी4 एजुकेशन' और 'वर्ल्ड बेस्ट स्कूल प्राइजेज' के संस्थापक विकास पोटा के मुताबिक एआई द्वारा उलटी जा रही दुनिया में प्रौद्योगिकी हमारे सीखने के तरीके को नया आकार दे रही है और सदियों से चली आ रही नौकरियों को अप्रचलित बना रही है।